


सूर्योदय प्रातः 6:16 सूर्यास्त संध्या 5:02 पखवाड़ा मार्गशीर्ष शु. चतुर्थी, संवत 2081 तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 13°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, गुरुवार, 05 दिसम्बर 2024, वर्ष : 15, अंक : 290, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter




**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,956.33 | 110.58 (0.14%) |
| निफ्टी | 24,467.45 | 10.30 (0.04%) |

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 76,760.00 |
| चांदी | 100.00 |

## मुख्यमंत्री की पहल पर स्वदेश लौटेंगे झारखण्ड के 50 कामगार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड के कामगारों और श्रमिकों के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पहल पर एक बार फिर विदेश में फंसे 50 झारखण्डी कामगारों को वापस उनके घर और गांव लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। आगामी 11 से 18 दिसम्बर तक सभी कामगार झारखण्ड लौट आयेंगे। इसके लिए जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है।

**चुनाव ने किया प्रभावित नहीं, तो कामगार अबतक अपने घर में होते**

झारखण्डी कामगारों के मलेशिया की लीडमास्टर इंजीनियरिंग एंड कंस्ट्रक्शन कम्पनी में कार्यरत 70 कामगारों के फंसे होने की शिकायत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को 24 सितम्बर 2024 को प्राप्त हुई। बताया गया कि कामगारों का चार महीने से वेतन लंबित है उन्हें भोजन की अनुपलब्धता और वतन वापसी की समस्याएं सामने आ रहीं हैं। मामले की जानकारी जब तक मुख्यमंत्री को हुई, तब तक चुनाव हेतु आचार संहिता लागू हो गयी। इसके बाद इनकी वापसी की प्रक्रिया धीमी हो गयी थी, लेकिन चुनाव समाप्त होने और नयी सरकार गठन के बाद अब कामगारों की स्वदेश वापसी का रास्ता साफ हो गया है। 70 कामगारों में से 50 कामगार झारखण्ड के हैं एवं अन्य दूसरे प्रदेशों के रहनेवाले हैं।

इसे लेकर कामगारों ने मलेशिया पुलिस से शिकायत दर्ज भी की। बाद में कामगारों ने इस मामले से सम्बन्धित आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन श्रम विभाग को भेजा।

● शेष पृष्ठ 11 पर

**11 दिसम्बर से कामगारों को मलेशिया से वापस लाने की प्रक्रिया होगी शुरू**



### बकाया आठ महीने का वेतन मिला

**जानकारी** के अनुसार, सभी कामगारों का अनुबंध के तहत 1,700 मलेशियन रिंगिट (मुद्रा/रुपया) का वेतन तय था, परन्तु उन्हें 1,500 रिंगिट ही दिये जा रहे थे, जिसमें भी कटौती हो रही थी। भोजन की सुविधा नहीं दी गयी और धमकियां भी मिल रहीं थीं।

## एक झलक

### भूटान नरेश आज से दो दिवसीय यात्रा पर आयेंगे भारत

**नयी दिल्ली :** भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक पत्नी जेत्सुन पेमा वांगचुक और भूटान की शाही सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 5-6 दिसंबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत और भूटान के बीच मित्रता और सहयोग के अनूठे संबंध हैं, जिनकी विशेषता आपसी समझ और विश्वास पर आधारित है। यात्रा के दौरान भूटान नरेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और वरिष्ठ अधिकारी भूटान नरेश से मुलाकात करेंगे।

### आतंकवादियों ने सेना की चौकी पर फेंके दो ग्रेनेड

**पुंछ :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में बुधवार सुबह आतंकवादियों ने सेना की एक चौकी पर दो ग्रेनेड फेंके, जिसमें से केवल एक ग्रेनेड फटा। हालांकि, इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की धर-पकड़ के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। सेना के अनुसार सुरनकोट इलाके में सेना के एक शिविर के पीछे एक सेना की चौकी पर आतंकवादियों ने आज दो ग्रेनेड फेंके। उनमें से एक में विस्फोट हो गया जबकि दूसरे में नहीं हुआ। इसके बाद चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने दूसरे ग्रेनेड को खोजा और विशेषज्ञों ने उसे निष्क्रिय कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट हुए ग्रेनेड का सेफ्टी पिन सेना के शिविर की परिधि की दीवार के पास मिला। उन्होंने बताया कि हमले के बाद भागे आतंकवादियों का पता लगाने के लिए सेना और पुलिस ने इलाके में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया है।

### महाराष्ट्र-तेलंगाना के कई क्षेत्रों में 5.3 तीव्रता का भूकंप

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर, गढ़चिरौली एवं चंद्रपुर और तेलंगाना के मुलुगु जिले में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गयी। भूकंप से जानमाल के नुकसान की अब तक कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के मुताबिक बुधवार सुबह 7:27 बजे तेलंगाना के मुलुगु जिले में 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। इस भूकंप का केंद्र मुलुगु इलाके में जमीन से 40 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के झटके पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र के नागपुर, गढ़चिरौली और चंद्रपुर जिले में भी महसूस किए गए। गढ़चिरौली में सुबह 7:29 बजे हल्के झटके महसूस किए गए। इसके चलते घर में टीवी, फ्रिज और अन्य सामान हिल गए, खिड़कियां भी खड़खड़ाने लगीं।

## अंदर के पन्नों पर


3 उपायुक्त ने सम्बन्धित सभी पदाधिकारियों से...

5 हिन्दू संगठनों ने बांग्लादेश के खिलाफ की नारेबाजी...

7 अवैध खनन करनेवालों पर प्राथमिकी दर्ज कर भेजें...

9 बिहार में नीतीश केवल मुखौटा मात्र : तेजस्वी...

10 बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को 101 रन से हराया...


## राज्य सभा में गूंजा जल संरक्षण और जलवायु परिवर्तन का मुद्दा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में बुधवार को शून्य काल में जल संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, नशे की लत सहित कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि शीतकालीन सत्र में उच्च सदन में आज नियम 267 के तहत पांच नोटिस मिले हैं। इनमें किसानों के एमएसपी को लेकर कोई नोटिस नहीं है, इसलिए इस मुद्दे को नहीं लिया जा सकता। इस मुद्दे पर विपक्ष के नेताओं ने शोर मचाना शुरू किया। इस पर सभापति ने कहा कि कांग्रेस किसानों के मुद्दे को लेकर घड़ियाली आंसू बहाती है।

शून्यकाल में बहस के दौरान भाजपा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन से कई गम्भीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। विशेष रूप से जल संकट मंड़राने लगा है। हमारे देश में पीने योग्य पानी का केवल चार प्रतिशत उपलब्ध है, जबकि विश्व की 70 प्रतिशत आबादी भारत की है। जाहिर है, सीमित संसाधनों में आपूर्ति का दवाब है। पीने योग्य जल तेजी से घट रहा है। उन्होंने जल संरक्षण के लिए सुझाव देते हुए कहा कि अब आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है। वृक्षारोपण के साथ जल संरक्षण के लिए वाटर हार्वेस्टिंग उपाय करने की जरूरत है। भाजपा सदस्य डॉ. लक्ष्मण ने सदन में शून्यकाल के दौरान 'सभापति की अनुमति से उठाये गये मुद्दे' के अंतर्गत सभी नागरिकों के लिए स्वच्छ जल तक सुरक्षित और विश्वसनीय पहुंच सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपाय करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश में करोड़ों लोग पेयजल की आपूर्ति से दूर हैं। इससे उनके स्वास्थ्य को भी खतरा पैदा हो गया है।

● शेष पृष्ठ 11 पर




### बॉयलर (संशोधन) विधेयक, 2024 हुआ पारित

सौ साल पुराने मूल कानून की जगह लेने और व्यापार में सुगमता के लिए बॉयलर (संशोधन) विधेयक, 2024 को राज्यसभा ने बुधवार को पारित कर दिया। इसमें बॉयलर के अन्दर काम करनेवाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। इस विधेयक के पास होने से सरकार केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड का गठन कर सकेगी। केन्द्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बॉयलर (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि 1923 के अधिनियम में संशोधन के लिए यह बिल लाया गया है। इससे सरकार केन्द्रीय बॉयलर बोर्ड का गठन कर सकेगी। पीयूष गोयल ने कहा कि ये बॉयलर्स विधेयक एक प्रकार से देश को सुरक्षित बनाता है। पीयूष गोयल ने कहा कि इस विधेयक में बॉयलर के अन्दर काम करनेवाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। विधेयक में बॉयलर की मरम्मत का काम योग्य और सक्षम व्यक्तियों द्वारा करने का प्रावधान है। ये विधेयक बॉयलर अधिनियम, 1923 की जगह लेगा। उन्होंने कहा कि अनुमान है कि देश में 40 लाख से ज्यादा बॉयलर्स हैं, जिन्हें इससे फायदा होगा।

उन्होंने सदन को बताया कि सरकार का मकसद कामगारों को सुरक्षा मिले, जवाबदेही तय हो, जनता और उद्योग जगत पर विश्वास हो।

● शेष पृष्ठ 11 पर

## रेलवे (संशोधन) विधेयक लोकसभा में पेश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया। विधेयक 1905 के रेलवे बोर्ड अधिनियम और 1989 के रेलवे विधेयक को एकीकृत करेगा। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को विधेयक को लोकसभा में चर्चा के लिए पेश किया। उन्होंने कहा कि रेलवे बोर्ड और रेलवे से जुड़े विधेयक को एकीकृत करने से रेलवे का विकास और कार्यदक्षता बढ़ेगी। वैष्णव ने कहा कि पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने रेलवे के बजट में कई गुना का इजाफा किया है।

भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम, 1905 के तहत केन्द्र सरकार रेलवे के सम्बन्ध में अपनी शक्तियों और कार्यों को रेलवे बोर्ड में निवेश कर सकती है। विधेयक 1905 अधिनियम

● शेष पृष्ठ 11 पर




### भारतीय रेलवे प्रत्येक टिकट पर 46% छूट प्रदान करता है : अश्विनी वैष्णव

**रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेलवे प्रत्येक टिकट पर 46 प्रतिशत छूट प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे प्रतिवर्ष सभी श्रेणी के यात्रियों को कुल 56,993 करोड़ रुपये की सब्सिडी देता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में प्रश्नकाल

● शेष पृष्ठ 11 पर

### लोकसभा में नहीं हुआ भोजनावकाश

**लोकसभा** में पिछले कुछ दिनों के व्यवधान को पूरा करने के लिए आज 01 से 02 बजे तक होने वाला भोजनावकाश नहीं हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सूचित किया था कि पिछले कुछ समय से सदन के समय के नुकसान को

● शेष पृष्ठ 11 पर

### 117 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी मामले में छापेमारी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 117 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी के मामले में बुधवार को दिल्ली और आसपास के 10 स्थानों पर छापेमारी की। अपराधी म्यूल बैंक अकाउंट के माध्यम से पीड़ितों से हासिल पैसे की दुबई और यूएई में निकासी करते थे। सीबीआई ने बताया कि आज एक अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी मामले में जारी जांच के तहत कार्रवाई की गयी है। मामले में अपराधी डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे वेबसाइट व्हाट्सएप और टेलीग्राम का उपयोग कर भारतीय लोगों को निशाना बना रहे थे। यह लोगों से पार्ट टाइम

● शेष पृष्ठ 11 पर

## हेमन्त सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार आज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार 05 दिसंबर को रांची स्थित राजभवन के बिरसा मंडप में होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार नये मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे।

इस मंत्रिमंडल विस्तार में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलायी जायेगी। इसके अलावा राज्यपाल प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी को भी शपथ दिलायेंगे, जो विधानसभा सत्र से पहले नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायेंगे। झारखंड विधानसभा में स्टीफन मरांडी सबसे वरिष्ठ विधायक हैं। वह पहली बार 1980 में विधायक चुने गये थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के

● शेष पृष्ठ 11 पर

## उपायुक्त नैंसी सहाय ने मुखिया व उनके पति के विरुद्ध जांच के दिये निर्देश



- मुखिया, तत्कालीन पंचायत सचिवों एवं अन्य कर्मियों/वेंडरों पर कुल 27,87,811.68 रु/ गबन का है आरोप
- मनमाने ढंग से कार्य करने एवं सरकारी दस्तावेजों में गलत तरीके से हस्ताक्षर करने का भी है आरोप

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड की पंचायत अलपिटो की मुखिया सुमिता देवी तथा मुखिया पति धनेश्वर यादव के विरुद्ध मनमाने ढंग से कार्य करने एवं सरकारी दस्तावेजों में गलत तरीके से हस्ताक्षर किये जाने सम्बन्धी मामले में जांच होगी। उपायुक्त नैंसी सहाय ने मुखिया व उनके पति के विरुद्ध जांच के निर्देश दिये हैं। जिला पंचायत राज

● शेष पृष्ठ 11 पर

### प्रियंका ने की गृह मंत्री से मुलाकात वायनाड के लिए मांगी मदद

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव एवं वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी और केरल के सांसदों ने बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र में हुए भूस्खलन के बाद की स्थिति से अवगत कराया। इन सांसदों ने क्षेत्र के लोगों के लिए केन्द्र सरकार से सहयोग की अपील की। संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में प्रियंका ने कहा कि हमने गृह मंत्री से मिल कर उन्हें वायनाड के हालात से अवगत कराया। वहां के लोगों के जीवन पर लैंड स्लाइड का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा है।

## महाराष्ट्र में नयी सरकार का गठन आज

### मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे देवेन्द्र फडणवीस

**एजेंसी**

**मुंबई :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक दल के नेता देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिल कर महाराष्ट्र में नयक सरकार बनाने का दावा किया है। इसके बाद राज्यपाल ने गुरुवार को शाम साढ़े पांच बजे नयी सरकार की शपथ विधि को मंजूरी दे दी। इस मौके पर शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत पवार समूह के अध्यक्ष अजीत पवार, केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल उपस्थित थे।



इससे पूर्व भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक बुधवार को विधानभवन में आयोजित की गयी थी। इस बैठक में देवेन्द्र फडणवीस को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद

● शेष पृष्ठ 11 पर

## संभल जाने के लिए निकले राहुल गांधी को पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर पर रोका

**एजेंसी**

**लखनऊ :** संभल जाने के लिए निकले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर पर ही रोक दिया है। उनके साथ प्रियंका गांधी वाड्रा और कई अन्य कांग्रेस नेता भी हैं। सुबह से ही यहां भारी पुलिस बल तैनात है। कांग्रेस नेता काफी देर तक सड़क पर ही संभल जाने के लिए रुके रहे। इस बीच पुलिस अधिकारियों से कांग्रेस नेताओं ने बात भी की, लेकिन कोई बात नहीं बनी।

प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ निकले राहुल गांधी ने पुलिस से कहा कि मैं आपकी गाड़ी में अकेले जाने को तैयार हूं, लेकिन मुझे संभल जाने दिया जाये। राहुल गांधी ने डीजीपी से भी बातचीत की है। इसके बावजूद डीजीपी ने उन्हें जाने से मना कर दिया। उनका काफिला गाजीपुर बॉर्डर पर ही रुका रहा। राहुल गांधी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, इमरान मसूद, उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय आदि बड़े नेता मौजूद थे। कांग्रेस की ओर से पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने देने का प्लान दिया गया। इस प्रतिनिधिमंडल में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, अविनाश पांडेय और अजय राय के जाने की बात कही गयी। पुलिस प्रशासन की ओर से इस पर भी मंजूरी नहीं मिली। इसके बाद राहुल गांधी की ओर

● शेष पृष्ठ 11 पर



### यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य बोले

- सपा और कांग्रेस संभल पर राजनीति करना चाहती हैं

### बॉर्डर पर रोके जाने के बाद राहुल दिल्ली लौटे

**उत्तर प्रदेश** के हिंसा प्रभावित संभल जाते समय बुधवार को गाजीपुर बॉर्डर पर रोके जाने के बाद राहुल गांधी दिल्ली लौट आये। उनके साथ सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल भी था। राहुल गांधी ने कहा कि वह पुलिस के साथ अकेले संभल जाने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें इसकी अनुमति नहीं दी जा रही है, जो असंवैधानिक है। लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर यह उनका संवैधानिक अधिकार है। इसकी अनुमति मिलनी चाहिए थी। हालांकि राहुल गांधी को रोकने के क्रम में पुलिस ने जो बंदोबस्त किये थे, उसके कारण सड़क पर वाहनों का काफी लम्बा जाम लग गया और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला प्रशासन और पुलिस ने प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने से रोकने के लिए पहले ही सीमा पर नाकाबंदी कर दी थी, क्योंकि वहां पर बाहरी लोगों के जाने पर रोक लागू है।

### नेता प्रतिपक्ष का काफिला रोकने के विरोध में विपक्ष ने किया लोकसभा से बहिर्गमन

**नेता** विपक्ष राहुल गांधी का काफिला गाजीपुर बॉर्डर पर रोके जाने के विरोध में बुधवार को विपक्षी सदस्यों ने कांग्रेस के नेतृत्व में लोकसभा से बहिर्गमन किया। कांग्रेस सदस्य मोहम्मद जावेद ने शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने दिल्ली-गाजियाबाद सीमा पर राहुल गांधी को रोके जाने के घटनाक्रम पर कहा कि उनके नेता पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति जताने के लिए जा रहे थे।

### राहुल गांधी की सम्भल यात्रा महज दिखावा : भाजपा

**भाजपा** के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सम्भल दौरे को महज दिखावा बताया। उनके मुताबिक राहुल गांधी राजनीतिक विवशताओं के कारण ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने सपा नेता रामगोपाल यादव के बयान का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस औपचारिकता नहीं, बल्कि विवशता निभा रही है।

## एक झलक

### 9वीं सब जूनियर झारखंड राज्य नेट बॉल प्रतियोगिता 07 दिसम्बर से

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में झारखंड नेटबॉल संघ के तत्वाधान में तीन दिवसीय 9वीं सब जूनियर झारखंड राज्य नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 7 दिसंबर से आरंभ होगी। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के सभी जिलों के बालक व बालिका नेटबॉल खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बेड़ो के खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पिछले वर्ष की प्रतियोगिता में बेड़ो के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया था। शशि गोप ने बताया कि बेड़ो में खेल का अच्छा माहौल है, खिलाड़ी बेहतर कर रहे हैं। चयनित खिलाड़ियों को आगे खेलने का अवसर प्राप्त होगा।

### आज से ग्राम पंचायतों में ही जमा होंगे पेंशन के आवेदन

**बेड़ो :** राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न पेंशनों के आवेदन गुरुवार से प्रखंड के सभी पंचयात भवन में मईया सम्मान योजना, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन जन्म,मृत्यु, जॉब कार्ड, राशनकार्ड आदि का आवेदन पंचायत भवनों में लिए जाएंगे। इसके लिए प्रखंड के पंचायत में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक व जनसेवक मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी जेई सद्दाम अंसारी ने दी।

### उप प्रमुख व मुखिया ने बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण



**लापुंग :** लापुंग प्रखंड उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा ने बोकरंदा पंचायत के गाड़ी व पबिरा बरईडीह के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरन किया । मौके पर उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा ने कहा कि ठंड से बचाव के लिए सरकार द्वारा बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराना एक अच्छा पहल है । वहीं कहा कि जो आंगनबाड़ी केंद्र अभी तक बच्चों को स्वेटर नहीं बांटा हैं जल्द वितरण करें। इस मौके पर बच्चे भी स्वेटर पाकर खुश नजर आए। वहीं दूसरी ओर ककरिया पंचायत की मुखिया बिरसमनी देवी ने आंगनबाड़ी केंद्र ककरिया के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया।

### सांसद काली चरण मुंडा ने सीनी रेलवे वर्क शॉप की बदहाली का मुद्दा उठाया

**खूंटी :** खूंटी लोकसभा के सांसद काली चरण मुंडा ने लोकसभा में रेल संशोधन विधेयक 2024 में हिस्सा लेते हुए झारखंड में रेल से संबंधित मामलों को उठाया। सांसद काली चरण मुंडा ने कहा कि मुझे उस संशोधन विधेयक में वैसा कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा है, जो चक्रधरपुर रेल मंडल के सीनी रेलवे वर्क शॉप की बदहाल स्थिति को सुधार पाये। देश के आजादी के पूर्व 1923 में स्थापित सीनी वर्क शॉप में एक समय में करीब पांच हजार के आस-पास रेलकर्मी कार्य कर रहे थे। वर्तमान समय में उन कर्मिचारियों की संख्या घट कर कुछ सौ रह गयी है। सीनी रेलवे वर्क शॉप की मशीनें पुरानी हो गयी है और उत्पादन ठप सा हो गया है। क्या रेल मंत्री बता पायेंगे इस विधेयक से सीनी वर्क शॉप की सेहत पर क्या असर हो पायेंगे? कोविड काल में राजखरसावां रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 18427/28 (आनंद बिहार एक्सप्रेस) या 18029/30 कुर्ला शालीमार एक्सप्रेस का ठहराव बंद कर दिया गया है। खूंटी के सांसद काली चरण मुंडा ने कहा कि चक्रधरपुर-टाटा मेमु ट्रेन में लोग भारी भीड़ में सफर करने को मजबूर है। इस ट्रेन की कोच संख्या को सात से बढ़ा कर 12 किये जाने की आवश्यकता है।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बरकाकाना में संचालित होगा एमटीसी केन्द्र पतरातु



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर बुधवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई जिसके उपरांत उपायुक्त ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने एवं प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने तथा प्रसव पूर्व जांच के तहत संतोषजनक कार्य नहीं करने वाली सहियाओं की पहचान करने करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए।संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने एवं संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में आकस्मिक सेवाएं, प्रसव आदि हेतु चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पतरातू प्रखंड में गर्भवती महिलाओं के लिए सिजेरियन ऑपरेशन की सुविधा सुनिश्चित करने को लेकर बैठक के दौरान उपायुक्त ने पतरातू प्रखंड कार्यालय के पुराने भवन का निरीक्षण कर जल्द से जल्द सिजेरियन सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कुपोषित बच्चों के इलाज हेतु उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने वर्तमान में एमटीसी केंद्र के माध्यम से कुपोषित बच्चों के इलाज की केंद्रवार जानकारी ली।

## बरकाकाना में रेलवे यूनियन की मान्यता का चुनाव शुरू



- पहले दिन रेलकर्मियों ने उत्साह के साथ किया मतदान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** बरकाकाना पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर जोन में यूनियन की मान्यता को लेकर तीन दिवसीय चुनाव बुधवार को आरंभ हुआ। बरकाकाना में रेल कर्मियों ने पहले दिन उत्साह के साथ मतदान किय। चुनाव को लेकर यहां दो बूथ बनाए गए। जहां 4, 5 और 6 दिसंबर को मतदान किया जाएगा। 6 दिसंबर को रनिंग स्टाफ मतदान करेंगे। बरकाकाना स्टेशन परिसर में बूथ संख्या 18 में कुल 585 और कैरेज डिपार्टमेंट में बूथ संख्या 17 कुल में 843 रेलकर्मी मतदान करेंगे। चुनाव में छह यूनियनों के बीच रेलकर्मी एक यूनियन की मान्यता के लिए वोट दें रहे हैं। इन छह यूनियन में ईस्ट सेंट्रल रेलवे इंप्लाईज यूनियन, ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन, पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस, पूर्व मध्य रेल मजदूर संघ, स्वतंत्र रेलवे बहुजन कर्मचारी यूनियन शामिल हैं। बताया जाता है कि यह चुनाव पांच वर्षों के लिए होता है। हालांकि तकरीबन 11 वर्षों के बाद चुनाव कराया जा रहा है।

# ठंड व कोहरे के बीच नंगे पांव व बिना स्वेटर स्कूल आ रहे नौनिहाल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार ग्रामीण शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के भले ही बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। सरकार के द्वारा प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों के बच्चों के लिए विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से खाने से लेकर कपड़े, जूता मोजा, स्वेटर, कॉपी, किताबें सभी मुफ्त में उपलब्ध करा रही है। लेकिन इन सभी योजनाओं पर पलीता लगाने का एक भी मौका जिम्मेदार नहीं छोड़ते हैं। मौजूदा शिक्षा सत्र के आठ महीने बीत चुके हैं। लेकिन, अभी भी बड़ी संख्या बच्चों को यूनिफार्म का पैसा नहीं मिला है। जिस वजह से बालक-बालिकाएं बच्चे ठंड में बिना स्टेवटर, जूता-मोजा के स्कूल में ठिठुर रहे हैं। जिससे बच्चों के बीमार होने का खतरा बढ़ गया है। इसका असर बच्चों की उपस्थिति पर पड़ रहा है। सर्दियां शुरू होने के बाद अधिकांश स्कूलों में 50 प्रतिशत से भी ज्यादा बच्चे नहीं पहुंच रहे हैं। राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय बेड़ो में 70 बच्चें नामांकित है। जिसमें मंगलवार को 32 छात्र ही मात्र उपस्थित थे। यहां बच्चों ने यूनिफॉर्म तो पहन रखी है। लेकिन अधिकांश के पास न ही स्वेटर है, और न ही पैरों में जूता, मोजा। यहां एक दो को छोड़ दिजीए तो अधिकांश के पैरों में चप्पल तक नसीब नहीं है। वहीं बच्चों का ठंड से बुरा हाल है। ऐसे में सरकारी स्कूल कक्षा 01 से कक्षा 8 तक के बच्चों को सरकार द्वारा सरकारी स्वेटर सहित अन्य पोशाक मुहैया कराया जाता है। लेकिन पूरे प्रखंड में अब तक सरकारी स्कूलों के बच्चों को स्वेटर उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। बच्चे ठंड से ठिठुरते हुए स्कूल जाने को मजबूर हैं। ऐसे में जिम्मेदार पदाधिकारी बच्चों को उनके हाल पर छोड़ चुके हैं या फिर किसी अनहोनी का इंतजार कर रहे हैं। यह हाल किसी एक स्कूल का नही है, बल्कि पूरे प्रखंड का है। प्रखंड के दर्जनों स्कूल के हजारो बच्चों को सरकारी स्वेटर का इंतजार है। यह हाल तब है जब नवंबर का महीना बीत चुका है और अब दिसंबर की शुरूआत हो चुकी है। वहीं अभिभावकों का कहना है कि ठंड का प्रकोप पड़ते ही स्वेटर का वितरण स्कूलों में कर दिया जाना चाहिये था। परंतु वितरण में सरकारी लापरवाही बरती जा रही है।

# डिजिटल स्मार्ट बनेंगे हमारे बच्चे : दीपक बड़ाईक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में सीसीएल के पहल पर डिजिटल विद्या कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय कृत मध्य विद्यालय ओरमांझी बालक में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह ओरमांझी पंचायत के मुखिया दीपक बड़ाईक व ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुंडा ने संयुक्त रूप स्मार्ट क्लास व आईसीटी लैब का फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पूर्व दोनों अतिथियों को विद्यालय परिवार की ओर से पुष्प वर्षा एवं स्वागत कर कंप्यूटर कक्ष तक लाया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मुखिया मुखिया दीपक बड़ाईक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की आधुनिक युग में कंप्यूटर के ज्ञान अति महत्वपूर्ण है। कंप्यूटर के बिना हम एक कदम आगे नहीं बढ़ सकते है । कंप्यूटर क्लास हो जाने से आप सभी इससे लाभान्वित होंगे। निजी विद्यालय के बच्चे की तरह ही हमारे इस विद्यालय के बच्चे भी तकनीकी शिक्षा प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ नसीम अहमद, ग्राम प्रधान विद्यालय लोहार मुंडा,उप प्राचार्य सविता पन्ना, लैब इंचार्ज उषा लकड़ा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कंचन देवी, स्मार्ट कक्ष प्रभारी अपर्णा मिश्रा, रूपम रानी, कुमारी प्रीति, सरोजिनी कुमारी, प्रेमलता देवी, रीता कुमारी, संकुल साधन सेवी दिलीप कुमार, शीतल देवी, सहित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रजरप्पा (रामगढ़) :** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में जे.सी.ई.आर.टी. के दिशा-निर्देश मे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के राष्ट्रीय मूल्यांकन निकाय की ओर से आज बुधवार को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा षष्ठ के बच्चे सम्मिलित हुए। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 का प्राथमिक उद्देश्य स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 के साथ संरेखित एक नया उच्च गुणवत्ता वाला वैश्विक मूल्यांकन विकसित करना है। यह राष्ट्रीय सर्वेक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में उल्लिखित उद्देश्यों के अनुरूप वर्ग 6 में आधारभूत प्रारंभिक और मध्य चरणों के अंत में छात्रों की दक्षताओं का आकलन करेगा। यह एक राष्ट्रव्यापी स्कूल शिक्षा सर्वेक्षण है, जिसमें परीक्षा के आधार पर छात्रों के शैक्षिक स्तर की जांच की जाएगी। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण को नेशनल अचीवमेंट सर्वे (एनएएस) के नाम से जाना जाता है। सर्वेक्षण को सम्पन्न कराने में विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद फील्ड इन्वेस्टिगेटर महावीर कुमार महतो,डायट सदस्य डॉ रूपम कुमारी, ऑब्जर्वर देवेश कुमार तथा बुंदेला श्रद्धा सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भुरकुंडा पीओ के साथ कोलफील्ड मजदूर यूनियन ने की एजेंडा बैठक

# नवम्बर माह के संडे का अविलंब भुगतान हो : पप्पू सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** सीसीएल भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी के साथ गेस्ट हाउस में कोल फील्ड मजदूर यूनियन ने 34 सूत्री एजेंडा वार्ता की। जिसपर प्रबंधन की ओर से सभी एजेंडा पर सकारात्मक पहल किया गया और यूनियन को आश्वस्त किया गया कि सभी मुद्दों पर जल्द से जल्द पहल करते हुए समस्याओं का समाधान किया जाएग। प्रबंधक की ओर से भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी, बबलू कुमार, अंकुर विश्वनाथ, डीके भंडारी, संदीप लकड़ा, राम कुंजल महतो उपस्थित थे। यूनियन के तरफ से भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ने कहा कि नवंबर माह का वेतन में संडे का वेतन नहीं मिला है इसे अभिलंब भुगतान किया जाए। भुरकुंडा पटेल नगर में पानी का पाइपलाइन बहुत जगह टूट गया है जहां से पाइप लाइन में नाले का पानी मिलकर सप्लाई हो रहा है इसपर अविलंब कार्रवाई किया जाए। भुरकुंडा में सबसे खराब सिविल की व्यवस्था है। वहीं कई काम बहुत दिन से पेंडिंग है। जब कभी सिविल के विषय में बात किया जाता है तो एक ही बात आता है कि फंड की कमी है या फिर फंड नहीं है। जिस कारण मजदूर बहुत ज्यादा आक्रोश है। बैठक में केंद्रीय कार्य समिति सदस्य भुरकुंडा शाखा सचिव पप्पू सिंह ,अशोक कुमार गुप्ता, रमाकांत दुबे, संजय यादव, मनोज कुमार, हरिशंकर पांडेय, रामानुज प्रसाद, रविंद्र शाह, सुरेश, गौरी शंकर, मनोज श्रीवास्तव , गजाधर राम, सरिता देवी, रेखा देवी, शंकर घासी, राजाराम बेदिया, शंकर कुमार सिंह अन्य उपस्थित थे।

## गोला थाना के समीप यातायात पुलिस रामगढ़ ने वाहन जांच का चलाया अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला थाना के समीप यातायात इंस्पेक्टर गजेंद्र पांडेय के नेतृत्व में वाहन जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान दर्जनों दो पहिया व चार पहिया वाहनों की जाँच कर पकड़ा गया। वाहन जाँच के उपरांत चालान काटने के बाद वाहनों को छोड़ दिया गया। थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने पकड़े गए यात्रियों को चालान काटने के बाद छोड़ने के समय चेतावनी देते हुए कहा कि बिना हेलमेट व तीन सवार बाइक चालकों व चार पहिया वाहनों में बिना सीट बेल्ट लगाए चलने वाले चालकों को अब खैर नहीं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा है कि लोग सावधान हो जाएँ बिना हेलमेट लगाए व बिना सीट बेल्ट लगाए सड़क पर वाहन न चलाएँ अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। थाना के समीप कभी भी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पकड़े गए वाहनों से 35 हजार चार सौ रुपए का जुमार्ना वसूला गया। अभियान में यातायात पुलिस के एएसआई शंकर कुमार, उदय कुमार सिंह, हवलदार व सैप के जवान शामिल थे।

# डीएवी स्कूल में बच्चों को दिया गया आर्ट एंड क्रॉफ्ट का ज्ञान

- बच्चों के चहुंमुखी विकास में उनका मनोबल बहुत सहायक होता है : पूनम दूबे



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** प्रखण्ड क्षेत्र स्थित डीएवी स्कूल मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी में बुधवार को तमिलनाडु के एक संस्था की ओर से आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से कक्षा 10 तक के बच्चों ने भाग लिया। मुख्य प्रशिक्षक का स्वागत स्कूल के प्राचार्या पूनम दूबे ने किया। वहीं स्कूल में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें आर्ट एंड क्रॉफ्ट में स्टार बनाना, फूल बनाना, रिंग बनाना, योगा में सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, प्राणायाम का अभ्यास किया गया। लेखन कार्य में बच्चों ने अक्षरों की बनावट के गुर सीखे। वहीं डांस में बच्चों ने भांगड़ा, कथक नृत्य आदि के गुर सीखे। प्राचार्या पूनम दूबे ने कहा कि बच्चों को स्कूल में होने वाली सभी गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए।इससे बच्चों को काफी ज्ञानवर्धक बातें पता चलती है, साथ ही उनके आत्मविश्वास में भी बढ़ोत्तरी होती है। वहीं आपसी सहयोग की भावना भी पैदा होती है। कहा कि बच्चों के चहुमुंखी विकास के लिए बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, चित्रकला, प्रतियोगिता तथा वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। बच्चों के चहुमुखी विकास में उनका मनोबल बढ़ाने में सहायक होता है। मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## ग्रामीण उमेडंडा में टीओपी बनाने की कर रहे मांग

# पुलिस ने उमेडंडा में कैंप लगा कर ग्रामीणों को दिलाया भरोसा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** बुढ़मू थाना क्षेत्र के उमेडंडा में मंगलवार और बुधवार को कर्फ्यू जैसी स्थिति के बाद बेड़ो डीएसपी अशोक कुमार राणा, इंस्पेक्टर शशिभूषण चौधरी, बुढ़मू खलारी के थाना प्रभारी के अथक प्रयास के बाद बुधवार को दोपहर लगभग बारह बजे उमेडंडा में दुकान खुल गई। इस दौरान उमेडंडा के ग्रामीण उमेडंडा में टीओपी बनाने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने उमेडंडा में कैंप लगाकर ग्रामीणों को भरोसा दिलाया और टीओपी बनाने की मांग से वरीय अधिकारियों को अवगत कराया।

**पुलिस कैम्प हटाया गया था**

नब्बे के दशक में बुढ़मू में जब माओवादियों का प्रकोप था उस वक्त उमेडण्डा एवं गेसवे में पुलिस पिकेट हुआ करता था।गेस वे का पिकेट जिले का सशक्त पुलिस पिकेट था जिसे बाद में हटा लिया गया। इसी प्रकार उमेडण्डा में भी पिकेट हुआ करता था जिसे चुनाव के दौरान खाली पिकेट को उग्रवादियों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया था।इसके बाद से उग्रवाद का दंश झेल रहे ग्रामीण लगातार उमेडण्डा में पिकेट की मांग कर रहे हैं।भौगोलिक दृष्टिकोण से उमेडण्डा में पिकेट क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर अनिवार्य है ऐसा ग्रामीणों का कहना है।

दुकानदार द्वारा रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी और अनीश अंसारी उर्फ अविनाश जी को नहीं पहचानना बना बंद का कारण रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी जी ने दूरभाष पर बताया कि सोमवार को हमलोग उमेडंडा में जैकेट खरीदने के लिए गये थे और इस दौरान दुकानदार ने हमें करीब दस मिनट तक खड़ा रखा और उसके बाद भी उसका व्यवहार ग्राहकों के प्रति ठीक नहीं था साथ ही हमलोग के साथ भी उसने सहयोगात्मक व्यवहार नहीं किया। इसके कारण ही हमें उमेडंडा में सभी दुकानों को बंद करवाना पड़ा।

# रस्साकशी बालिका जूनियर व सीनियर में जेकेएसएस की टीम बनी विजेता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में चल रहे जनकल्याण समर्पण संस्थान खेल महोत्सव 2024 के ग्यारहवें दिन बालिका वर्ग सीनियर और जूनियर रस्सा कस्सी खेल में जेकेएसएस की टीम बनी विजेता, सीनियर बालिका वर्ग में एसआरएचपी सिकिदिरी उच्च विद्यालय उपविजेता, जूनियर वर्ग में संत कबीर पब्लिक स्कूल उप विजेता बनी, वाटर पोलो मैच में सरिता ग्रुप विजेता, श्रेया ग्रुप उपविजेता, फुटबॉल ग्रुप के पहले मैच में जूनियर स्टार रांची बनाम केवाईसी नामकोम के बीच खेल गया मैच में पेनाल्टी शूटआउट से निर्णय हुआ जिसमें जूनियर स्टार रांची की टीम ने 5-4 से जीत दर्ज की मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार हरीश बेदिया व तीनों टीम के कप्तान और खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी सर्टिफिकेट एवं नगद पुरस्कार देकर मुख्य अतिथि रामगढ़ के युवा नेता पीयूष चौधरी ने सम्मानित किया। उन्होंने सम्बोधन में कहा कि संस्थान बहुत अच्छा कार्य कर रही है खेल महोत्सव में हमारा हर तरह का सहयोग देने के लिए आश्वस्त करता हूं, इस स्पर्धा में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों और आयोजन समिति को ढेर सारी बहुत देता हूं, फूटबॉल के दूसरे मैच में खूंटी एफसी ने राइजिंग एफसी भुरकुंडा की टीम को पेनाल्टी शूटआउट में पराजित किया मैन ऑफ द दूसरे मैच का पुरुस्कार खूंटी एफसी के अभिषेक हेंब्रम को मुख्य अतिथि पूर्व क्रिकेटर एवं भाजपा नेता वरुण तिवारी विशिष्ठ अतिथि विधायक प्रतिनिधि अजगुत करमाली, विनय साहू ने दिया। अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष कुंती देवी, खेल प्रभारी राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय तैराक पिंकी कुमारी, महासचिव सत्यपाल राउत, सक्रिय सदस्य विजय सिंह, गोविंदा कुमार, ब्रज किशोर प्रसाद, कमलेश पाहन, संदीप कुमार वर्मा, अमरनाथ झा, निखिल सोनी, ओम प्रकाश कुमार, सुरेंद्र लोहार, नागेश्वर महतो, कृष्ण गोपाल भद्र पोप, ब्रजकिशोर प्रसाद, माघु करमाली, प्रदीप कुमार, निर्णायक मंडली के संजय राणा, बिट्टू बाबा, नागेश्वर सिंह, विजय रजवार, विवेक बेदिया, राजेश मुंडा, बबलू मुंडा, प्रदीप कुमार, उमाकांत शुक्ला रोहित कपटदार, राहुल कपटदार आदि मौजूद रहे।

## सदानों व आदिवासियों की एकता को लेकर मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**सभी साथ मिल कर चलें, तो आगे बढ़ना निश्चित है : देवकुमार धान**



**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के नवाटोली मैदान में बुधवार को लतरातु व देवगांव पंचायत के आदिवासियों व सदानों की एकता और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भव्य मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान दोनों पंचायत के 15 गांवों के ग्रामीण शामिल हुए । इस मौके पर पुर्व मंत्री देवकुमार धान व राजकमल गोप समेत आदिवासी व सदान समुदाय के प्रबुद्ध लोगों को माला पहनाकर और एक दूसरे से गले मिलाकर स्वागत किया गया । मौके पर पुर्व मंत्री देवकुमार धान ने कहा कि हमारा क्षेत्र लंबे समय से विकास के मुख्य धारा से कट कर बहुत पीछे चला गया है यहां शिक्षा स्वास्थ्य सड़क समेत मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है । आज का दिन हम लोगों के लिए खास है जब हम लोग इतने सारे लोग मिलकर एक दूसरे के साथ चलने को तैयार हैं। तो निश्चित है कि हमलोग आगे बढ़ेंगे। वहीं राजकमल गोप ने कहा कि सदान आदिवासी का मिलन समारोह आज के बाद से ऐतिहासिक बनने जा रहा है। पहले के समय में सदान आदिवासी भाई-भाई की तरह रहते थे सभी पर त्यौहार साथ मनाते थें। काम धंधा मिलजुल कर करते थे। लेकिन आज हमारे ही समाज के लोगों के द्वारा हमें बांटने का काम किया जा रहा है। लेकिन हमें अब एकजुट होकर कदम से कदम मिलाकर सभी भेदभाव को बुलाकर क्षेत्र का विकास करना है । मौके पर लाल प्रेम नाथ शाहदेव, मुखलाल उरांव, मिरगा भगत, राम सेवक सिंह, नपिंदर सिंह, मनोज उरांव, गंदुर तिर्की, राजधन शेखर सिंह, पाड़हा राजा चंपा उरांव, पंचु हजाम, गंदुर लोहरा, रमेश प्रसाद, सुनील होरो, समेत सैकड़ों लोग लोग मौजूद रहें।

## बनगड्डा में रेलवे लाइन के निकट अज्ञात युवक का शव मिला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के बनगड्डा में बुधवार को रेलवे लाइन के निकट युवक का शव मिला। युवक के चेहरे पर चोर का गंभीर निशान पाया गया। पुलिस ने पंचनामा करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव की शिनाख्त फिलहाल नहीं हो सकी है। मिली जानकारी के अनुसार बनगड्डा में रेलवे लाइन की पोल संख्या 110/12 के निकट बुधवार को झाड़ियों में युवक शव पड़ा हुआ पाया गया। युवक की उम्र तक 35-36 वर्ष के आसपास है। उसने नीले रंग का जैकेट, आसमानी रंग की धारीवाली ब्राउन टी शर्ट, ब्लैक ट्राउजर और आसमानी रंग का अंडरवियर पहना हुआ है। शव देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना भदानीनगर पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को कब्जे में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए है पुलिस जांच में जुट गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला साफ हो सकेगा। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

## एक झलक

### बांग्लादेशी हिन्दू सहित अन्य अल्पसंख्यकों के लिए न्याय की मांग

**रांची** : बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे लगातार अत्याचार के विरोध में सर्व सनातन समाज, रांची ने कल 5 दिसंबर को एक धरना प्रदर्शन/चेतना रैली का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस ज्वलंत मुद्दे को विश्व पटल पर रखना और जघन्य अपराध पर लगाम लगाने में सहयोग करना है।

कार्यक्रम विवरण
- तिथि: 05 दिसंबर 2024
- दिन: गुरुवार
- समय: प्रात: 10:30 बजे
- स्थान: बापू वाटिका, मोराबादी मैदान, रांची

हम सभी सामाजिक, धार्मिक संगठनों, शहरवासियों से अपील करते हैं कि वो बड़ी संख्या में आकर समर्थन दें। यह मुद्दा केवल बांग्लादेश का नहीं, बल्कि वैश्विक समुदाय का है। हमारी एकता और सहयोग से ही हम इस समस्या का समाधान कर सकते हैं। 'हम जागेंगे, तो ही बचेंगे। एक हैं तो सेफ हैं।'

### लोकहित अधिकार पार्टी के प्रधान महासचिव अजहर आलम ने पद से दिया इस्तीफा



**रांची** : लोकहित अधिकार पार्टी के प्रधान महासचिव अजहर आलम ने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी के कार्यकलाप से बिल्कुल संतुष्ट नहीं हूं। क्योंकि, प्रधान महासचिव होने के नाते पार्टी एवं कार्यकर्ताओं व हमारे साथ काम करनेवाले विश्वसनीय नेताओं को पार्टी हित में दी गयी सलाह को भी दरकिनार कर अपने ढंग से पार्टी को चलाया गया। इस कारण कहीं ना कहीं पार्टी को लोकसभा एवं विधानसभा में बहुत अच्छा परिणाम नहीं आया, जिससे मन बहुत आहत एवं दुखी है। लेकिन, फिर भी हमारा प्रयास बेहतर करने का रहा और लगातार अपने शीर्ष नेतृत्व को पार्टी हित में समय-समय पर अवगत कराते रहे। क्योंकि, पार्टी को खून-पसीने से सींचने का काम पूरे झारखंड में किया। लेकिन, उसमें भी निराशा ही हुई, जिस कारण मैं भारी मन से प्रधान महासचिव (लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड) पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे रहा हूं। साथ ही, पार्टी के प्राथमिक सदस्य से भी इस्तीफा दे रहा हूं।

### रांची के लालजी-हिरजी रोड स्थित बिल्डिंग में लगी आग

**रांची** : कोतवाली थाना क्षेत्र के लालजी-हिरजी रोड स्थित बिल्डिंग में बुधवार को आग लग गयी है। मद्रास कैफे के समीप स्थित अन्य दुकान में भी आग लगी है। अगलगी की घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन के चार वाहन मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास कर रही हैं। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट होने के वजह से बिल्डिंग में आग लगी है।

आग लगने की घटना में कितने का नुकसान हुआ है इसका पता आकलन के बाद ही चल पायेगा। फिलहाल अग्निशमन के वाहन आग बुझाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### राज्य में न्यूनतम तापमान गिरने से बढ़ी ठंड

**रांची** : झारखंड में दिन-प्रतिदिन ठंड बढ़ रही है। स्थिति ये है कि अब लोगों को दोपहर में भी ठंड का एहसास हो रहा है। बुधवार को न्यूनतम तापमान में हल्की सी गिरावट देखने को मिलेगी, जिससे अन्य दिनों की अपेक्षा ठंड ज्यादा लगेगी। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, बुधवार के बाद से कई जिलों में न्यूनतम तापमान 3 से 5 डिग्री गिर सकता है। बुधवार को संताल परगना के कई जिलों में न्यूनतम तापमान 10-11 डिग्री के बीच रह सकता है जबकि राजधानी और उसके आस पास के जिलों में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रह सकता है। इस कारण लोगों को अन्य दिनों की मुकाबले अधिक ठंड लगेगी। इस संबंध में रांची मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि चार से सात दिसंबर तक पारा दो से चार डिग्री गिरेगा।

## उपायुक्त ने सम्बन्धित सभी पदाधिकारियों से एजेंडावार समीक्षा करते हुए की बैठक

# यथाशीघ्र संचिका प्रस्तुत करने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा बुधवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में वित्तीय वर्ष- 2023-24 में लैंप्स पेक्स में 500Mt. क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए स्थल चयन, सिद्धों कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ लिमिटेड, रांची के निदेशक पार्षद एवं जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति (सहकारिता), उ्ळउ्ळ की तृतीय, बैठक आयोजित करते हुए सम्बंधित सभी पदाधिकारियों से एजेंडावार समीक्षा करते हुए उन्हें कई आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गये। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सिद्धो कान्हो कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ, लि०. रांची के निदेशक पर्षद के बैठक में कृषक हित में ईमली, चिरौंजी एवं अन्य लधुवनोपज हेतु Integrated proceesing unit के अधिष्ठापन का कार्य संबंधित लघुवनोपज उत्पादन क्षेत्र में ही स्थापित करने का निर्देश सम्बंधित पदाधिकारी को दिया गया। जिसके लिए संबंधित वनोपजों के उत्पादन स्थलों के चिन्हितीकरण हेतु निर्देश दिया गया। उनके द्वारा इन वनोपजों से संबंधित छोटे-छोटे ईकाईयों की स्थापना हेतु निर्देश दिया गया।




उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा समीक्षा करते हुए रांची जिले में 500 एम०टी० के कुल-06 गोदाम निर्माण हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर विमर्श किया गया। जिसमें उनके द्वारा सिल्ली प्रखण्ड में सिल्ली एवं रामपुर, बेडो प्रखण्ड में बेड़ो. काके प्रखण्ड में अरसण्डे एवं पिठोरिया तथा लापुंग प्रखण्ड में मालगो मे 500 एम०टी० गोदाम निर्माण हेतु स्थल के चयन/निर्धारण से संबंधित, संबंधित अंचल के अंचलाधिकारी से प्रतिवेदन प्राप्त कर यथाशीघ्र संचिका प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा District Co-Operative Development Committee की बैठक में समीक्षा करते हुए बहुउद्देशीय लैम्पस / पैक्स/डेयरी / मत्स्यजीवी सहकारी समिति के साथ नई सहकारी समितियों के पंजीकरण, जिला स्तरीय सहकारी बैंक से सम्बद्धता के साथ-साथ सहकारी समितियों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमेलित कर समग्र आर्थिक विकास सुनिश्चित करने का निर्देश उपायुक्त, रांची द्वारा दिया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2024 के अन्तर्गत जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति के बैठक में कुल बुआई क्षेत्र से अधिक क्षेत्र का बीमा से संबंधित आवेदन होने के कारण उपायुक्त, रांची के द्वारा इस संबंध में बैठक में उपस्थित बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ 2024 के लिए नोडल एजेंसी बजाज एलियांज जी०आई०सी० लि०, रांची के क्लस्टर प्रबंधक को एक पक्ष का समय देते हुए इस संबंध में आवश्यक त्रुटि सुधार कर रिपोर्ट समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

## सीएम ने एम. जगन्नाथ राव को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एम. एस. रामचंद्र राव के पिता दिवंगत एम. जगन्नाथ राव (पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश) के श्राद्ध कर्म में सम्मिलित हुए और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

## एक्सआईएसएस इनक्यूबेशन सेंटर 'सिन्नेक्स' करेगा स्थापित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची, एक इनोवेशन, इनक्यूबेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप सेंटर (सिन्नेक्स) का उद्घाटन शुक्रवार को अपने संस्थान परिसर में करेगा। स्थानीय और वैश्विक स्तर पर इंटरप्रेन्योर बनाने के उद्देश्य से स्थापित इस पहल को छात्रों के साथ साझा किया जाएगा और आदिवासी युवाओं के बीच इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने में भी मदद करेगा। स्थानीय और वैश्विक स्तर पर इंटरप्रेन्योरशिप को तैयार करने के उद्देश्य से स्थापित इस पहल का उद्देश्य सामाजिक उद्यमों को बढ़ावा देना और झारखंड राज्य और अन्य क्षेत्रों में आदिवासी युवाओं और अन्य स्थानीय उद्यमियों के बीच एक सस्टेनेबल बिजनस मोड बनाना है।




एक्सआईएसएस, रांची, अपनी तरह के इस पहले इंटरप्रेन्योरशिप इनिशिएटिव के रूप में, सिन्नेक्स को सभी आवश्यक पारिस्थितिकी सुविधाएँ प्रदान करेगा, जहां टिकाऊ व्यावसायिक उपक्रमों के विचार विकसित हो सकते हैं। संस्थान के इस इनक्यूबेशन सेंटर का उद्देश्य सहयोग और विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर), इंटरप्रेन्योर, निवेशकों, मेंटर, और उद्योग विशेषज्ञों का एक नेटवर्क बनाना है। यह सेंटर छात्रों के बीच इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए एलुमनाई इंटरप्रेन्योर से जुड़ने में उत्प्रेरक की भूमिका भी निभाएगा, जिससे छात्रों को इस कार्यक्षेत्र की असीम संभावनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। संस्थान इस सेल के माध्यम से केंद्र बुनियादी ढांचा सुविधाएं, सहयोगियों और समान विचारधारा वाले भागीदारों तक पहुंच, विशेषज्ञ प्रशिक्षक, प्री-सीड, सीड और शुरूआती विकास स्टार्टअप के लिए प्रोटोटाइप से स्केल-अप चरणों तक वित्त पोषण सहित वित्तीय लीड, कार्यशालाओं के लिए मंच, विचार मूल्यांकन और प्रभाव आकलन और स्टार्टअप को नवाचार और विकास के लिए अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान भी प्रदान करेगा।

## रेलवे की यूनिवर्सिटी बड़ोदरा में राजनंदनी को मिला स्वर्ण पदक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी सह सामाजिक कार्यकर्ता नीरज भट्ट की पुत्री रांची के जेवीएम श्यामली की छात्रा राजनंदनी ने भारतीय रेलवे की गतिशक्ति यूनिवर्सिटी बड़ोदरा से बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन) की पढ़ाई मे सफलता हासिल करते हुए टॉपर हुई। टॉपर होने पर राजनंदनी को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेश पटेल द्वारा संयुक्त रूप से स्वर्ण पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए राजनंदनी को बधाई देते हुए कहा है। रांची की बेटी ने बीटेक में उत्कृष्टता के साथ स्वर्ण पदक प्राप्त कर झारखंड के गौरव को बढ़ाया है। यह एक प्रेरणादायक उपलब्धि है। जो न केवल शिक्षा के क्षेत्र में योगदान की मिसाल प्रस्तुत करती है, बल्कि महिलाओं के प्रति समाज की बदलती सोच को भी उजागर करती है। इस सफलता का महत्व सिर्फ इस तथ्य में नहीं है कि छात्रा ने अपनी कड़ी मेहनत से बीटेक में उत्कृष्टता प्राप्त की, बल्कि यह भी कि उसने पारंपरिक सोच को चुनौती दी। भारतीय समाज में आमतौर पर शिक्षा और करियर के मामलों में लड़कियों के लिए विशेष मार्गदर्शन और अवसर कम होते हैं, लेकिन इस छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन से यह साबित कर दिया कि कोई भी बाधा महिलाओं को उनके सपनों को पूरा करने से रोक नहीं सकती। रेलवे की यूनिवर्सिटी बड़ोदरा का शिक्षा क्षेत्र में योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। इस यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त होती है, जिससे वे न केवल व्यक्तिगत सफलता हासिल करते हैं, बल्कि देश की समग्र प्रगति में भी अपना योगदान देते हैं।



## अतिक्रमण मुक्त व प्रदूषण मुक्त कराने को लेकर टास्क फोर्स के गठन से सम्बन्धित बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा बुधवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में शहरी क्षेत्र में विभिन्न जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु अतिक्रमण मुक्त एवं प्रदूषण मुक्त कराने हेतु टास्क फोर्स का गठन से संबंधित बैठक आयोजित किया गया। बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक रांची, चंदन कुमार सिन्हा, पुलिस अधीक्षक रांची, राजकुमार मेहता एवं अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार, अपर नगर प्रशासक रांची, (नगर निगम रांची), संजय कुमार, उप समाहर्ता सह प्रभारी जिला विधि शाखा रांची, संजय कुमार उपस्थित थे। उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को विभिन्न जल स्त्रोतों के आस-पास अतिक्रमण हटाने एवं प्रदूषण को रोकने हेतु कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा शहरी क्षेत्र के सभी जल स्त्रोतों की उनके मूल नक्शा के आधार पर उनका आकार चिन्हित करते हुए जल क्षेत्र की भूमि तथा के आसपास की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण/ झारखंड भवन उप विधि का उल्लंघन कर बनाया गए अवैध निर्माण को चिन्हित किया जाए।

## 40 दिवसीय दिव्य ज्योति कलश रथ-दर्शन यात्रा का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अखिल विश्व स्तरीय गायत्री परिवार शान्तिकुञ्ज तत्वावधान व मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर टू धूर्वा में बुधवार को पूरे झारखंड प्रान्त जोन के 24 जिला, सभी उपजोन और झारखंड प्रान्त जोन के समस्त गायत्री परिवार इकाई सदस्यों की विशिष्ट गोष्ठी मध्यान्ह ग्यारह बजे से अपरान्ह दो बजे तक हुई। दिव्य कलश का विधिवत पूजा-पाठ हुआ। अखंड ज्योति दिव्य कलश रथ भ्रमण व दर्शन यात्रा का शुभारंभ लाल मशाल व नवयुग निर्माण योजना का ध्वज दिखाकर रांची शक्तिपीठ सेक्टर टू से वैदिक विधान महामंत्रों, स्तुतियों व स्वस्तिवाचन पाठ एवं जयघोषों के स्वर ध्वनि से पूरा वातावरण गुंजायमान हुआ। फिर संबोधन कर रवाना किया गया।शान्तिकुञ्ज प्रतिनिधिमंडल ने अपने संबोधन में इस दौरान और कहा कि दिव्य ज्योति को जन-जन तक पहुंचाना वर्तमान की महती आवश्यकता है : घनश्याम देवांगन जी शान्तिकुञ्ज प्रतिनिधिउन्होंने कहा

कि युग परिवर्तन की इस वेला में हो रहे वैश्विक परिवर्तनों के बीच धरती से लेकर अंतरिक्ष तक , लोगों के घरों से लेकर मनों तक जो अंधकार फैला है, फैल रहा है, उस अंधेरों को परास्त करने की अनेक ज्योतियों को एक साथ जलना अनिवार्य हो जाता है। इस बीच गुरुदेव की उनके जप की, तप की, साधना की,पुण्य की,प्रताप की, व्यक्तित्व की कृतित्व की, अखंड ज्योति के साथ जो पूज्यवर ने किया, कहा ,लिखा और दिव्य स्वप्न उद्घोषित किया उन्हें व दिव्य ज्योति प्रकाश को जन-जन तक पहुंचाए जाना वर्तमान समय की माँग व पुकार है।

## सात जिलों में अंशकालिक न्यायाधिकरण को शीघ्र क्रियाशील करने की जरूरत : चंद्र प्रकाश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : गिरिडीह सांसद ने कोयला सचिव से मिलकर की मांग, कहा- विस्थापित लोगों को मिलेगा न्याय गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि झारखंड में जब तक पूर्णकालिक न्यायाधिकरण (फुल टाइम ट्रिब्यूनल) का गठन नहीं हो जाता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत सात जिलों में अंशकालिक न्यायाधिकरण (पार्ट टाइम ट्रिब्यूनल ) को शीघ्र क्रियाशील करने की जरूरत है। उन्होंने इस आशय की बातें आज नई दिल्ली में भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के सचिव विक्रम देवदत्त से मिलकर कही। उन्होंने सचिव को इस बात से अवगत कराया की झारखंड में कोयला परियोजना से विस्थापित हुए लोगों के हितों की रक्षा को लेकर 2 वर्षों के लिए अंशकालिक न्यायाधिकरण का गठन करने का प्रशासनिक आदेश बीते 15 मार्च 2024 को दिया जा चुका है। बावजूद इसके अब तक आदेश को मूर्त रूप नहीं दिया जा सका है। उन्होंने कहा कि इस बीच हमने 29 जुलाई 2024 को तत्कालीन कोयला सचिव का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया तो उनके द्वारा हमें यह जानकारी दी गई की 19 जून 2024 झारखंड उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को जरूरी कार्रवाई करने को लेकर पत्र भेजा गया है। इस बीच हमने भी संपर्क किया।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में गर्म वस्त्रों का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : परमहंस डॉ. संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद महाराज के सानिध्य में चल रहे पीडित मानव सेवा के पावन तीर्थ रांची में एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम की शाखा सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) रांची में बुधवार को बिलासपुर निवासी रमन निकिता अग्रवाल रांची के निर्मल शोभा जालान की बेटी दमाद एवं उनके परिवार के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 42 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादार साथियों के बीच ठण्ड के मौसम को देखते हुए उनी इनर (गर्म गंजी) एव फल में केला और सेव का वितरण किया। ठंड के मौसम में उनी इनर(गंजी) एव फल मिलने से सभी कोई बहुत ही खुश दिखाई दे रहे थें।सभी ने रमन निकिता निर्मल शोभा जालान एवं ट्रस्ट के सदस्यों को बहुत बहुत धन्यवाद एवं अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया। आज की सेवा के महान कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान,राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी, संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ; सुरेश चौधरी, सज्जन पाडिया,नन्द किशोर चौधरी, विशाल जालान, पवन पौदार, ओमप्रकाश सरावगी महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल, संतोष देवीअग्रवाल, कबिता चौधरी,अमिता जालान, कविता चौधरी इनके अलावा भी और बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जानकारी आश्रम के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

## साइबर खतरों से न रहें बेखबर : निर्मल कौर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सरला बिरला विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय साइबर सुरक्षा दिवस के अवसर पर आज एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि झारखंड की पूर्व डीजी श्रीमती निर्मल कौर ने आज के दौर में साइबर सुरक्षा के बढ़ते मामलों के प्रति आगाह करते हुए इससे उपजे रैनसमवेयर, फिशिंग और स्पूफिंग के प्रति जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग व्यक्तिगत और संवेदनशील सूचनाएं एक-दूसरे से साझा करते हैं, जिससे बचना चाहिए। साथ ही विश्वस्तरीय एंटीवायरस के इस्तेमाल, और इंटरनेट से जुड़े माध्यमों की रोजाना मॉनिटरिंग भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने संवेदनशील लिंक पर क्लिक करने और ओटीपी तथा पिन की जानकारी साझा करने की प्रति भी सचेत किया। कार्यक्रम में अपने उद्गार व्यक्त करते हुए सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक माननीय प्रो. गोपाल पाठक ने साइबर सिक्योरिटी के महत्व को रेखांकित करते हुए आज दुनिया में इसके बढ़ते खतरे के प्रति उपस्थित श्रोताओं को जानकारी दी। उन्होंने साइबर सुरक्षा पर करीबी नजर रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे साइबर अपराधियों की गतिविधियों पर लगाम लगायी जा सके। इस अवसर पर विवि के माननीय प्रभारी कुलपति श्रीधर डांडीन, कुलसचिव प्रो. वी. के. सिंह, डीन डॉ. पंकज गोस्वामी, डॉ. बी. सामंता, डॉ. प्रियंका, डॉ. मेघा, डॉ. दीप्ति एवं आनंद विश्वकर्मा एवं अन्य शिक्षकगण एवं विवि के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने एक्सपर्ट टॉक के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।



## उपायुक्त ने की कल्याण विभागीय से जुड़ीं योजनाओं की समीक्षा बैठक

# निर्माणाधीन शहीद आवास को जल्द पूरा कराने के निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा बुधवार को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में कल्याण विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण रांची, श्री संजय कुमार भगत, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य और सभी सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में उपायुक्त रांची द्वारा साइकिल वितरण, वित्तीय वर्ष- 2024-25 प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, शहीद ग्राम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, कल्याण विभागीय छात्रावास(एसटी/एससी/अल्पसंख्यक ) के मरम्मती एवं जीर्णोद्धार की क्रमवार समीक्षा करते हुए सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा साइकिल वितरण वित्त वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 का वितरण में तेजी लाने का निर्देश सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को देते हुए कहा की छात्रों को विद्यालय आने- जाने में कोई परेशानी ना हो इसके लिए साइकिल वितरण में तेजी लाए। उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा छात्रवृति प्री मैट्रिक (वित्त वर्ष 2024-25) की समीक्षा करते हुए विद्यालय द्वारा ई कल्याण में पंजीकृत छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से अनुमोदन कराने हेतु सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया ताकि छात्रवृति का भुगतान ससमय किया जा सकें। उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा शहीद ग्राम विकास योजना की समीक्षा करते हुए सम्बंधित पदाधिकारी को इसके तहत निमार्णाधीन शहीद आवास को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा करते हुए इस योजना के तहत प्राप्त होने वालें आवेदन को जल्द से जल्द उ्छउ की बैठक करते हुए लाभुकों को चिकित्सा लाभ से लाभान्वित कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजंत्री द्वारा कल्याण विभागीय छात्रावास(एसटी/एससी/अल्पसंख्यक ) के मरम्मती एवं जीर्णोद्धार की क्रमवार समीक्षा करते हुए कहा की मरम्मती योग्य छात्रावास की जल्द से जल्द मरम्मती कराए। कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य द्वारा उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री को विद्यालय की समस्या से अवगत कराया गया। जिसके लिए उपायुक्त रांची द्वारा विद्यालय की समस्या का निराकरण कराने के लिए परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण रांची को दिया गया एवं जनजाति विकास अभिकरण रांची के ढटव सेल को निर्देश दिया गया की विद्यालय द्वारा अवगत कराए गए समस्या का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए।



## ओरमांझी गोलीकांड : सुजीत गैंग का शूटर जिशान शेख गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी** : थाना क्षेत्र अंतर्गत 22 नवंबर की शाम हुए सनसनीखेज गोलीकांड में शामिल सुजीत गैंग के शूटर जिशान शेख को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई एसएसपी चंदन सिन्हा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने की। जिशान शेख का नाम पुलिस के लिए नया नहीं है, क्योंकि वह पहले भी कई आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है। यह घटना भगवान बिरसा जैविक उद्यान चकला के पास हुई थी, जहां जमीन कारोबारी संजीव जायसवाल को निशाना बनाकर गोली चलाई गई थी। हालांकि जायसवाल के कर्मचारी आजाद और जावेद अंसारी बीच में आ गए। जिसके कारण दोनों घायल हो गए। जांच में खुलासा हुआ कि इस गोलीकांड की साजिश रांची जेल में बंद कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा ने रची थी।पुलिस को पता चला कि सुजीत गैंग ने जमीन कारोबारी संजीव जायसवाल से मोटी रकम की रंगदारी मांगी थी। जायसवाल ने न तो यह रकम दी और न ही पुलिस को इसकी जानकारी दी। इस नाराजगी में गैंग ने जानलेवा हमला किया।

## एक झलक

### वन विभाग ने इंदिरा से अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर को किया जब्त

**बड़कागांव** : प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र इंदिरा-पसेरिया से गुप्त सूचना के तहत बड़कागांव वन विभाग के टीम के द्वारा अवैध कोयला लदा एक लाल रंग का महिंद्रा ट्रैक्टर जब्त करके उरीमारी थाना को सौंपा गया। तथा आगे कि कार्रवाई अग्रसरित किया गया। ट्रैक्टर पकड़े जाने से कोयला माफियां में हड़कंप मची हुई है। वहीं पिछले दिन लूरुंगा से एक अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर जब्त तक किया गया था। वहीं हजारीबाग पश्चिमी सहायक वन संरक्षक अविनाश कुमार परमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वन विभाग के द्वारा जब्त एक ट्रैक्टर उरीमारी थाना में है। तथा आगे भी निरंतर अवैध कोयला के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगा।

### प्रज्ञा केन्द्र संघ विष्णुगढ़ के सुजीत कुमार श्रीवास्तव को लगातार चौथी बार अध्यक्ष चुने गये

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को वीएलई प्रज्ञा केंद्र संचालकों की बैठक की गई। इस बैठक में विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत 24 पंचायतो से आये प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। बैठक में वीएलई प्रज्ञा केंद्र संघ के पुनर्गठन पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए पुनः प्रज्ञा केंद्र संघ विष्णुगढ़ के सुजीत कुमार श्रीवास्तव को चौथी बार लगातार अध्यक्ष चुने गये। वहीं, महताब हुसैन सचिव, प्रमोद कुमार कोषाध्यक्ष, हसीना फारुख अंसारी को मीडिया प्रभारी पद का चयन किया गया।

### राजू श्रीवास्तव ने बढ़ती ठंड में चौक-चौराहों पर अलाव की मांग की

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड के भाजपा नेता सह समाजसेवी राजू श्रीवास्तव ने इस बढ़ती ठंड को देखते हुए राहगीरों एवं असहाय जनों को रात्रि के समय राहत पहुंचाने के नेक नियत से विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास को लिखित ज्ञापन सौपकर विष्णुगढ़ प्रखंड के नरकी, जमनीजारा, अरजरी, बनासो, नवादा, करोंज मोड़, हॉस्पिटल चौक, सातमील मोड़ आठमील मोड, अखाड़ा चौक भेलवारा एवं अलपिटो के सभी चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था कराने का आग्रह किया गया। इस बीच अपनी बात रखते हुए राजू श्रीवास्तव ने कहा कि रात्रि के समय राहगीरो को यात्रा के दौरान आने-जाने के समय लगभग सभी दुकाने बंद होती है,ऐसे में सातमील चौक में अलाव की व्यवस्था अतिमहत्वपूर्ण है।

### मंईयां सम्मान योजना से चार योजनाओं का हो गया घोर अपमान

**कटकमसांडी** : कटकमसाडी प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड क्षेत्र के महिलाओं का लगा हुआ है तांता बताते चले कि झारखंड सरकार के द्वारा मईया सम्मान योजना आने के बाद से प्रखंड क्षेत्र के लगभग 40% महिलाओं का लाभकारी होने से बाकी महिलाओं में मईया सम्मान योजना पाने का ललक बहुत तेज हो गया है। मईया सम्मान योजना को चालू करवाने के लिए प्रखंड मुख्यालय में लम्बी कतार देखा जा रहा है और घंटों लाइन में खड़े होने के बाद भी निराश लौटना पड़ा है। वहीं, दूसरी ओर देखा जा रहा है कि प्रखंड क्षेत्र या जिला स्तर पर विधवा पेंशन योजना का लाभ केवल विधवा महिला होने के बाद उसे एक हजार रुपए लाभ मिलता है। क्योंकि अपने परिवार को किसी तरह से लालन पालन कर रहे हैं तो 60 वर्ष होने के वाले वृद्ध महिला या पुरुष को सरकार के द्वारा वृद्धा पेंशन मात्र 1000 दिया जाता है और विकंलाग होने वाले लोगों को भी झारखंड सरकार के द्वारा मात्र 1000 की राशि दी जाती है। सरकारी विद्यालय में रासोईया या आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिकाओं को मात्र 2000 की राशि दिया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्र के सहायिकाओं या फिर सरकारी विद्यालय में कार्यरत रसोईया गांव के सबसे गरीब महिलाओं को रखा गया है। झारखंड सरकार की यह दोहरी रवैया से सबसे अधिक गरीब और जरूरतमंद लोगों के साथ घोर अपमान किया गया है।

# एनएमएल में वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह का किया गया शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव** : एनएमएल पीबी-सीएमपी ने बुधवार को वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह 2024 का भव्य शुभारंभ किया, जिसमें अतिथियों और वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस समारोह की अध्यक्षता श्री फैज तैय्यब, परियोजना प्रमुख (एचओपी) ने की, साथ ही एस.के. दुबे, महाप्रबंधक (इन्फ्रा), खदान एजेंट, खदान प्रबंधक और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण से हुई, इसके बाद गुब्बारों को खुले आसमान में छोड़ा गया, जो सप्ताह भर चलने वाले इस उत्सव की शुरूआत को चिह्नित करती है। अपने संबोधन में एचओपी फैज तैय्यब और



अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने खनन कार्यों में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया और यह बल दिया कि, सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने में हर व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण था 'सुरक्षा रथ' का शुभारंभ, जो एक मोबाइल पहल है, जिसका उद्देश्य खदानों में सुरक्षा जागरूकता फैलाना और सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देना है। यह पहल कर्मचारियों और श्रमिकों तक पहुंचेगी और कार्यस्थल में सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी। यह उद्घाटन वार्षिक खदान सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत को चिह्नित करता है, जो कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। सप्ताह भर चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के दौरान कर्मचारियों को सुरक्षा उपायों के बारे में शिक्षित और प्रेरित किया जायेगा। पीबी-सीएमपी उच्चतम सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और अपनी सुरक्षा पहलों के माध्यम से कर्मचारियों और अन्य हितधारकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देता है। उक्त आशय कि जानकारी एनटीपीसी के पीआरओ दिलीप ठाकुर ने दी।

## 67वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह 2024 के उद्घाटन समारोह का शुभारम्भ



**केरेडारी** : चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना में 4 दिसंबर 2024 को वार्षिक 'माइंस सुरक्षा सप्ताह 2024' का उद्घाटन अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुख्य अतिथी नवीन गुप्ता, महाप्रबंधक, चट्टी बरियातु और सभी विभाग के प्रमुख उपस्थित रहे। परियोजना और एमडीओ के कर्मचारियों ने कार्यक्रम में जोरदार उत्साह और भागीदारी दिखाई। उद्घाटन समारोह की शुरूआत श्री नवीन गुप्ता ने सुरक्षा ध्वज के साथ शुरूआत किया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी कर्मचारियों को माइंस मैनेजर के द्वारा खान सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। जिससे सुरक्षा के प्रति जागरूकता और संकल्प को प्रगाढ़ किया गया। सभी सीनियर अधिकारियों ने अपने अनुभव और सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण सलाहें दीं। इसके बाद चट्टी बरियातु परियोजना और एमडीओ के कर्मचारियों ने एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें 'डम्पर में सुरक्षा सुविधाओं के साथ छेड़छाड़ के परिणाम' विषय पर प्रकाश डाला गया। इसके अलावा, प्राथमिक चिकित्सा और अग्निशमन पर लाइव प्रदर्शन भी किया गया, जिससे कर्मचारियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के कौशल में सुधार किया जा सके इस अवसर पर नवीन गुप्ता ने विद्युत और आंतरिक विभाग के स्ट्रॉल का दौरा किया सभी विभाग प्रमुखों माइंस एजेंट एवं माइंस मैनेजर ने सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाई सुरक्षा सप्ताह 2024 की शुरूआत किया गया है, जो 4 दिसंबर से 13 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा, और इसमें विभिन्न गतिविधियां कर्मचारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता और उत्साह को और बढ़ाएंगी।

## भावी पीडया के लिए कुछ करना शोध का उद्देश्य हो : कुलपति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शोधार्थी की सबसे बड़ी ताकत है कि वह अभी युवा है। इनमें अनेक ऊर्जा तथा उत्साह है। इसका सदुपयोग करें। उक्त बातें विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पवन कुमार पोद्दार ने कही। वह बुधवार को 'शोध में डेटा संकलन की विधि तथा महत्व' विषय पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला को विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि आप समाज और राष्ट्र का भविष्य है। अतः ऐसा विषय चुने जिससे कि भावी पीडिया के लिए कुछ हो सके। केवल अपनी जीविका के लिए



शोध नहीं करें। बल्कि ऐसा शोध करें जो लाखों करोड़ों लोगों के लिए जीविका का माध्यम बने तथा अवसर प्रदान करें। उड़ान स्वरूप उन्होंने भारत के ऋषि मुनियों की बात कही। आज उन ऋषि मुनियों के बताएं विषय से न केवल हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं बल्कि इसके माध्यम से कई लोगों की आजीविका की व्यवस्था भी हो रही है। उन्होंने आग्रह किया कि विश्व कल्याण के लिए शोध करें वसुदेव कुटुंबकम को साकार करने के लिए शोध करें। शिक्षा और पुस्तक से जो जानकारी की प्राप्ति होती है उसे ज्ञान में परिणत करने के लिए शोध करें।

## फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने अपराध व ट्रैफिक व्यवस्था पर चर्चा की

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के एक प्रतिनिधिमंडल ने सदर थाना सभागार में थाना प्रभारी, ट्रैफिक डीएसपी और अन्य डीएसपी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करना और बढ़ती आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाना था। व्यवसायियों से ट्रैफिक व्यवस्था में सहयोग की अपील, व्यवसायियों से आग्रह किया गया कि वे अपनी दुकानों के बाहर सामान अनावश्यक रूप से न रखें। इससे सड़कों पर यातायात बाधित नहीं होगा और राहगीरों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा सीसीटीवी कैमरा अनिवार्यता पुलिस प्रशासन ने यह अपील की



सभी प्रतिष्ठान संचालक अपने दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगायें। इससे किसी भी आपराधिक गतिविधि पर निगरानी रखने और अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी, ठेले और अन्य अतिक्रमण को हटाने की अपील दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि वे अपनी दुकानों के सामने ठेले और अन्य अतिक्रमण न होने दें, जिससे ट्रैफिक बाधित हो सकता है। पुलिस और व्यवसायियों के बीच तालमेल बढ़ाने का निर्णय, चैंबर और पुलिस प्रशासन ने यह सहमति व्यक्त की दोनों संस्थाएं मिलकर शहर की सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने में एक-दूसरे का सहयोग करेंगी। अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा की शहर में बढ़ती अपराध की घटनाएं और ट्रैफिक की अव्यवस्था सभी के लिए चिंता का विषय है। इस बैठक के माध्यम से हमने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि व्यवसायी और पुलिस प्रशासन साथ मिलकर एक सुरक्षित और व्यवस्थित माहौल तैयार करें। चैंबर पुलिस प्रशासन के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेगा और हर संभव सहयोग करेगा। सचिव राकेश ठाकुर ने कहा की व्यवसायियों की जिम्मेदारी है कि वे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाएं और सड़क पर अनावश्यक सामान न रखें। इससे न केवल अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था भी बेहतर होगी। चैंबर ने यह फैसला लिया है कि शहर में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर कदम पर प्रशासन का साथ देंगे। इस बैठक के माध्यम से फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने स्पष्ट किया कि शहर को सुरक्षित और व्यवस्थित रखने के लिए व्यवसायी, पुलिस प्रशासन और जनता के बीच समन्वय बेहद जरूरी है।

## भाजपा का विजय यात्रा, विधायक ने जनता का जताया आभार



**चौपारण** : बरही से निर्वाचित भाजपा विधायक मनोज यादव ने जनता का आभार जताने के लिए दर्जनों गाँव का दौरा किया। भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना के चौपारण क्षेत्र पहुंचने पर सवैया मोड़ पर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। विधायक का आभार यात्रा बेढना, झापा विशनपुर होते हुए कमला माता मंदिर पहुँचा। विधायक ने माता के दरबार मे मत्था टेककर क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। शाहिद भगत सिंह उच्च विद्यालय के शिक्षक व बच्चो ने विधायक का स्वागत किया। इस दौरान दादपुर, चैयकलां, यवनपुर, बेला पंचायत के विभिन्न गांव पहुँचकर विधायक ने जनता के प्रति जताया आभार। विधायक ने कहा कि वोट के रूप में मिला आपका जनसमर्थन व विश्वास को कभी टूटने नही दूंगा। आपके एक बुलावे पर आपके बीच हाजिर रहूँगा। अपने क्षेत्र के विकास व आपकी जनसमस्याओं के समाधान के लिए हमेश तैयार रहूँगा। आभार यात्रा के दौरान जीप सदस्य राकेश रंजन, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, महामंत्री आशीष सिंह, भाजपा नेता रामस्वरुप पासवान, अरविंद सिन्हा, बलराम दाँगी, कैलाश पांडेय, सुबोध यादव, विकास यादव, रामचन्द्र सिंह, राकेश पांडेय, जन्मजेय सिंह, प्रभात सिंह, मुखिया जानकी यादव, गंदौरी दाँगी, ममता देवी, पूर्व मुखिया मो सफाल उद्दीन, बबन सिंह, कैलाश दाँगी, महेंद्र साव, रोहित जैन, रिशु बर्णवाल, रंजीत बर्णवाल, छोटेलाल जायसवाल, महेंद्र सोनी, शम्भू साव, अवध दाँगी, राजेश राणा, केशरी नायक, सुमन सिंह, रंजीत सिंह, विक्रम पांडेय, अखिलेश दाँगी, बासुदेव दाँगी, देवकुमार दाँगी, सुरेन्द्र पांडेय, दसरथ साव, बिनोद साव, राजेन्द्र भगत, गुलाब रजक, मधु रजक, सहित अन्य थे।

## विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया पोस्टर का विमोचन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : संस्कार भारती, हजारीबाग इकाई द्वारा आयोजित कला उत्सव 2024 का भव्य आयोजन 8 दिसंबर, रविवार को एमपी थियेटर, झील परिसर, हजारीबाग में किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य प्रांतीय स्तर पर कला साधकों को पहचान दिलाने और उन्हें आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने कार्यालय परिसर में किया। इस अवसर पर संस्कार भारती के पदाधिकारियों ने विधायक को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया, पोस्टर विमोचन के दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की कला किसी भी समाज और संस्कृति की आत्मा होती है। संस्कार भारती द्वारा इस दिशा में किया जा रहा कार्य प्रशंसनीय है। ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपनी



सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने में मददगार साबित होते हैं। कला उत्सव में कई प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा, जिसमें शामिल हैं समूह नृत्य, समूह गान थिएटर,रंगोली चित्रकला शामिल है, 8 दिसंबर को प्रतियोगिताएं सुबह 11 बजे से प्रारंभ होंगी। यह आयोजन न केवल कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देगा, बल्कि दर्शकों को भी भारतीय कला और संस्कृति की विविधता का अनुभव करने का मौका देगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष कुमार केशव, विनीत जैन,अमित कुमार, और शशिकांत समेत अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने जिले के सभी कला साधकों से इस उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। साथ ही, दर्शकों से आग्रह किया कि वे कार्यक्रम में शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करें। कला उत्सव 2024 के माध्यम से संस्कार भारती, हजारीबाग ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि भारतीय संस्कृति और कला को जीवंत बनाए रखने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।

## पूर्व प्रिंसिपल मुनेश्वर राम ने किचन सेट का किया उद्घाटन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : प्रखंड अंतर्गत करियातपुर उत्क्रमित 10 + 2 उच्च विद्यालय में किचन सेट का उद्घाटन पूर्व प्रिंसिपल के हाथों फीता काट कर किया गया। वहीं वर्तमान प्रिंसिपल विजय कुमार ने कहा है कि विद्यालय के हर बच्चों को हर ख्याल रखना हम सभी शिक्षकों का उत्तरदायित्व है, छात्र छात्राओं को पढ़ा कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए खरा उतरेंगे, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हमारे विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सकलदेव शर्मा जो इनके कार्यकाल का 3 साल होने को है यह भी विद्यालय हर प्रकार के अहम भूमिका निभाई है तथा इन्होंने हर कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया,है और उनके लिए इन्हें विद्यालय परिवार की ओर से दिल से बधाइयां देते हैं साथ ही



यह भी कहा कि उत्क्रमित 10+2 उच्च विद्यालय में किचन सेट, चारदीवारी, छात्र-छात्राओं के लिए रूटिंग के हिसाब से खाना से लेकर ड्रेस किताब, बैग साइकिल, जैसे लाभ में भी इनका योगदान रहा है, विद्यालय में दो बिल्डिंग का नवनिर्माण कार्य अभी चल रहा है वही स्कूल के प्रबंध समिति के अध्यक्ष सकलदेव शर्मा ने भी कहा कि सभी ग्राम वासियों का दिल से धन्यवाद देता हूं कि, आपने मुझे इस विद्यालय में मुझे 3 साल तक सेवा देने का कार्य किया, तथा मैं वादा करता हूं कि फिर से मुझे मौका मिला तो विद्यालय के हर एक कार्य को निस्वार्थ भाव से करता रहूंगा।

## सेविका पर महीने में एक दो दिन ही आंगनबाड़ी केन्द्र जाने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**ज्ञान कुमार पासवान**

**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड के अतिसुदूरवर्ती क्षेत्र मनातू पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 54 में नौनिहालों के लिए सरकार द्वार उपलब्ध की गई सामग्री में बच्चों को न देकर खुद ही डकार रही है सेविका नौनिहाल बच्चो ने बताया की सेविका कभी नहीं आती है और हमलोगो को सिर्फ खिचड़ी मिलता है अभिभावक रतनी देवी बताती है की हमलोग अपने बच्चो को रोज भेजते है की कुछ सीखे लेकिन आंगनवाड़ी में कोई पढ़ाने वाला ही नहीं है वही फागुनी देवी बताती है की आज तक हमलोगो को धतारी से मिलने वाला सामग्री कभी नहीं मिला है। सहायिका बबिता देवी



बताती है जब से सेविका आई है तक से मात्र एक बार अंडा एक ट रयाल आया है हरा साग सब्जी नहीं दिया जाता है सेविका माह में एक दिन आ कर पैसे निकासी कर चली जाती है उन्होंने आगे कहा कि पैसे के निकासी का मुझे कोई जानकारी सेविका के द्वारा भी नहीं दिया जाता है सेविका के पक्ष लेने के फोन किया गया परंतु उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। इस संबंध में सुपरवाइजर देवजनी घोष ने बताया कि मैं अभी नई आई हूं मैं जांच करुंगा सही पाने पर सेविका पर कार्रवाई किया जायेगा। वहीं, प्रखंड विकास अधिकारी विवेक कुमार ने कहा कि बच्चों के पोषाहार के साथ खिलवाड़ करना अपराध है सेविका के कार्य वा केंद्र की व्यवस्था का जांच किया जाएगा। सही मिलने पर सेविका के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## प्रणव नमन कोल ट्रांसपोर्ट कंपनी में गोलीबारी की जिम्मेवारी बीकेएस तिवारी ग्रुप ने लिया

**केरेडारी** : केरेडारी एवं टंडवा थाना क्षेत्र बुकरू मोड़ के आगे प्रणव नमन ट्रांसपोर्ट कार्यालय में कल 4:00 अपराधियों ने दिनदहाड़े गोली चलाकर मचाया दहशत था। कार्यालय के अंदर अपराधियों ने घुसकर दो गोली चलाकर लैपटॉप बाहर खड़ी स्कॉर्पियो एवं हवाई फायरिंग की गई थी घटना का जिम्मेवारी बीकेएस तिवारी ग्रुप के बिपिन पांडेय ने ली हैं। कोल माईनिंग कर रहे है चट्टी बारियातु कोल परियोजना पांडू कोल माइंस, पकरी बरवाडीह कोल माइंस. अमरपाली कोल माइंस, मगध कोल माइंस एवं सभी कोल माइंस से जितने भी कोयला ट्रांसपोर्ट कर रही है।

### लोकसभा में रेलवे के मामले पर गूंजते नजर आये सांसद मनीष जायसवाल

## रांची-बरकाकाना-दिल्ली रूट पर पुनः राजधानी एक्सप्रेस को सुचारु कराये रेलवे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल झारखंड राज्य और विशेषकर अपने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की गंभीर जनमुद्दों को लेकर लोकसभा के शीतकालीन सत्र में मुखर दिख रहें हैं। बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र वासियों की आवाज बनकर सदन पटल पर उन्होंने रेलवे से संबंधित कई प्रमुख मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया और सदन के माध्यम से केंद्र सरकार और रेल मंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया। लोकसभा में सांसद मनीष जायसवाल ने अमृत भारत स्टेशन को लेकर प्रश्न लाया था जिसके जवाब के बाद उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान का रेल नेटवर्क बहुत बड़ा है और जो विकसित स्टेशन है उसे और विकसित



किया जा रहा है आगे उन्होंने कहा कि खैर इससे मतलब नहीं है लेकिन जो क्षेत्र रेल के मानचित्र में अविकसित हैं और जहां विकास नहीं हुआ है उन्हें भी अवसर मिलना चाहिए और ऐसे स्टेशन को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि मैं हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं और इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हजारीबाग टाउन, बरही, कुजू, बड़काकाना, रामगढ़ और गोला सहित अन्य स्टेशनों को ₹अमृत भारत स्टेशन योजना₹ से जोड़कर विकसित किया जाना चाहिए और यहां यात्री सुविधाएं बढ़ाने की जरूरत है। हजारीबाग रेलवे लाइन जो मुख्य रूप से कोयला ढुलाई के काम आता है इसे पैसेंजर ट्रेन के लिए एलिजिबल करने हेतु इस डबल लाइन किया जाये और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्टेशनों से डेली बेसिस पर दिल्ली-कोलकाता-वेल्लोर के लिए ट्रेन चलाया जाय। सांसद मनीष जायसवाल ने एक और महत्वपूर्ण सवाल उठाते हुए रेल मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया और कहा कि रांची से बरकाकाना होते हुए दिल्ली की ओर आने वाली राजधानी एक्सप्रेस को डिस्कंटीन्यू कर दिया गया है इस ओर अपनी नजरे इनायत करें और पुनः इसे इस रूट पर सुचारू कराएं।

# अदाणी फाउंडेशन ने टीबी के 80 मरीजों को प्रदान किया पोषण किट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव (हजारीबाग)** : गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने तीसरे चरण के तहत छठे और अंतिम कैंप में गोद लिए 80 टीबी मरीजों के बीच निःशुल्क पोषण किट वितरित किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान अदाणी फाउंडेशन की ओर से वितरित किए गए प्रत्येक किट में च्वयनप्राश, अरहर दाल, चना, गुड़, हरा मूंग, सरसों तेल और हॉर्लिक्स जैसी आहार सामग्रियां शामिल हैं। 'प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना' के तहत छः महीने

- तीन चरणों के तहत अब तक 210 टीबी मरीजों को लिया गया है गोद, अधिकतर हो चुके हैं स्वस्थ

के ईलाज के दौरान रोगियों को सभी छः माह पोषक आहार प्रदान किया गया। तीनों चरण के तहत अब तक 210 टीबी मरीजों को गोद लिया जा चुका है, जिनमें से अधिकतर अब स्वस्थ हो चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों ने देश को टीबी मुक्त बनाने की भी



शपथ ली। सबने एक स्वर में कहा कि अपने मोहल्ले, गांव और शहर को टीबी मुक्त बनाना है। इस अवसर पर बड़कागांव स्थित सामुदायिक चिकित्सा केंद्र के प्रभारी डॉक्टर अविनाश कुमार ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में लगातार उत्कृष्ठ कार्य कर रहा है जो प्रशंसनीय है। इसके अलावा अदाणी फॉउंडेशन द्वारा निःशुल्क एम्बुलेंस भी प्रदान किया गया है, जिससे ग्रामीणों को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग क्षेत्र के मरीजों के लिए आपात परिस्थिति में यह एम्बुलेंस सुविधा त्वरित रूप में उपलब्ध है। आगे उन्होंने बताया कि अदाणी फॉउंडेशन की ओर से अब तक 210 टीबी के मरीजों को गोद लिया जा चुका है, इनमें से अधिकतर अब तक स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं, नए 80 मरीजों को लगातार छह महीने तक पोषण आहार प्रदान किया गया। अभी इन्हें छठे और आखिरी महीने का किट वितरित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टीबी के ईलाज में अदाणी फॉउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार का लाभ मिल रहा है। यह नेक पहल प्रशंसनीय है।

### लाइलाज नहीं है टीबी की बीमारी, समय पर करवायें उपचार

**कार्यक्रम** के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी, यूएसएड के प्रखंड टीबी समन्वयक डॉ अमित त्रिपाठी ने कहा कि मरीजों को दवा के अतिरिक्त पोषण आहार का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए ताकि जल्द से जल्द टीबी को ठीक किया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि अदाणी फॉउंडेशन के इस प्रयास से टीबी के मरीजों की संख्या में कमी आएगी। टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। इसका समय पर उपचार करवा लिया जाए तो इससे हमेशा के लिए इससे छुटकारा मिल सकता है।

### स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए सार्थक कोशिश

**अदाणी** फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न इलाकों में गुणवत्ता युक्त स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के लिए सार्थक कोशिश हो रही है। जिसमें अच्छे चिकित्सकीय लाभ के के लिए क्षेत्र में लगातार निःशुल्क मेडिकल कैम्प और नेत्र जांच शिविर लगाए जाए रहे हैं, जहां ग्रामीणों के इलाज के साथ-साथ उन्हें आवश्यक दवाईयां और चश्मे तक प्रदान किए जा रहे हैं। इसके अलावा हरली हाई स्कूल में विज्ञान और गणित विषय के शिक्षक भी नियुक्त किए गए हैं, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उन्हें पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। स्वास्थ्य और शिक्षा के साथ-साथ प्रखंड के युवाओं के रोजगार के लिए भी अदाणी फॉउंडेशन ने सार्थक पहल शुरू की है।

## एक झलक

### सड़क हादसे में स्वर्गीय अधिवक्ता नेहा वर्मा के डिगवाडीह आवास पहुंचीं विधायक

**झरिया (धनबाद):** बुधवार को झरिया की नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने कतरास मोड़ में हुए सड़क हादसे में स्वर्गीय अधिवक्ता नेहा वर्मा के डिगवाडीह स्थित आवास पहुंची एवं उनके परिजनों से मिल उन्हें अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। वही हर संभव सहायता करने की बात कही।

### नगर निगम के खिलाफ सामाजिक कार्यकर्ता ने खोला मोर्चा

**कतरास (धनबाद):** सामाजिक कार्यकर्ता राजेश स्वर्णकार ने नगर निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राजेश स्वर्णकार ने कहा कि जिस जेसीबी से दुकान तोड़ना चाहते है उस जेसीबी को सफाई मे क्यों नहीं लगाते है, कतरी नदी की साफ सफाई के लिए क्यों नहीं लगाएं, साढ़ और आवारा कुत्तों को पकड़ने में निगम क्यों असमर्थ है।दुर्गा पूजा, कली पूजा और छट पूजा में भी शहर अंधकार में रहा लेकिन नगर निगम द्वारा रोड में लगे स्ट्रीट लाइट को चालू नहीं किया गया, इसकी चिंता नहीं है नगर निगम को। अपनी नाकामी को छिपाने के लिए नगर निगम पचगड़ी, कतरास एवं आसपास के दुकानदार भाइयों को डरा धमका रहा है और दुकान तोड़ने की साजिश रच रहा है। दुकानदार भाई आंदोलन करें मैं अपलोगो के साथ हूं।पुलिस का डंडा चलेगा तो सबसे पहले राजेश स्वर्णकार के ऊपर चलेगा निगम अगर केस करेगा तो पहले नाम राजेश स्वर्णकार का होगा।

### यूनियन चुनाव को लेकर पूर्व मध्य रेलवे पाथरडीह में रेलवे कर्मी ने किया शांतिपूर्ण मतदान

**पाथरडीह (धनबाद):** पूर्व मध्य रेलवे में मान्यता प्राप्त यूनियन की चुनाव को लेकर पाथरडीह रेलवे स्टेशन के आरआरआई बिल्डिंग में बुधवार को रेल कर्मियों का तीन दिन तक चलने वाली वोट के प्रथम दिन मतदान शुरू हो गया है। इसमें जोनलवार चुनाव होगा। जिसमें रेल कर्मचारी अपनी समस्याओं का समाधान करने वाले मनपसंद यूनियन का चुनाव करने जा रहे है। जिसके 11 साल बाद पुनः चुनाव हो रहा है। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। पाथरडीह आरआरआई बिल्डिंग में चुनाव के दौरान मतदान बूथ संख्या 13 पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुई। जिसमें पोलिंग पदाधिकारी नुअस टोपनो, के साथ अमिताभ बनर्जी, मो. फियाज अहमद, नीतीश कुमार, विभाष कुमार आदि निष्पक्ष चुनाव कराने में लगे हुए थे।

### अबुआ आवास के एवज में रिश्वत मांगने का आरोप

**बाघमारा (धनबाद):** बाघमारा प्रखण्ड में अबुआ आवास के लिए रुपए रिश्वत मांगने की बात सामने आई है। मामला बाघमारा प्रखण्ड के निचितपुर झ 2 ग्राम पंचायत के खोनाठी गाँव की अबुआ आवास योजना से जुड़ा है। शिकायत कर्ता सुलोचना देवी, पति सुखसागर महतो ने बाताया की पिछले वर्ष उससे राज्य सरकार के नियमानुसार अबुआ आवास योजना स्वीकृत हुई तत्पश्चात उसे प्रथम किस्त प्राप्त हुआ, जिससे उन्होने अपने पक्का मकान को बानने का काम प्रारंभ किया, अभी इनका दरवाजा की ऊंचाई तक मकान निर्मित हुआ है, नियमानुसार उसे दूसरा किस्त मिलना था, परंतु मुखिया ने उससे रिश्वत मांगी।

### हमारी यूनियन उनके परिवार के सदस्यों के साथ हर सुख दुख में रहेगी खड़ा: राकोमायू

**धनबाद :** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह एवं महामंत्री एके झा ने संयुक्त प्रेस व्यक्तव्य मे पश्चिमी झरिया के मुनीडीह के क्षेत्रीय सहायक सचिव मुस्लिम अंसारी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। कहा कि श्री अंसारी कर्मठ, बहादुर, लड़ाकू, जुझारू और यूनियन के प्रति समर्पित एक संगठन कर्ता थे, इन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने अपने क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी और यूनियन दोनों को मजबूती प्रदान की है। उनके निधन से राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन परिवार को गहरा सदमा पहुंचा है, साथ ही यूनियन को काफी नुकसान हुआ है जिसकी क्षतिपूर्ति निकट भविष्य में मुनीडीह एरिया में संभव नहीं है।

# हिन्दू संगठनों ने बांग्लादेश के खिलाफ की नारेबाजी




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ झारखंड सहित देशभर में हिंदू संगठन विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। धनबाद में हिंदू संगठन भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सड़क पर उतरे आये हैं। बुधवार को सभी हिंदू संगठनों ने धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर एकजुट होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उनके हाथों में भगवा झंडा था। प्रदर्शनकारियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद रणधीर वर्मा चौक से पदयात्रा भी निकाली गयी। गौरतलब है कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार की बेदखली के बाद अल्पसंख्यकों खासतौर पर हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार बढ़ गया है। इतना ही नहीं वहां मंदिरों को भी निशाना बनाया जा रहा है। हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ वहां मौजूद हिंदू संगठन लगातार आवाज उठा रहे हैं। सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास ने भी हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर 25 अक्टूबर को चटगांव के लालदिघी मैदान में एक विशाल रैली की। जिसके बाद राजद्रोह के आरोप में उनको गिरफ्तार कर लिया गया। बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हुई हिंसा को लेकर हिंदू समुदाय में खासी नाराजगी और आक्रोश है। सैकड़ों की संख्या में लोग बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और कत्लेआम के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। रणधीर वर्मा चौक में प्रदर्शन कर पदयात्रा में भारी संख्या में हिंदू संगठन के साथ-साथ भाजपा के पूर्व सांसद पी एन सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह, बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, भाजपा नेता अमरेश सिंह, भाजपा की पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, भाजपा नेत्री तारा देवी समेत सैकड़ों लोगों पैदल मार्च कर समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त को ज्ञापन सोपा। ज्ञापन में प्रधानमंत्री से इस संबंध में अभिलंब कार्रवाई करने की मांग की गई।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं, एक्शन ले मोदी सरकार: दिलीप सिंह



**धनबाद :** समाजसेवी दिलीप सिंह ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर और इस्कॉन संस्था एवं उसके अनुयायियों पर चरमपंथियों द्वारा किए जा रहे हमले निंदनीय हैं। केंद्र सरकार को इसपर हस्तक्षेप करते हुए कठोर कदम उठाने की जरूरत है। भारत सरकार तुरंत हस्तक्षेप कर स्वामी चिन्मय कृष्णदास ब्रह्मचारी की बिना शर्त रिहाई सुनिश्चित करे और बांग्लादेश सरकार को अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा के लिए बाध्य करे। बांग्लादेश में हिंदू समाज पिछले कई दशकों से धार्मिक अत्याचार, मंदिरों पर हमले, महिलाओं पर अत्याचार और संपत्तियों की लूट का सामना कर रहा है। स्वामी चिन्मय कृष्णदास ब्रह्मचारी ने ऐसे अन्याय का विरोध करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों की मांग की। उनकी गिरफ्तारी ने बांग्लादेश के हिंदुओं के धार्मिक स्वतंत्रता को गंभीर खतरे में डाल दिया है। यह बातें दिलीप सिंह ने बुधवार को बांग्लादेश में हिन्दु, सिक्ख,जैन एवं बौद्ध पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध आयोजित धरना प्रदर्शन व पदयात्रा के दौरान कही। इस विरोध मार्च में तमाम हिन्दु संगठन के लोग रणधीर वर्मा चौक पर एकजुट हुए एवं धरना प्रदर्शन के माध्यम से बंग्लादेश के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

# ओल्ड एज होम में मनी स्वर्गीय छोटन राम की तृतीय पुण्यतिथि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सबलपुर सहयोगी नगर, सेक्टर तीन स्थित ओल्ड एज होम में वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र वर्मा ने बुधवार को अपने पिता स्वर्गीय छोटन राम का तृतीय पुण्यतिथि मनाई। उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर उनके पोता सौरभ कुमार वर्मा तथा कई मित्र बंधु उपस्थित थे। आश्रम के सभी वृद्ध माता एवं पिता ने भी मृतक छायाचित्र को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकार श्री वर्मा ने कहा की जब भी पिता का पुण्यतिथि आती है तो हमेशा कोशिश रहती है की उनका पुण्यतिथि किसी वृद्धा आश्रम में ही मनाया जाय। ताकि आश्रम में रहने वाले वृद्ध माता एवं पिता को अपने हाथों से स्वादिष्ट भोजन कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकूं। इससे मन को बहुत शांति मिलती है। उन्होंने यह भी कहा कि वे अपने मित्रों से आग्रह भी करेंगे कि यदि अपना जन्मदिन, पत्नी का जन्मदिन, बच्चे का जन्मदिन, शालगिरह, या पुण्यतिथि किसी वृद्धा आश्रम में ही मनाये।इससे मन को बहुत शांति मिलेगी। आश्रम के अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद गद्दी एवं उनके टीम का काफी सहयोग रहा है। केयरटेकर बहुजन सोरेन का भी सराहनीय योगदान रहा।

# बीआईटी सिन्दरी में क्वालिटी क्लब का ओरिएंटेशन सत्र



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** बीआईटी सिंदरी में क्वालिटी क्लब ने जो भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन मंच का हिस्सा का ओरिएंटेशन सत्र सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. घनश्याम, डॉ. माया राजनारायण और डॉ. ओम प्रकाश जैसे सम्मानित शिक्षकों के साथ क्लब के सदस्यों ने भी भाग लिया। सत्र में क्लब की शुरूआत की गई और छात्रों को इसके कामकाज और उद्देश्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि आईएफक्यूएम से जुड़ी बड़ी कंपनियों के सीईओ के संदेश भी साझा किए गए, जो छात्रों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहे। इस सत्र में हुई बातचीत ने छात्रों को गुणवत्ता की समझ को और व्यावहारिक और सरल तरीके से जानने का मौका दिया। यह सत्र बहुत ही प्रभावी रहा और छात्रों को क्लब की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## बीआईटी सिन्दरी में जीपीएस सिस्टम पर किया ध्यान केन्द्रित

**सिन्दरी (धनबाद) :** ड्रोन बूटकैंप के दूसरे दिन बुधवार को बीआईटी सिंदरी में जीपीएस सिस्टम पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो यूएवी नेविगेशन, सटीक ट्रैकिंग और रूट प्लानिंग में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। प्रतिभागियों ने इस आवश्यक तकनीक के एकीकरण, कार्यक्षमता और वास्तविक दुनिया में उपयोग के बारे में इंटरएक्टिव और रोचक सत्रों के माध्यम से मूल्यवान जानकारियां प्राप्त कीं। व्यावहारिक कार्यशाला में, छात्रों ने प्रो. वरुण चौधरी और प्रो. कुंदन कुमार के विशेषज्ञ मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक ड्रोन का असेंबली किया, जिसमें उन्होंने सैद्धांतिक अवधारणाओं को व्यावहारिक अनुप्रयोगों में परिवर्तित किया। दिन का समापन एक जीवंत प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसने नवाचार को प्रेरित किया। तकनीकी चुनौतियों को संबोधित किया और प्रतिभागियों के यूएवी तकनीक में कौशल को बढ़ाया। यह गहन अनुभव प्रतिभागियों को ड्रोन तकनीक के उन्नत पहलुओं और इसके भविष्य की संभावनाओं का अन्वेषण करने के लिए और प्रेरित करता है।

# दिव्यांगता सप्ताह के तीसरे दिन पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने देखी फिल्म




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** दिव्यांगता सप्ताह के अवसर पर पहला कदम स्कूल के दिव्यांग बच्चों के लिए धनबाद राउंड टेबल 342 द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को आईनॉक्स बिग बाजार में भूल भुलैया 3 फिल्म दिखाई गई, जिससे बच्चों में अत्यधिक उत्साह और खुशी का माहौल बना। इस पहल से न केवल बच्चों का मनोबल बढ़ा, बल्कि समाज में दिव्यांगता के प्रति जागरूकता भी फैलाने में मदद मिली।कार्यक्रम में राउंड टेबल 342 के अध्यक्ष अनूप गोयल उपाध्यक्ष सुरज सरिया, सचिव रोहित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनीति लोहरीवाल, पंकज गोयल, पुनित राज गढ़िया के अलावा, पहला कदम स्कूल से सचिव, अनीता अग्रवाल और कौशल अग्रवाल भी उपस्थित थे। अनीता अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन दिव्यांग बच्चों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ और समाज में दिव्यांगता के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम था। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में समावेशिता को बढ़ावा और बच्चों को एक सकारात्मक संदेश मिलता है।

## हरित क्रांति लाने के लिए यह केन्द्र पुनः सुचारु रूप से चले : सदानंद महतो

**धनबाद :** तोपचांची प्रखंड मुख्यालय के नजदीक कृषि उद्यान केंद्र परोजिनी बाग है,यह उद्यान केंद्र लगभग 52 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इस कृषि उद्यान केंद्र में आम, नींबू, अमरूद, बेल, बैर, के बगीचे हुआ करते थे। इसके अपने तीन छोटे-छोटे जलाशय हैं। इस केन्द्र में पानी के लिए ड्रेनेज सिस्टम बना हुआ है। इसके अंदर कई चापाकल, डीप बोरिंग, कुआं भी है। इसके चारों ओर बाउंड्री वॉल है। इस कृषि उद्यान केंद्र में कार्यालय, प्रशिक्षण केन्द्र, पानी बिजली, शौचालय आदि का प्रबंध था, लेकिन आज इसकी रख रखाव के लिए विभाग के पास में मैनपावर नहीं है। इस कृषि उद्यान केंद्र में धान, गेहूं, बागवानी तथा फुलवारी आदि के लिए किसानों को समय-समय पर प्रशिक्षण दी जाती थी।

# रोटरेक्ट क्लब ने बुनियादी स्कूल में किया परिचर्चा का आयोजन

कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह/सिन्दरी (धनबाद) :** रोटारैक्ट क्लब ने दिव्यांग दिवस पर राजकीय बुनियादि विद्यालय, बीआईटी कैंपस में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 तक के छात्राएं शामिल हुए। परिचर्चा में मासिक धर्म स्वास्थ्य और अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बीच अंतर जैसे आवश्यक विषयों को एक आकर्षक पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से शामिल किया गया। सत्र के बाद, छात्रों को उनकी स्वच्छता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सैनिटरी पैड वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल संसाधन उपलब्ध कराना था बल्कि एक सहायक माहौल बनाना भी था जहां छात्र इन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य और सुरक्षा मुद्दों के बारे में खुलकर चर्चा कर सकें और सीख सकें। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाध्यापिका प्रो. डॉ. निर्मला, प्रो. माया, प्रो.-इंचार्ज प्रोफेसर एस.सी.दत्ता और रोटरी सिंदरी के सचिव रोटेरियन रंजीत सहित क्लब के सदस्य निधि श्री, मृदुला, नूपुर, निभा, करण, शोभित, सिद्धांत, मनीष, और खुशवंत उपस्थित थे। इससे पहले, 2 सितंबर को आयोजित पंख चरण 1 में सिंदरी के विभिन्न स्कूलों में सैनिटरी पैड का वितरण किया गया था। इस वार्षिक पहल के माध्यम से, बीआईटी सिन्दरी का रोटारैक्ट क्लब मासिक धर्म के आसपास के कलंक को तोड़ने, युवा लड़कियों को आवश्यक ज्ञान के साथ सशक्त बनाने और आवश्यक स्वच्छता उत्पादों तक उनकी पहुंच सुनिश्चित करने के अपने मिशन को जारी रखता है।

# युवाओं ने थामा झामुमो का दामन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद में दर्जन भर से अधिक युवाओं ने बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। झामुमो केंद्रीय सदस्य सह मिडिया पैनलिस्ट डॉ नीलम मिश्रा ने इन युवाओ का स्वागत किया। कार्यक्रम में केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, महानगर अध्यक्ष मंटू कुमार चौहान, उपाध्यक्ष मिहिर दत्ता, वकील दास,बंटी सिंह, प्रवक्ता आकाश रवानी, कोषाध्यक्ष टिंकू सरकार, संयुक्त सचिव राजेश तुरी, बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष राजू प्रामाणिक, मिडिया प्रभारी मिलन महतो, नये कार्यकर्ता जिन्होंने पार्टी की सदस्यता ली जिसमे शोषण चौधरी, चंदन सिंह, जोन वाकर, पवन यादव, अलोक सिंह, अंकित कुमार, प्रमित सिंह, राहुल सिंह, विशाल सिंह, अनीश अलबेला, अमरेंद्र सिंह, गोलू सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## विनिर्माण में प्रगति: विशेष प्रक्रियाओं और प्रथाओं पर एआईसीटीई-सहयोगी कार्यशाला का आयोजन

**सिन्दरी (धनबाद) :** विनिर्माण में प्रगतिः विशेष प्रक्रियाओं और प्रथाओं पर एआईसीटीई-सहयोगी कार्यशाला के दूसरा दिन, मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग विभाग, बीआईटी द्वारा आयोजित किया गया। सिन्दरी में प्रख्यात वक्ताओं द्वारा दो ज्ञानवर्धक अतिथि व्याख्यान दिये गये। कार्यक्रम का संचालन प्रो. सुमित शर्मा ने किया, तथा डॉ. बीएन, के नेतृत्व में आयोजित किया गया। रॉय, मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख सत्र में प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा दो विचारोत्तेजक व्याख्यान प्रस्तुत किये गये। प्रोफेसर अनीश कुमार सचदेवा ने विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण बनाम अनुभव-आधारित रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्णय लेने की पद्धतियों पर एक व्यावहारिक सत्र दिया।

# आउटसोर्सिंग परियोजना से घायल युवक के मामले में पुलिस ने किया घटनास्थल का निरीक्षण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** बीसीसीएल लोदना क्षेत्र के बरारी में संचालित सुशी आउटसोर्सिंग परियोजना के ओबी के चपेट में आने से दो माह पहले घायल हुए युवक अखिलेश कुमार के मामले में जोरापोखर थाना के प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने मामला दर्ज करने के बाद बुधवार को घटनास्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ने पांच नंबर धौडा के समीप की जा रही ओबी डंपिंग तथा परियोजना क्षेत्र को नागरिकों के सुरक्षात्मक पहलुओं को लेकर जायजा लिया। ज्ञातव्य हो कि बरारी में संचालित आउटसोर्सिंग परियोजना एवं उसका मलबा डंपिंग का कार्यस्थल बरारी, शराफतपुर, बागडिगी कोलियरी, पांच नंबर धौडा, मोदीभीठा, छह नंबर धौडा, बाजार धौड़ा, बरारी एक नंबर, छाता धौड़ा आदि मुहल्ले के बीच में पड़ता है। परियोजना चलाने तथा ओबी डंपिंग को आउटसोर्सिंग प्रबंधन को बीसीसीएल की ओर से पर्याप्त जमीन उपलब्ध नहीं कराने के चलते आसपास क्षेत्रों में ही परियोजना के मलबा की डंपिंग की जा रही है। बगैर सुरक्षा घेरा के परियोजना के विस्तारीकरण करने तथा ओबी डंपिंग किये जाने से अक्सर किसी न किसी प्रकार की दुर्घटनाएं होती रहती है। इसी क्रम में दो माह पहले बरारी पांच नंबर धौड़ा के समीप जंगल में गाय चराने गए अखिलेश कुमार मलबा डंपिंग के चपेट में आ गया जिसमें उसका एक पैर पूरी तरह कटकर अलग हो कर गंभीर रूप से घायल हो गया था। निरीक्षण के दौरान पीड़ित अखिलेश की मां और भाई शैलेश ने प्रभारी को बताया कि घटना के बाद आउटसोर्सिंग एवं परियोजना के अधिकारियों द्वारा घायल अखिलेश का समुचित इलाज कराने, उसे कृत्रिम पैर लगाने, नियोजन के तौर पर हर माह आठ हजार वेतन देने एवं इलाज के उपरांत समुचित मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया था । अब घटना के दो माह बीत जाने के बाद प्रबंधन द्वारा मुआवजा व सुविधा देने के मुद्दे पर टालमटोल करते हुए देने से इनकार कर रही है। प्रभारी ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने बताया कि बरारी क्षेत्र में आधा दर्जन मुहल्ले के बीच बिना सुरक्षा मानक सुनिश्चित किये उत्खनन परियोजना में खनन तथा ओबी डंपिंग कार्य करना कानूनी तौर पर गलत है। प्रबंधन को सुरक्षा मानकों की व्यवस्था कर उत्खनन कार्य करने को कहा जायेगा। विधिव्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले के खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का दूसरा दिन, संगीत की धुनों पर झूमे श्रद्धालु



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** हाउसिंग कॉलोनी धनबाद के समस्त भक्त जनों के तत्वावधान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन बुधवार को कथा वाचक महंथ राजीव लोचन शरण महाराज द्वारा शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्न रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती तो शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते पार्वती ने हंसते हुए कहा हर जन्म में क्या मैं ही मरती रही, आप क्यों नहीं। शंकर जी ने कहा हमने अमर कथा सुन रखी है पार्वती जी ने कहा मुझे भी वह अमर कथा सुनाइए शंकर जी पार्वती जी को अमर कथा सुनाने लगे। शिव-पार्वती के अलावा सिर्फ एक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया उसमें से श्री सुखदेव जी का प्राकट्य हुआ कथा सुनते सुनते पार्वती जी सो गई वह पूरी कथा श्री सुखदेव जी ने सुनी और अमर हो गए शंकर जी सुखदेव जी के पीछे उन्हें मृत्युदंड देने के लिए दौड़े। सुखदेव जी भागते भागते व्यास जी के आश्रम में पहुंचे और उनकी पत्नी के मुंह से गर्भ में प्रविष्ट हो गए। 12 वर्ष बाद श्री सुखदेव जी गर्व से बाहर आए इस तरह श्री सुखदेव जी का जन्म हुआ। कथा व्यास जी ने बताया कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाये गये नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं। कथा व्यास जी ने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। इसके साथ साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार श्री नारद जी का पूर्व जन्म, परीक्षित जन्म, कुन्ती देवी के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्यों कि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुये अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। साथ साथ परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान श्री शुकदेव उन्हे मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुये इत्यादि कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। साथ ही श्रीमद् भागवत तो दिव्य कल्पतरु है यह अर्थ, धर्म, काम के साथ साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान करके जीव को परम पद प्राप्त कराता है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल पुस्तक नही साक्षात श्रीकृष्ण स्वरुप है। इसके एक एक अक्षर में श्रीकृष्ण समाये हुए है। उन्होंने कहा कि कथा सुनना समस्त दान, व्रत, तीर्थ, पुण्यादि कर्मो से बढ़कर है। कथा सुनकर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा के मध्य में मेरी लगी श्याम संग प्रीत और मां की ममता के महत्व का भजन सुनकर भक्त आत्मसात हो गये। दूसरे दिन के मुख्य यजमान-आर.के. सिंह सपरिवार पूजन के मुख्य यजमान-रहे। कथा स्थल में यजमानों सहित कई गणमान्य अतिथियों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कार्रवाई। कथा में मुख्य रूप से समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, समाजसेवी, अमरेश सिंह, चंदन सिंह, सोनी झा, पवन, अविनाश, विवेक, राहुल, मनीष रंजन, शाही, कार्तिकेय, बी डी सिंह समस्त भक्त जनों की उपस्थिति रही।

## सम्पादकीय.....

# सदन में करवटें बदलतीं आत्माएं

**आपने** यदि गौर किया हो तो आप पाएंगे कि आजकल संसद के दोनों सदनों में पीठासीन प्रमुखों की आत्माएं अचानक करवटें बदलती दिखाई दे रहीं हैं। सदन चलने को लेकर दुनिया भर से मिल रही लानत मलानत के बाद लोकसभा हो या राज्य सभा अब केंद्रीय मंत्रियों को लताड़ मिलती दिखाई दे रहीं है। लोकसभा में यदि स्पीकर श्री ओम बिरला जी यदि संसदीय कार्यकमंत्री पर बिफरे तो राजयसभा कि सभापति माननीय धनकड़ जी ने सदन कि बाहर एक कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की क्लास ले ली। मंगलवार लोकसभा में शून्यकाल शुरू होने से पहले कार्यसूची में तमाम मंत्रियों के नाम से अंकित दस्तावेज संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल की ओर से प्रस्तुत किए जाने पर स्पीकर ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जिन मंत्रियों के नाम कार्यसूची में हैं, वे सदन में उपस्थित रहें। दरअसल, सदन में प्रश्नकाल खत्म होने के बाद दोपहर 12 बजे कार्यसूची में अंकित जरूरी कागजात संबंधित मंत्रियों की ओर से सदन के पटल पर रखे जाते हैं। हालांकि अगर कोई मंत्री सदन में उपस्थित नहीं रहता तो उनकी तरफ से संसदीय कार्य राज्य मंत्री इन्हें प्रस्तुत करते आये हैं। संसद में बहुत दिनों बाद स्पीकर को बदली हुई मुद्रा में देश ने देखा है। लगता है कि अब उन्हें उनकी आत्मा कचोटने लगी है। अहसास करने लगी है कि वे केवल सत्तापक्ष के लिए ही नहीं बने हैं। सदन में जरूरी प्रपत्र पेश किए जाने के दौरान वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद के नाम पर अंकित एक दस्तावेज को संसदीय कार्य राज्य मंत्री मेघवाल ने रखा। इस पर स्पीकर बिरला ने कहा कि उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सदन में बैठे हैं और उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहा जाना चाहिए था। इसके बाद गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार अपने नाम से अंकित दस्तावेज सदन के पटल पर रख रहे थे। उन्हें कठिनाई होने पर अन्य मंत्री उनकी मदद करते नजर आए। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ने इन मंत्रियों से कहा, 'आप एक-दूसरे को मत समझाओ।' फिर स्पीकर ने संसदीय राज्य मंत्री मेघवाल से ही संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा। लोकसभा की ही तरह राज्य सभा के बाहर एक समारोह में सभापति जयदीप धनकड़ अचानक किसान आंदोलन का प्रश्न आते ही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर पिल पड़े। किसान आंदोलन को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को सीधे कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कई सवाल किए। उन्होंने शिवराज की ओर इशारा करते हुए कहा, कृषि मंत्री जी, आपका एक-एक पल भारी है। मेरा आपसे आग्रह है और भारत के संविधान के तहत दूसरे पद पर विराजमान व्यक्ति आपसे अनुरोध कर रहा है कि कृपया करके मुझे बताइए कि किसान से क्या वादा किया गया था? और जो वादा किया गया था, वह क्यों नहीं निभाया गया ? आपको बता दें कि देश कि किसान एक बार फिर आंदोलित हो रहे हैं। धनकड़ का रूप विपक्ष के किसी संसद जैसा था। उन्होंने सवाल किया कि- वादा निभाने के लिए हम क्या कर रहे हैं? बीते साल भी आंदोलन था, इस साल भी आंदोलन है। कालचक्र घूम रहा है। हम कुछ नहीं कर रहे हैं।धनखड़ ने मुंबई में केंद्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान के शताब्दी समारोह के में ये बातें कहीं। कार्यक्रम में शिवराज भी मौजूद थे। हालांकि, उन्होंने उपराष्ट्रपति के सवालों का जवाब नहीं दिया।आपको याद होगा कि किसान आंदोलन को लेकर पूर्व में भाजपा के वरिष्ठ नेता और राजयपाल रहे सत्यपाल मलिक भी आग-बबूला हो चुके हैं और इसका खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ा है, लेकिन धनकड़ को पता है कि अब उनका कुछ बिगड़ने वाला नहीं है।

## ● किसने क्या कहा



भारतीय रेलवे प्रत्येक टिकट पर 46 प्रतिशत छूट प्रदान करता है

अश्विनी वैष्णव
रेल मंत्री

सुरक्षा और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सदन में अनुकरणीय आचरण प्रदर्शित करें

जगदीप धनखड़
राज्यसभा के सभापति



# मानवीय मूल्यों का पतन रोकना होगा

विशेष | नरेन्द्र भारती

> **हजारों** कंस पैदा हो रहे हैं एक कृष्ण कुछ नहीं कर सकता। आज कतरे भी खुद को दरिया समझने लगे है लेकिन समुद्र का अपना आस्तित्व है। मानव आज दानव बनता जा रहा है। संवेदनाएं दम तोड रही हैं। मानव आज लापरवाही से जंगलों में आग लगा रहा है उस आग में हजारों जीव-जन्तु जलकर राख हो रहे हैं। जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं ,जबकि सदियां गवाह है कि शहरों व आबादी वाले इलाकों में कभी नहीं आते थे ,मगर जब मानव ने जानवरों का भोजन खत्म कर दिया। जीव-जन्तओं को काट खाया तो जंगली जानवर भूख मिटाने के लिए आबादी का ही रूख करेंगें। नरभक्षी बनेगें। आज संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है। आज मानव मशीन बन गया है निजी स्वार्थो के आगे अंधा हो चुका है। अपने ऐशो आराम में मस्त है।

**मुंशी** प्रेमचन्द ने कहा था कि जहां 100 में से 80 लोग भूखे मरते हों वहां शराब पीना गरीबों के खून पीने के बराबर है। भूखे को यदि रोटी दे दी जाए तो भूखे की आत्मा की तृप्ति देखकर जो आनन्द प्राप्त होगा वह सच्चा सुख है। आज प्रकृति से छेडछाड हो रही है। प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता। प्रकृति एक ऐसी देवी है जो भेदभाव नहीं करती, प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा दे रही है। मानव कृतध्न बनता जा रहा है। मंदिरों में दुष्कर्म हो रहे है। आज मानव स्वार्थ की पट्टी के कारण अंधा होता जा रहा है। गाय पर अत्याचार हो रहा है। नफरत को छोड देना चाहिए0। प्रत्येक मनुष्य की सहायता करनी चाहिए। भगवान के पास हर चीज का लेखा-जोखा है। आज संस्कारों का अंतिम संस्कार व चीरहरण हो रहा है। संस्कार एक विरासत होती है। संस्कार के कारण ही मानव की पहचान होती है। संस्कारहीन मानव समाज के लिए घातक है। संस्कारों से बडी कोई पूंजी है। मानवीय मूल्यों का पतन होता जा रहा है। खूनी रिश्ते खून बहा रहे हैं। संस्कृति का विनाश हो रहा है। दया, धर्म, ईमान का नामोनिशान मिट चुका है। ईमानदारी कराह रही है। आत्मा सिसक रही है। अच्छाई बिलख रही है, भाईचारा, सहयोग, मदद एक अंधेरे कमरे में सिमट गये हैं।

इनसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है । क्योकि यदि पशु को एक जगह खूंटे से बांध दिया जाए,तो वह अपने आप को उसी अवस्था में ढाल लेता है। जबकि मानव परिस्थितियों के मुताबिक गिरगिट की तरह रंग बदलता है। वर्तमान में अच्छे व संस्कारवान मनुष्य की कोई गिनती नहीं है। बुराई का सर्वत्र बोलबाला हो रहा है । आज ईमानदारों को मुख्यधारा से हाशिए पर धकेला जा रहा है। गिरगिटों व बेईमानों को गले से लगाया जा रहा है। कहते हैं दुनिया में कोई ऐसी शक्ति नहीं है जो इनसान को गिरा सके ,इनसान ,इनसान द्वारा ही गिराया जाता है । ईश्वर की चक्की जब चलती है तो वह पाप व पापी को पीस कर रख देती है मानव सेवा ही नारायण सेवा है। यह अटल सत्य है। भगवान व शमशान को हर रोज याद करना चाहिए । किसी को दुखी नहीं करना चाहिए। मानवता ही सबसे बड़ी पूंजी होती है बेशक ईश्वर ने संसार में करोडों जीव जन्तु बनाए ,लेकिन इनसान सबसे अहम कृति बनाई । लेकिन ईश्वर की यह कृति पथभ्रष्ट हो रही है। आज सड़को पर आदमी तड़फ-तड़फ कर मर रहा है। आज पैसे का बोलबाला है। चोरउच्चकों, गुंडे, मवालिओं का आदर सत्कार किया जाता है। आज हंस भीड में खोते जा रहे हैं,कौओं को मंच मिल रहा है। हजारों कंस पैदा हो रहे हैं एक कृष्ण कुछ नहीं कर सकता। आज कतरे भी खुद को दरिया समझने लगे है लेकिन समुद्र का अपना आस्तित्व है। मानव आज दानव बनता जा रहा है। संवेदनाएं दम तोड रही हैं। मानव आज लापरवाही से जंगलों में आग लगा रहा है उस आग में हजारों जीव-जन्तु जलकर राख हो रहे हैं। जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं ,जबकि सदियां गवाह है कि शहरों व आबादी वाले इलाकों में कभी नहीं आते थे ,मगर जब मानव ने जानवरों का भोजन खत्म कर दिया। जीव-जन्तओं को काट खाया तो जंगली जानवर भूख मिटाने के लिए आबादी का ही रूख करेंगें। नरभक्षी बनेगें। आज संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है। आज मानव मशीन बन गया है निजी स्वार्थो के आगे अंधा हो चुका है। अपने ऐशो आराम में मस्त है। दुनिया से कोई लेना देना नहीं है। संस्कारों का जनाजा निकाला जा रहा है। मयार्दाएं भंग हो रही हैं। मानव सेवा परम धर्म है। आज लोग भूखे प्यासे मर रहे हैं । दो जून की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भूखमरी इतनी है कि शहरों में आदमी व कुते लोगों की फैंकी हुई जूठन तक एक साथ खाते हैं। आज मानव भगवान को न मानकर मानव निर्मित तथाकथित भगवानों को मान रहा है। आज मानव इतना गिर चुका है कि रिश्ते नाते भूल चुका है। रिश्तों में संक्रमण बढता जा रहा है। मानव धरती के लिए खून कर रहा है। कई पीढियां गुजर गई मगर आज तक न तो धरती किसी के साथ गई न जाएगी। फिर यह नफरत व दंगा फसाद क्यों हो रहा है। मानव, मानव से भेदभाव रि रहा है। उंच-नीच का तांडव हो रहा है। खून का रंग एक है फिर भी यह भेदभाव क्यों। यह बहुत गहरी खाई है इसे पाटना सबसे बडा धर्म है। आज लोग बिलासिता पर हजारों -लाखों रुपए पानी की तरह बहा देते हैं ,मगर किसी भूखे को एक रोटी नहीं खिला सकते। शराब पर पैसा उडा रहे हैं। अनैतिक कार्यो से पैसा कमा रहे हैं। पैसा पीर हो गया है।

# स्वयंसेवक रचते हैं सेवा एवं संस्कृति के नये स्वस्तिक

गौरतलब | ललित गर्ग

> **राष्ट्र** कई क्षेत्रों में प्रगति करने के बाद भी देश में गरीबी एक राक्षस के रूप में खड़ी है। जिस तरह हम विजयादशमी के दिन राक्षस रूपी पुतला का वध कर बुराई पर अच्छाई को स्थापित करने का संकल्प लेते हैं उसी तरह हमें इस गरीबी पर विजय पाने का प्रण लेना होगा। इसके लिए देश में सभी को नौकरी सरकार या निजी संस्थाएं दे नहीं सकती हैं। इसलिए हमें स्वरोजगार एवं स्व उद्यमिता पर जोर देना होगा।

**(अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस 5 दिसंबर)**

**सामाजिक** और आर्थिक विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस 5 दिसंबर को प्रतिवर्ष दुनिया भर में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 17 दिसंबर, 1985 को स्वयंसेवक दिवस मनाने की घोषणा की। तब से, अंतर्राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस संयुक्त राष्ट्र प्रणाली, सरकारों, नागरिक समाज संगठनों आदि द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने लगा। यह दिवस उन लोगों और संगठनों का सम्मान करता है जो दूसरों के जीवन को बेहतर बनाने एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए अपना समय और ऊर्जा स्वेच्छा से देते हैं। स्वयंसेवकों को मान्यता देने के साथ-साथ, इस दिन का उद्देश्य परोपकार, सेवा एवं सहायता के रूप में स्वयंसेवा को बढ़ावा देना भी है। यह स्वयंसेवकों से जुड़े संगठनों और व्यक्तिगत स्वयंसेवकों को स्वयंसेवा को बढ़ावा देने, सरकारों को स्वयंसेवी प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करने और स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की उपलब्धि में स्वयंसेवकों के योगदान को मान्यता देने का अवसर प्रदान करता है। पूरी दुनिया में 970 मिलियन स्वयंसेवक हैं। भले ही लाखों स्वयंसेवक हों, लेकिन दुनिया को हमेशा और अधिक की आवश्यकता है। आज देश एवं दुनिया के विभिन्न विश्वविद्यालयों में जिस स्वयंसेवक संगठन की उपयोगिता एवं सार्थकता की चर्चा है, जिसकी विलक्षणताओं एवं विशेषताओं पर शोध हो रहा है, वह है भारत का शताब्दी वर्ष मना रहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जो दुनिया सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। संघ देश की सरकारों तथा गैर-सरकारी संस्थाओं को आर्थिक तथा सामाजिक विकास के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहन देने एवं राष्ट्रीय अस्तित्व एवं अस्मिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का स्मरण कराता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भारत का एक दक्षिणपंथी, हिन्दू राष्ट्रवादी, अर्धसैनिक, स्वयंसेवक संगठन हैं, जो भारत के सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी का व्यापक रूप से पैतृक संगठन माना जाता हैं। यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अपेक्षा संघ या आर.एस.एस. के नाम से अधिक प्रसिद्ध है। बीबीसी के अनुसार संघ विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संस्थान है। इसकी स्थापना सन 27 सितंबर 1925 को विजयदशमी के दिन मोहिते के बाड़े नामक स्थान पर डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने की थी। संघ के 5 स्वयंसेवकों के साथ शुरू हुई विश्व की पहली शाखा आज 50 हजार से अधिक शाखाओ में बदल गई और ये 5 स्वयंसेवक आज करोड़ों स्वयंसेवकों के रूप में हमारे समाने हैं, जो स्वयं में एक विलक्षण एवं अद्भुत उदाहरण है।

## आज का इतिहास

- शाहजहां के छोटे बेटे मुराद ने 1657 में खुद को बादशाह घोषित किया।
- नेपोलियन बोनापार्ट रुस में भारी पराजय और नुकसान का सामना करने के बाद 1812 में फ्रास लौटे।
- रूस में 1917 में नई क्रांतिकारी सरकार गठन तथा रूस-जर्मनी के बीच युद्ध विराम।
- कनाडा में 1917 में हुए दो जहाजों के भीषण टक्कर में कम से कम 15 सौ लोगों की मौत हो गई।
- ब्रिटिश संसद द्वारा 1922 में आयरिश स्वतंत्र राज्य संविधान अधिनियम को स्वीकृति मिली।
- जापानी हवाई जहाज ने 1943 में कोलकाता पर बम गिराया।
- भारत में 1946 में होमगार्ड संगठन की स्थापना हुई।
- सिक्किम 1950 में भारत का संरक्षित राज्य बना।
- लंबी दूरी के टेलिफोन कॉल को हर घर तक पहुंचा देने वाली एसटीडी सेवा 1955 में आज ही के दिन अस्तित्व में आई।
- अफ्रीकी देश घाना ने 1960 में बेल्जियम के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किये।
- भारत ने 1971 में बांग्लादेश को एक देश के रूप में मान्यता दी।
- गेराल्ड फोर्ड ने 1973 में अमेरिका के उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।
- मुलायम सिंह यादव 1989 में पहली बार (उत्तर प्रदेश) के मुख्यमंत्री बने।
- विवादास्पद लेखक सलमान रुश्दी दो वर्ष के अंतराल के बाद 1990 में पहली बार लोगों के सामने आये।
- मुलायम सिंह यादव 1993 में पुनः (उत्तर प्रदेश) के मुख्यमंत्री बने थे।
- भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी, इटली में पोम्पेली और हम्र्यूलेनियम स्थल, पाकिस्तान में शेरशाह सूरी निर्मित रोहतास का कि ला और बांग्लादेश में सुंदरवन को 1997 में यूनेस्को ने विश्व धरोहर में शामिल या।
- चेचेन्या में रूस ने 1999 में अस्थायी तौर पर सेना तैनात करने की घोषणा की।
- भारतीय सुंदरी युक्ता मुखी 1999 में 'मिस वर्ल्ड' चुनी गईं।

## सुविचार

साहित्य का कर्तव्य केवल ज्ञान देना नहीं है, एक नया वातावरण देना भी है।

**डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन**

शत्रु का लोहा भले ही गर्म हो जाये, परंतु हथौड़ा तो ठंडा रहकर ही काम दे सकता है।

**सरदार पटेल**




## अपना दृष्टिकोण

**एक** कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी! पुरातत्वविद् ही एक ऐसा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है। कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है। प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम में बदलना।

# वाहनों की पार्किंग की बड़ी समस्या से जूझते शहर

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**भारत** में वाहन पार्किंग की समस्या महत्त्वपूर्ण शहरी चुनौती है, जो न केवल यातायात के प्रवाह को प्रभावित करती है, बल्कि शहरी जीवन के मूल ढांचे को भी प्रभावित करती है। यह समस्या तेजी से बढ़ते शहरीकरण, बढ़ते वाहन स्वामित्व और पुराने शहरी नियोजन के घालमेल से पैदा होती है, जो महानगरीय क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन के लिए जटिल दुविधा पैदा करती है। शहरों के विस्तार और वाहनों के स्वामित्व के अधिक सुलभ होने के साथ भारतीय शहरी केन्द्रों को वाहनों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने में संघर्ष करना पड़ रहा है। पर्याप्त पार्किंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और आज के समय में वाहनों की संख्या के हिसाब से शहरों को डिजाइन न किए जाने के कारण बड़े पैमाने पर अवैध पार्किंग होती है। इससे न केवल सड़कें जाम होती हैं बल्कि पैदल चलने वालों के लिए बनी जगह भी कम पड़ जाती है। कई भारतीय शहरों की स्थापना प्राचीन या औपनिवेशिक काल में हुई थी और उनकी योजना आधुनिक यातायात की मांग को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई थी। संकरी गलियाँ और मिश्रित भूमि उपयोग के कारण पार्क किए गए और चलते वाहनों के भार से दबाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, पार्किंग नियमों का ढीला-ढाला क्रियान्वयन तथा गैर-अनुपालन के प्रति सांस्कृतिक प्रवृत्ति स्थिति को और बिगाड़ देती है, जिससे शहरी स्थान अव्यवस्थित हो जाते हैं।

पार्किंग की समस्या का सीधा कई क्षेत्रों पर पड़ता है। बेशुमार गाड़ियों के जाम से यात्रा का समय बढ़ जाता है, प्रदूषण स्तर बढ़ता है तथा शहरी जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आती है। पैदल चलने वालों को विशेष रूप से परेशानी होती है क्योंकि पार्क किए गए वाहन अक्सर पैदल चलने के रास्तों पर अतिक्रमण कर लेते हैं। उन्हें मजबूरन सड़कों पर आना पड़ता है और उनकी सुरक्षा से समझौता होता है। आर्थिक दृष्टि से पार्किंग की कमी स्थानीय व्यवसायों को भी प्रभावित करती है क्योंकि भीड़भाड़ वाली सड़कें ग्राहकों को आकर्षित नहीं करती। पार्किंग स्थल की उच्च मांग से अचल संपत्ति की लागत भी बढ़ जाती है, जिससे हरित स्थलों की कीमत पर पार्किंग अवसंरचना के विकास को बढ़ावा मिलने से शहरी विस्तार और पर्यावरण क्षरण को बढ़ावा मिलता है। भारत में मोटर वाहनों से सम्बंधित मामले केंद्र और राज्य दोनों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालांकि भारत के शहरों के लिए वाहनों की बढ़ती भीड़ एक बड़ी समस्या है लेकिन ऑटोमोबाइल उद्योग पर प्रतिबंध लगने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि इसकी आर्थिक और रोजगार देने की क्षमता काफी ठीक है जो भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है। सभी पांच शहरों की पार्किंग नीतियाँ कुछ महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर सहमत होती दिखती हैं। वे इस बात पर एकमत हैं कि पार्किंग मुफ़्त नहीं हो सकती और जहाँ भी सार्वजनिक स्थान का उपयोग किया जाता है, वहाँ शुल्क लिया जाना चाहिए क्योंकि 'मुफ़्त पार्किंग' की अवधारणा टिकाऊ नहीं है।

पार्किंग समस्या के समाधान के लिए व्यापक रणनीति की आवश्यकता है जिसमें पर्याप्त पार्किंग अवसंरचना का विकास, स्मार्ट पार्किंग प्रौद्योगिकियों को अपनाना और पार्किंग विनियमों का प्रवर्तन शामिल हो। उदाहरण के लिए, पार्किंग क्षेत्रों को परिभाषित करना और वाहन पहचान सेंसर और स्वचालित लाइसेंस प्लेट पहचान जैसी तकनीक का उपयोग करके पार्किंग प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया जा सकता है।

## राशिफल

**मेष**: संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**तुला**: सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृष**: कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**वृश्चिक**: परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**मिथुन**: मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा।

**धनु**: कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है।

**कर्क**: शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**मकर**: पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**सिंह**: विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कुंभ**: दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें।

**कन्या**: क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी।

**मीन**: कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ एकजुट आतंकी व कट्टरपंथी संगठन

गौरतलब | रमेश शर्मा

> **यह** सबकुछ आतंकी और कट्टरपंथी संगठनों की योजना से हो रहा है। हमलों से स्पष्ट है कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार नाममात्र की है। परदे के पीछे इसका संचालन कट्टरपंथी संगठन कर रहे हैं। इसकी झलक उसी दिन मिल गई थी जब सरकार संभालते ही मोहम्मद युनुस ने कुछ आतंकी संगठनों से प्रतिबंध हटाया था। इन सभी आतंकी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान और चीन, दोनों का हाथ है इसीलिए युनूस सरकार आंखें मूंदकर बैठी है।

**बांग्लादेश** में हिन्दुओं के खिलाफ आतंकवादी और कट्टरवादी संगठन एकजुट हो गये हैं। हिन्दुओं पर धर्मान्तरण का दबाब बनाया जा रहा है। चटगाँव में तो एक हिन्दु परिवार को अंतिम संस्कार करने से भी रोका गया। इन कट्टरपंथी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान का हाथ है। जबकि चीन ने कट्टरपंथ इस्लामिक प्रतिनिधियों को अपने यहाँ दावत पर बुलाया है।

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के साथ हिन्दुओं पर हमले आरंभ हो गये थे जो अब चार महीने बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहे। हिन्दुओं के धर्मस्थलों पर लगातार हो रहे हमलों में बांग्लादेश में सक्रिय आतंकवादी संगठन, इस्लामिक धर्मगुरु और मुस्लिम कट्टरपंथी एकजुट हैं। इन्हें कथित साम्यवादी शक्तियों का भी समर्थन है। बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध यह गठबंधन ठीक उसी प्रकार है जैसे अगस्त 1946 मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन के समय देखा गया था। हिन्दुओं पर हमलों का वह दौर भी लंबा चला था और बंगाल व पंजाब में हिंसा भारत विभाजन तक जारी रही थी। वैसी ही हिंसा अब दिख रही है। गाँव-बस्ती की बात नहीं बांग्लादेश की जेलों में बंद हिंदू भी सुरक्षित नहीं रहे। जेल के भीतर भी हिंदुओं को निशाना बनाने की खबरें आ रहीं हैं। हसीना सरकार के कार्यकाल में बांग्लादेश की विभिन्न जेलों में लगभग 700 आतंकवादी बंद थे, जो रिहा कर दिये गये। लगता है हिन्दुओं पर हमलों की यह तैयारी बहुत पहले से कर ली गई थी। इसकी किसी को भनक तक न लगी। बंगलादेश में सत्ता परिवर्तन का अभियान छात्र आंदोलन के नाम पर आरंभ हुआ था जिसमें हिन्दू छात्र भी सम्मिलित थे। लेकिन जैसे ही शेख हसीना ने बांग्लादेश देश छोड़ कर भारत में शरण ली, उसी दिन से हिंदुओं पर हमले शुरू हो गये। सबसे पहले भीड़ ने उन हिन्दू छात्रों को निशाना बनाया था जो आंदोलन में शामिल थे। उसके बाद नगरों और गांवों में हिन्दुओं पर हमले शुरू हुये। इन चार महीनों में हमलों की कितनी घटनाएँ हुई इसका सही आंकड़ा नहीं है, चूंकि अधिकांश स्थानों पर स्थानीय पुलिस हमलावरों से मिली होती है। मीडिया में ढाका से कुछ वीडियो तो ऐसे भी आये जिनमें पुलिस की ड्रेस पहने व्यक्ति भी लूटपाट करते और महिलाओं को घसीटते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, चटगाँव के एक वीडियो में भीड़ ने हिन्दुओं को मृतक का अंतिम संस्कार करने से रोका और हिन्दू परिवार को अपने परिजन का अग्निदाह के बजाय उन्हें धरती में दफ्न करना पड़ा। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे ऐसे अमानवीय और क्रूरतम हमलों की कहानी बयान करने वाले कई वीडियो सामने आये हैं। इनमें से कुछ तो भारत के राष्ट्रीय चैनलों ने दिखाये भी गए हैं। इससे भारत में विरोध के स्वर उभरे तो अब बांग्लादेश सरकार ने ऐसी वीडियो पर रोक लगा दी है। पिछले तीन-चार दिनों से ऐसे वीडियो भारत नहीं आ पा रहे लेकिन हिन्दुओं पर हमलों घटनाएँ निरंतर घट रही हैं। बांग्लादेश में जिस प्रकार हिन्दुओं और उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है, यह सामान्य नहीं है।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक: नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड): विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### सीनियर नेशनल झारखंड फ्री स्टाइल की पुरुष टीम के बने कोच निलेश कुमार साहू

**गुमला :** सीनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता 2024 के लिए झारखण्ड फ्री स्टाइल पुरूष कुश्ती टीम आज रांची से बैंगलोर कर्नाटक रवाना हुए। सीनियर नेशनल झारखण्ड फ्री स्टाइल पुरूष कुश्ती टीम के कोच बने निलेश कुमार साहू 2024 सीनियर राष्ट्रीय, पुरुष फ्रीस्टाइल/ ग्रीको रोमन एवं महिला फ्रीस्टाइल राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता जिसका आयोजन 06 से 08 दिसंबर 2024 तक बैंगलोर, कर्नाटक में आयोजित हो रहा है इस कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड के फ्री स्टाइल कुश्ती खिलाड़ी जिसमें 10 खिलाड़ी एवं 1 प्रशिक्षक शामिल है आज रवाना हुए। निलेश कुमार साहू के सिलेक्शन होने पर गुमला के गुमला जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, गुमला जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष लाल चंद्रशेखर नाथ शाहदेव, आदित्य साहू, अंगद विनायक राकेश कुमार, संदीप सोनी, राहुल कुमार, रोहित कुमार,दीपक कुमार विभिन्न खेल संघों के अधिकारी एवं खेल–खिलाड़ी और खेल प्रेमियों ने बधाई दिये।

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद ग्रामीणों में भय का माहौल

**गुमला :** घाघरा थाना क्षेत्र के सेमला गांव से घाघरा पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। शव को जंगली जानवर और कुत्तों द्वारा कमर से नीचे का आधा भाग को खाकर खत्म कर दिया गया था। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। शव की स्थिति को देख यह प्रतीत हो रहा था कि उसकी मौत लगभग चार दिन पूर्व ही हो चुकी हो। वहीं उक्त व्यक्ति का शव सरसों के खेत में छुपाने के ख्याल से फेंक दिया हो। हत्या है या कुछ और संशय बना हुआ है।वहीं ग्रामीणों में भय का माहौल भी बना हुआ है। हालांकि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लगभग चार दिन पूर्व ही उक्त अज्ञात व्यक्ति का मौत हो गयी हो। कुत्तों द्वारा उक्त शव को खाने के कारण शव क्षत बिक्षत हो गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### आर्मी बहाली में बिहार गया 34 वर्षीय युवक लापता

**गुमला :** गुमला प्रखंड के भलदम चट्टी के 34 साल के युवक प्रकाश तिर्की अपने घर से आर्मी बहाली के लिए अपने घर से 22/11/24/ को बिहार के दानापुर के लिए निकला और 24/11/24/ को बहाली में भाग लिया उसके बाद दिनांक 29/11/24/ को अपने बहन से फोन पर बात चीत किया। पटना से गुमला आने के दौरान युवक हुआ लापता। और ना ही फोन लग रहा है। युवक के माता पतरेशिया तिर्की ने आज पुरे मामले को लेकर मजदूर संघ प्रदेश वा गुमला जिला कार्यालय आ कर लिखित आवेदन देते हुए अपने लापता बेटा को खोज बीन कराने में सहयोग की गुहार लगाई है। वहीं इस पुरे मामले में मजदूर संघ सचिव जुम्मन खान ने कहा कि हमारी टीम पुरी कोशिश करेगा लापता युवक को खोज बीन कराने की। हम इस पुरे मामले को अपने पटना टीम को अवगत कराएंगे। तथा खोज बीन कराने की कोशिश करेंगे।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न, डीसी ने हर हाल में अवैध खनन रोकने के दिये निर्देश

# अवैध खनन करनेवालों पर प्राथमिकी दर्ज कर भेजें जेल : डीसी

■ जिले में अवैध माइनिंग किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला खनन टास्क फोर्स समिति की बैठक हुई। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पिछले दो महीने में अबतक अवैध परिवहन व खनन कर रहे कुल 43 वाहनों को जब्त किया गया है साथ ही 32.35 लाख रुपये बतौर जुमार्ना भी वसूला गया। वहीं कुल 6 प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री रंजन ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को उनके क्षेत्र में संचालित अवैध माइनिंग के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स का गठन कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने बिना सीटीआई और लाइसेंस प्राप्त किए जिले में संचालित क्रेशर को सील करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने ओवरलोडिंग की समस्या को भी रेखांकित करते हुए ऐसे वाहनों को चिन्हित करते हुए कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने जिला खनन पदाधिकारी एवं सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर अवैध माइनिंग के विरुद्ध छापामारी करने कि बात कही।

**इंटर स्टेट बॉर्डर पर सीसीटीवी के अधिष्ठापन पर हुई चर्चा**

बैठक में इंटर स्टेट बॉर्डर को अवैध माइनिंग के दृष्टि से सुरक्षित करने को लेकर नाईट विजन एनेबल्ड सीसीटीवी अधिष्ठापन करने पर भी विचार किया गया। उन्होंने छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी को अवैध माइनिंग पर लगाम लगाने को लेकर टोल प्लाजा का मदद लेने पर भी बल दिया। इसके साथ हो डीआईओ को माइंस को लेकर नजरी नक्शा बनाने के भी निर्देश दिये।

**जहां भी अवैध बालू उठाव की सम्भावना, वहां ट्रेंच खोद कर रास्ता को अवरुद्ध करें : उपायुक्त**

बैठक में उन्होंने सभी थाना प्रभारी व अंचलाधिकारी से कहा कि जहां भी आपके क्षेत्र अंतर्गत अवैध बालू के उठाव संभावना है, वहां ट्रेंच खोदकर उस रास्ते को अवरुद्ध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने क्रशरों के आस-पास विभिन्न तरह के अवैध गतिविधि पर रोक लगाने पर बल दिया।इस कार्य में उत्पाद अधीक्षक का सहयोग लेने की बात कही। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन, डीएफओ, अपर समाहर्ता समेत विभिन्न एसडीओ, एसडीपीओ व थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

## विकास की योजनाओं को समय से करें पूर्ण : बीडीओ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गारू/लातेहार :** गारू प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अभय कुमार के द्वारा बुधवार को मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे 15वें वित्त आयोग, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास आदि की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा मुकेश प्रसाद, प्रखंड समन्यवक आवास, प्रखंड समन्यवक 15वें वित्त आयोग, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, सभी पंचायत सचिव, सभी रोजगार सेवक उपस्थित हुए। बैठक में बीडीओ अभय कुमार नें नें सभी कर्मी को आपसी समन्वय बनाकर विकास योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## डीसी ने पेयजल विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन के तहत कार्यो की समीक्षा की

# छत्तरपुर के सहायक व कनीय अभियंता के वेतन पर रोक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में जिले में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत निमिया में चल रहे एमवीएस के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने तय अवधिनुसार कार्य नहीं करने को लेकर संबंधित संवेदक को शोकॉज करने की बात कही। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि उपरोक्त योजना में कनीय अभियंता व सहायक अभियंता द्वारा भी लापरवाही बरती गयी है, दोनों अभियंताओं द्वारा अपने कार्यों का सही ढंग से निर्वहन नहीं किया है। उपायुक्त ने दोनों अभियंताओं को भी शोकॉज करने को बात कही। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद कार्य संतोषजनक नहीं पाया गया तो इनके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी। बैठक में उपायुक्त श्री रंजन ने छत्तरपुर में भी संचालित एमवीएस स्कीम का रीव्यू किया। इसमें पाया गया कि विभाग द्वारा एकरार नामानुसार कार्य नहीं किया जा रहा है। जांच में संवेदक द्वारा कार्य करने वाले मजदूरों को पेमेंट भी नहीं किया जा रहा है जिसके कारण कार्य लंबित है। इस मामले में भी डीसी ने संवेदक को शोकॉज करने की बात कही साथ ही कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं होने की स्थिति में नियमानुसार संवेदक के साथ एकरारनामा रद्द करने पर भी विचार करने की बात कही। इसके अलावे उन्होंने संबंधित सहायक व कनीय अभियंता के वेतन पर रोक लगाने की बात कही। इसी तरह उपायुक्त ने हरिहरगंज, तोलरा, मझिआंव में संचालित मल्टी विलेज स्किम की सभी समीक्षा कर कई बिंदुओं पर निर्देशित किया।

## लिंग आधारित हिंसा समाज के लिए अभिशाप : सीओ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गारू/लातेहार :** गारू प्रखंड कार्यालय के सभागार में लिंग आधारित हिंसा के विरुद्ध अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गारू अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा समाज के लिए एक अभिशाप है, जिसे हमें मिलकर खत्म करना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के प्रति हिंसा एक गंभीर समस्या है, जिसे हमें अपने समाज से मिटाना होगा कार्यक्रम की अध्यक्षता गारू अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा इस अभियान का उद्देश्य लिंग आधारित हिंसा के प्रति जागरूकता फैलाना और इसके खिलाफ कार्रवाई करना है कार्यक्रम की अध्यक्षता गारू अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा अभियान के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सेमिनार, वर्कशॉप और जागरूकता



रैली शामिल हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता गारू अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा मौके पर बीपीएम गौरव कुमार, बारेसांढ़ मुखिया रुपमनी नगेसिया तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में आईटीडीए व कल्याण विभाग की बैठक हुई सम्पन्न

# प्री मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक के तहत छात्र-छात्राओं को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति देने के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आइटीडीए) एवं कल्याण विभाग से संचालित योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की कार्य प्रगति की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने छात्रवृति योजना, साइकिल वितरण योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, बिरसा आवास निर्माण योजना, कब्रिस्तान घेराबंदी समेत अन्य योजनाओं के कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। समीक्षा के क्रम में अब तक हुए मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, छात्रवृत्ति भुगतान की जानकारी लेते हुए शत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को छात्रवृति मिले इसे सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ हीं कल्याण विभाग की योजनाओं में गति देने एवं लगातार उनकी मॉनीटरिंग करते रहने का निर्देश दिया। वहीं जिला कल्याण पदाधिकारी को बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में धुमकुड़िया भवन, कब्रिस्तान, सरना/ मसना एवं जाहेरस्थान घेराबंदी, बिरसा आवास समेत सभी संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी एवं लंबित योजनाओं को आगामी 15 फरवरी तक पूर्ण करवाने को लेकर आइटीडीए निदेशक को निर्देशित किया गया। इसके अलावे समीक्षा के क्रम में अंचलवार वनाधिकार पट्टा वितरण, वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत अनुमंडल स्तर पर लंबित व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावों से संबंधित प्रगति की जानकारी ली गई और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल कमलेश कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ लातेहार में सनातनियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** बांग्लोादेश में हिन्दु व हिंदुओं के मंदिरों पर हो रहे हमले व अत्या चार के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय में सर्व सनातन समाज के तत्वाहवधान में एक विशाल रैली निकाली गयी। रैली में लोगों ने बांग्लाादेश में हिंदु व अन्य अल्पिसंख्येकों पर हो रहे हमले को रोकने की मांग की। रैली शहर के बाजारटांड़ से प्रारंभ हुई और मुख्य पथ होते हुए समाहरणालय पहुंची। यहां महामहिम राष्ट्रापति के नाम एक ज्ञापन उपायुक्तथ को सौपा गया। ज्ञापन में बांग्लाादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्यापचार को तत्कापल बंद कराने, इस्कॉमन के सन्याासी चिन्ममय कृष्ण दास को अन्याचयपूर्ण करावास से मुक्तथ कराने, इस्ला मिक कट्टर अल्पयसंख्यहकों के द्वारा हिन्दुओं पर हमले, हत्यास, लूट, आगजनी और महिलाओं पर हो रहे अमानवीय व्यंवहार तत्का ल बंद कराने की मांग की गयी है। कहा गया कि वर्तमान की बांग्लहदेश सरकार व अन्यव एजेंसियां इसे रोकने के बजाय मूकदर्शक बनी हुइ है। ज्ञापन में कहा गया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शनों में हिंदुओं का नेतत्वै कर रहे इस्का न के सन्या सी चिन्मलय कृष्णप दास को बांग्लाददेश सरकार के द्वारा कारावास में भेजना अन्याायपूर्ण है।

## बांग्लादेश हिन्दुओं पर अत्याचार रोके नहीं तो बिजली बंद करें मोदी : रूचिर तिवारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मेदिनीनगर :**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने बंगलादेश में हो रहे हिंदुओं के अत्याचार पर चिंता व्यक्त किया और उन्होंने कहा कि अत्याचार किसी भी व्यक्ति के द्वारा किसी अन्य प्राणी पर अकारण करना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है उसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन होनी चाहिए लेकिन भाजपा के डाल्टनगंज और पार्टी के विधायक और भाजपा के सांसद और नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष जाकर एक लिखित आवेदन देनी चाहिए ताकि बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को रोकने के लिए नरेंद्र मोदी कारवाई कर सके। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व संगठन में बात को रखनी चाहिए और वहां से काम नहीं बनने पर बांग्लादेश को सीधे बिजली एवं अन्य सामग्री जो हिंदुस्तान से जाता है उसे पर रोक लगानी चाहिए हमारे देश का यह दुर्भाग्य है कि हमारे देश के प्रधानमंत्री एवं उनकी पार्टी के लोग दिन-रात हिंदुओं की रक्षा करने की बात एवं भारत को विश्व गुरु बनाने की बात करने वाले प्रधानमंत्री के देश में बगल के पड़ोसी राज्य के नागरिकों पर अत्याचार हो रहा है।

## गोठगांव में धूमधाम से मना संत जेवियर्स पर्व



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**महुआडांड/लातेहार :** सेंट जेवियर्स स्कूल, गोठगांव में सेंट फ्रांसिस जेवियर के त्योहार को स्कूल दिवस का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत एक पवित्र मिस्सा के साथ हुई, जिसका मुख्य अनुष्ठाता फादर अजय मिंज एस जे थे। उन्होंने अपने संदेश में छात्रों को सेंट फ्रांसिस जेवियर के जीवन की सेवा और समर्पण की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया। फादर अजय ने अपने संदेश में छात्रों को आंतरिक परिवर्तन, विनम्र सेवा, मिशन केंद्रित, आनंदमयी उदारता और लचीलेपन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को सफलता के लिए 4 सी का महत्व भी बताया, जो हैं प्रतिबद्धता, करुणा, क्षमता और विवेक। इसके बाद, छात्रों ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें आदिवासी नृत्य, दांडिया नृत्य, नागपुरी नृत्य और पिहू नृत्य जैसे विभिन्न कार्यक्रम शामिल थे। इस कार्यक्रम में प्रिंसिपल सिस्टर क्रिस्टीना के नेतृत्व में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।यह समारोह स्कूल के प्रिंसिपल सिस्टर क्रिस्टीना के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर, उन्होंने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उन्हें आगे भी ऐसी ही उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया।इस समारोह में स्कूल के सचिव फादर मोरिश टोप्पो, फादर एमिल, अभिभावक गण, शिक्षक और छात्रों ने भाग लिया।

## लातेहार जिला अंतर्गत सभी बालिका गृह बालिका आवासीय विद्यालय व कस्तूरबा जांच आवश्यक : अनीता देवी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** जिप उपाध्यक्ष ने बुधवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता से उनके कक्ष में भेंट कर महिलाओं एवं बच्चियों के प्रति हो रहे अपराध पर चिंता व्यक्त की और उन्हें एक लिखित ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने बताया कि बच्चियों एवं महिलाओं पर बढ़ रहे अपराध को ध्यान में रखते हुए जिले में अवस्थित सभी केंद्रों जहां महिलाएं एवं बच्चियां शिक्षारत्त /कार्यरत हैं की जांच महिला की जानी आवश्यकता प्रतीत होती है। पलामू बालिका गृह कांड ने दिखा दिया है कि बच्चियां कहीं भी सुरक्षित नहीं है। ऐसी स्थिति में लातेहार जिले में जितने भी बालिका गृह, बालिका आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा



विद्यालय अवस्थित है उनकी जांच महिला पदाधिकारियों की टीम के द्वारा करना आवश्यक है। जिस पर उपायुक्त सकारात्मक आश्वासन दिया।

## आवासीय विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था की हकीकत जानने लातेहार पहुंचे आयुक्त के सचिव–सह–उप निदेशक कल्याण

# घंटी आधारित अनुपस्थिती, शिक्षकों से स्पष्टीकरण का आदेश, अध्यापन कार्य छोड़ कॉपी काटने में जुटे शिक्षकों को दी चेतावनी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लातेहार :** आयुक्त के सचिव-सह-उपनिदेशक कल्याण बिजय वर्मा ने जिले के राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, छीपादोहर एवं राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय, हेंदेहास का औचक निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों को उपलब्ध होने वाले स्कूल कीट (पाठया सामग्री), पोशाक एवं जूते का भी अवलोकन किया। इसके अलावा विद्यार्थियों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों के हॉस्टल की व्यवस्था, बेड, मच्छरदानी, शुद्ध पेयजल, नास्ता, भोजन की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। साथ ही शिक्षकों की उपस्थिति, उनके द्वारा अध्यापन कार्य कराये जाने की व्यवस्था, मेन्यू आधारित भोजन दिये जाने की व्यवस्था सहित अन्य बिंदुओं की सूक्ष्मता से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा- निदेश दिए। राजकीय अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, छीपादोहर का निरीक्षण के दौरान घंटी आधारित शिक्षक रेश्मा कौशर, नंद किशोर कुमार, विजय दशमी बिना किसी सूचना के विद्यालय से अनुपस्थित पाये गये। इन अनुपस्थित शिक्षकों से स्पष्टीकरण का सख्त निदेश देते हुए जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा कार्रवाई के लिए लिखते हुए उनके माध्यम से रिपोर्ट भेजने का सख्त निदेश दिया। साथ ही अध्यापन के समय कक्षा में पढ़ाने के बजाए कॉपी काटते नजर आये घंटी आधारित शिक्षक विक्रम कुमार गौरव एवं अनीस कुजूर को कड़ी चेतावनी देते हुए अध्यापन कार्य कराने का सख्त निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई की अवधि में विद्यार्थियों को पढ़ाने के अलावा अन्य कार्य नहीं किये जाएं। उन्होंने विद्यालय से अनुपस्थित विद्यार्थियों की उपस्थिति हेतु उनके अभिभावकों से अभिलंब संपर्क स्थापित करते हुए ड्रॉप आउट होने की संभावना से बचाते हुए विद्यालय में उपस्थित कराने एवं उन्हें शिक्षण कार्य से जोड़े रखने का निदेश दिया गया। इस दौरान न्होंने सभी कक्षाओं का निरीक्षण कर अध्ययनरत विद्यार्थियों से बातचीत की। उनके पाठ्य सामग्री पोषाक, जूते आदि का अवलोकन किया। कई विद्यार्थी पूर्ण पोषाक धारण नहीं किये हुए थे। वहीं कई विद्यार्थी चप्पल पहनकर कक्षा में उपस्थित पाये गये। इसपर आयुक्त के सचिव ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्राचार्य को व्यवस्था सुधारने का सख्त निदेश दिया।इधर, अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय, हेंदेहास के औचक निरीक्षण के दौरान मुक्कमल सफाई व्यवस्था नहीं पाई गयी। वहीं शिक्षक नवीन कुमार मेदिनीनगर से आवाजाही करते हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पिछले तीन दिनों से सोलर सिस्टम खराब पड़ा है। इससे बच्चों को पेयजल एवं शौचालय जाने में समस्याएं आ रही हैं। इसके अलावां आवासन एवं कक्षाओं में प्रकाश व्यवस्था में कमी पाई गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा इसकी सूचना किसी वरीय पदाधिकारियों को नहीं दी गई है और न ही सोलर सिस्टम बनवाने की कोई ठोस पहल ही की गई है। हॉस्टल एवं कक्षाओं में समुचित प्रकाश व्यवस्था नहीं मिलने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण शौच हेतु विद्यार्थी विद्यालय के बाहर जाने को मजबूर पाये गये। इसपर आयुक्त के सचिव-सह-उपनिदेशक कल्याण ने कड़ी हिदायत देते हुए सोलर सिस्टम को शीघ्र ठीक कराने का निदेश दिया। इसके अलावा हॉस्टल में विद्यार्थियों को बिछावन उपलब्ध कराने एवं स्वच्छ रखने का निदेश दिया। आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति की गई सभी सामग्री का रजिस्टर मेंटेन का भी निदेश दिया गया। उन्होंने विद्यालय की कमियों को दूर करने हेतु समयबद्धता के साथ कोई पहल नहीं किये जाने को लेकर प्रधानाध्यापक जीतन मरांडी को स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया।



## एक झलक

### यादव समाज ने की बाबा वीर कुंवर की पूजा-अर्चना

**भवनाथपुर** : प्रखंड के कैलान में बाबा वीर कुंवर का यादव समाज के द्वारा पूजा-अर्चना की गयी। मुख्य पुजारी रामधनी यादव ने पूजा कराया गया। उन्होंने बताया यादव समाज के लोग इस उद्यान पूजा को पूरे देश में धूमधाम से मनाते हैं। पूजा के अवसर पर 24 घंटे का जागरण का भी कार्यक्रम हुआ। इस दिन बाबा के स्थान पर ही मुख्य रूप से जाउर, जो दूध का बना होता है, उसका प्रसाद के रूप में वितरण किया जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि हम सभी के पूर्वज इस पूजा को महान पूजा के रूप में मानते आए हैं, यादव समाज के लिए यह पूजा धरोहर के रूप में जिसे हम सभी को संजोग कर रखने की जरूरत है। इस मौके पर श्याम बिहारी यादव, विजय यादव, हरिहर यादव, नन्हक यादव,सुरुज यादव मानिक यादव, विनोद यादव, बालमुकुंद यादव, बंशीधर यादव, काईल यादव, मनोज यादव, जगदीश यादव,राम गणेश यादव, मेघनाथ यादव, अम्बिका यादव, नन्द कुमारयादव, भुनेश्वर यादव, बिरबल यादव, हरि यादव, ओम प्रकाश यादव, उमेश यादव, पलकू यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

### आरपीवाई बीएड कॉलेज में 'बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट' प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा** : रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बुधवार को सहायक प्राध्यापक विनोद यादव के देख-रेख में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने विभिन्न प्रकार के घर मे उपयोग किये गए वेस्ट मैटेरियल का उपयोग कर आकर्षक चीजें बनायी। निर्णायक के रूप में सहायक प्राध्यापक डॉ. संजीव कुमार व राजेश पांडेय थे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय को मैडल देकर सम्मानित किया गया जबकि दो अन्य को संतावना पुरष्कार से सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले में प्रिंस कुमार, द्वितीय मो.अल्ताफ व तृतीय मुस्कान कुमारी रही, जबकि संतावना पुराष्कार वालों में प्रिया रानी और अनुष्का कुमारी रही। मौके पर रविभूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, जयन्ती कुमारी, खामा रानी सहित शिक्षकेत्तर कर्मचारी सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, शाहिद खान, गौरव कुमार, सेंटू कुमार, कुंदन कुमार, चंदन कुमार सहित सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुगण नेहा रानी, गुलाम हंजला, पूजा रानी, स्मृति कुमारी, सोनम कुमारी, मुन्ना यादव, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

### लोकसभा में गूंजा मेदिनीनगर में पेयजल की समस्या का मामला

**पलामू** : सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने बुधवार को लोकसभा में नियम 377 के तहत मेदिनीनगर शहर में पेयजल की समस्या के निवारण के लिए कोयल एवं अमानत नदी में दो-तीन जगहों पर बियर बनाने से संबंधी महत्वपूर्ण मामले को उठाया। सांसद ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य शहर मेदिनीनगर है, जो कोयल नदी एवं अमानत नदी के तट पर बसा हुआ है और ये दोनों नदियां वहां के लोगों के लिए लाइफ लाइन है लेकिन दुर्भाग्यवश गर्मी के दिनों में दोनों बिल्कुल सूख जाती हैं तथा शहर का जल स्तर काफी नीचे चला जाता है।

## एम्स की सुविधाओं व व्यवस्थाओं को सुलभ व सुदृढ़ करने के उपायुक्त ने दिये निर्देश

# तय समय के अनुरूप पूर्ण करें कार्य : विशाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**देवघर** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में एम्स प्रबंधन को जिला प्रशासन द्वारा मुहैया कराई जाने वाली विभिन्न व्यस्थाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति, अग्निशमन व्यवस्था, एम्स परिसर हेतु यातायात की सुविधा, एम्स के हस्तांतिरत जमीन की घेराबंदी, एम्स के आसपास प्लान्ड डेवलपमेंट, सुरक्षा व्यवस्था के साथ विभिन्न बिंदुओ पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गयी कि एम्स को आवश्यकता अनुसार रोजाना 07 लाख लीटर जलापूर्ति मुहैया कराया जा रहा है और आने वाले समय में एम्स की अधिकतम आवश्यकता को देखते हुए 30 लाख लीटर रोजाना पेयजलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही एम्स प्रांगण में अग्निशमन व्यवस्था की सुदृढ़ करने के उदेश्य से एक अग्निशमन वाहन एवं अग्निशमन विभाग से कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है, ताकि आवश्यकतानुसार व्यवस्था एम्स प्रांगण में सुनिश्चित की जा सके। आगे उपायुक्त ने एम्स के नजदीक क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय के अस्थाई संचालन हेतु सरकारी भवन चयनित करने का उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेश दिया। साथ ही विद्युत सर्वे से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रस्ताव को भेजने के पश्चात किये जाने वाले कार्यों को लेकर संबंधित कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर ने एम्स से जुड़े यातायात सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जसीडीह रेलवे स्टेशन से एम्स तक वाहनों की व्यवस्था के अलावा एम्स परिसर एम्स परिसर तक अन्य महत्वपूर्ण स्थानों से आवागमन की सुविधा, किराया एवं अन्य यातायात से जुड़ी व्यवस्था को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने एम्स परिसर हेतु हस्तांतरित भूमि को सुरक्षित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराने निदेश दिया। साथ ही उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को एम्स प्रबंधन से समन्वय स्थापित करते आवश्यक कारवाई करने का निर्देश दिया, ताकि तय समय अनुसार सभी कार्यों को दुरूस्त किया जा सके। इस दौरान उपरोक्त के अलावे अपर समाहर्ता हीरा कुमार, उप निदेशक एम्स, जिला परिवहन पदाधिकारी अमर जॉन आईंद, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमर कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल देवघर, अग्निशमन पदाधिकारी, देवीपुर अंचलाधिकारी, सहायत जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी एवं संबंधित विभाग व एम्स के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शेष बचे कार्यों को ससमय करें पूर्ण



# झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन जारी रहेगा : सांसद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : माननीय सांसद पलामू श्री विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों के फलस्वरुप हटिया आनंद विहार अप/डाउन झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 12873/12874 का परिचालन जारी रहेगा। विदित है कि रेलवे बोर्ड द्वारा 2 दिसंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक ठंड में कोहरे का बहाना बनाकर इस ट्रेन को बंद करने का निर्णय लिया गया था। श्री राम ने उक्त संबंध में माननीय रेल मंत्री आदरणीय श्री अश्विनी वैष्णव एवं रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्री सतीश कुमार को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उक्त ट्रेन का परिचालन जारी रखने का अनुरोध किया था। माननीय सांसद ने कहा था कि इस ट्रेन से सर्वाधिक लाभ पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें पलामू एवं गढवा के लोगों को मिलता है। देश की राजधानी से कनेक्ट होने और दिल्ली में उच्चतर चिकित्सा संस्थान में इलाज हेतु आने जाने के लिए उक्त ट्रेन सर्वोत्तम साधन है। पलामू, गढ़वा, लातेहार (झारखंड) एवं सोनभद्र (उत्तर प्रदेश) आकांक्षी जिलों की सूची में शामिल हैं। उपरोक्त जिलों के छात्र/छात्राओं, व्यवसायियों एवं मरीजों के आवागमन के साधन को बढ़ाने के बजाय 38 दिनों के लिए कम करना उचित नहीं है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को पुराने और बेतुके निर्णय की परंपरा को समाप्त करने के लिए ही जाना जाता है। उक्त ट्रेन के परिचालन जारी रहने से यात्रियों को आवागमन सुगम होगी। माननीय सांसद ने इसके लिए माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी एवं रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार जी को पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है।



### अमानत नदी में दो-तीन जगहों पर बियर बनाने से सम्बन्धी महत्वपूर्ण मामले को उठाया : सांसद

**मेदिनीनगर** : पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने आज लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मेदिनीनगर शहर में पेयजल की समस्या के निवारण हेतु कोयल एवं अमानत नदी में दो-तीन जगहों पर बियर बनाने से संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया।श्री राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मुख्य शहर मेदिनीनगर है जो कोयल नदी एवं अमानत नदी के तट पर बसा हुआ है और ये दोनों नदी वहां के लोगों के लिए लाइफ लाइन है, परंतु दुर्भाग्यवश गर्मी के दिनों में दोनों बिल्कुल सुख जाती है तथा मेदिनीनगर शहर का जल स्तर काफी नीचे चला जाता है जिसके चलते शहर में पाइप के माध्यम से वहाँ के निवासियों को पेयजल उपलब्ध कराना दुष्कर हो जाता है। इतना ही नही वहां इतनी प्रचंड गर्मी पड़ती है कि जलस्तर नीचे चले जाने से सारे चापाकल एवं डीप बोरिंग बेकार हो जाते हैं।

# शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए उपायुक्त की विशेष पहल 'सिकछा कर भेंट' अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिले में मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त गुमला के नेतृत्व में 'सिकछा कर भेंट' अभियान के तहत विद्यालयों का गहन अनुश्रवण किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले और प्रखंड के वरीय अधिकारियों द्वारा लगातार विद्यालयों का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस माह के अभियान के तीसरे दिन, उप विकास आयुक्त श्री दिलेश्वर महतो ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गुमला का दौरा कर विद्यालय की शैक्षणिक स्थिति का जायजा लिया। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, जयवंती देवगम ने बसिया कस्तूरबा में छात्राओं से मुलाकात कर उनकी तैयारियों की समीक्षा की और उनका हौसला बढ़ाया। इसके अतिरिक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) घाघरा ने प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय, घाघरा का निरीक्षण किया और बीडीओ रायडीह ने कस्तूरबा रायडीह विद्यालय का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों को रेमेडियल कक्षाओं में हिस्सा लेने, कमजोर छात्रों की पहचान करने, मॉडल प्रश्नों का अभ्यास करने, और प्री-बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया, जिनमें अंचलाधिकारी भरनो, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी पालकोट, अंचलाधिकारी बसिया, मनरेगा सहायक अभियंता सिसई, महिला प्रसार पदाधिकारी सिसई, और बीपीआरओ सिसई शामिल हैं।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के ई. निविदा आमंत्रण सूचना सं०-MID/KHUNTI/F2-9/2024-25 दिनांक-30.9.2024 (ग्रुप सं०-2),जिसका पी.आर. सं०-337665 Minor Irrigation(24-25):D को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

PR 341146 (Minor Irrigation)24-25*D


# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई 'परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा'




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : झुमरी तिलैया स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नयी दिल्ली द्वारा आयोजित परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा आयोजित की गई। इस राष्ट्रव्यापी मूल्यांकन का उद्देश्य कक्षा 3, 6 और 9 में छात्रों की शैक्षणिक दक्षता और वैचारिक समझ का आकलन करना था। इस सर्वेक्षण में मुख्य विषयों को शामिल किया गया, जिससे सीबीएसई को सीखने के परिणामों का मूल्यांकन करने और शैक्षणिक सुधार के लिए क्षेत्रों की पहचान करने की अनुमति मिली। विद्यालय के 3 कक्षाओं के 90 छात्रों के अतिरिक्त विद्यालय के 10 शिक्षकों की भागीदारी उत्साहपूर्ण थी। शिक्षकों और अभिभावकों दोनों ने इस पहल के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया और शैक्षिक ढांचे को बढ़ाने में इसकी भूमिका पर जोर दिया। इस परीक्षा के लिए सीबीएसई के द्वारा मंटू शर्मा को ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त किया गया था। उनके अतिरिक्त 3 फील्ड ऑब्जर्वर को भी सीबीएसई के द्वारा नियुक्त किया गया था। मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्रशासन ने इस अवसर के लिए सीबीएसई का आभार व्यक्त किया और समग्र शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## दिव्यांग बच्चों के लिए शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन

# 12 प्रखंडों के 66 दिव्यांग बच्चों ने लिया भाग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : बुधवार को शिक्षा विभाग, गुमला द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रखंडों से चयनित दिव्यांग बच्चों को विज्ञान केंद्र गुमला, नवरत्न गढ़ का किला और अंजन धाम का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान बच्चों को नवरत्न गढ़ किले के ऐतिहासिक महत्व और उसकी सांस्कृतिक धरोहर से परिचित कराया गया। विज्ञान केंद्र में बच्चों ने विभिन्न विज्ञान मॉडल और तकनीकों का अवलोकन किया, जिसने उनके मन में जिज्ञासा और उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, सुश्री कविता खलखो ने विज्ञान केंद्र में पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को प्रत्येक गतिविधि को ध्यानपूर्वक समझने और सीखने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में सभी 12 प्रखंडों से कुल 66 दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों ने भाग लिया। साथ ही, कार्यक्रम में रिसोर्स शिक्षक, फिजियोथैरेपिस्ट और प्रभाग प्रभारी डॉक्टर मीतू सिन्हा की भी सक्रिय सहभागिता रही। दिव्यांग बच्चों के इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य उन्हें नई जानकारियों और अनुभवों से अवगत कराते हुए उनकी शिक्षा और विकास में योगदान देना था। जिला प्रशासन की यह पहल समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, SIMDEGA

**e-Procurement Tender Notice**

**Two Envelope System**

**Tender Reference No. WRD/MID/SIMDEGA/BD/SLI – 08/ 2024-25**

**Letter No. Date :- 04/12/2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work:- | Construction of Solar Lift Irrigation Scheme at Parkala Block- Kurdeg |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 1,08,20,000=00 |
| 3. | Cost of Tender Paper (Rs.) | Rs. 10,000=00 |
| 4. | Earnest MoneyDeposit (Rs.) | Rs. 2,16,400=00 |
| 5. | Time of Completion. | 335 days (11 Month) |
| 6. | Mode of Submission of Tender | Online Through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in ) | Date 13/12/2024 Time 2:00PM. |
| 8. | Last date/Time for downloading of bidding documents and submission of tender on website | Date 27/12/2024 Time up to 5:00 PM. |
| 9. | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date-13/12/2024 Time- 2:00 PM. Last Date- 27/12/2024 Time- 5:00 PM |
| 10. | Technical Bid Opening Date | Date- 30/12/2024 Time- 02.00 PM |
| 11. | Officer Inviting Bids | EXECUTIVE ENGINEER,MINOR IRRIGATION, DIVISION,SIMDEGA. |
| 12(a) (b) | Contact no. of Procurement officer<br>E-mail of e-procurement Officer | 7004377291<br>midivsimdg@gmail.com |
| 13. | Helpline number of e-Procurement cell. | 0651-2491232 |

Note:-

- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of **10.HP** pumps (**AC/DC** Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- Only e-Tender will be accepted.

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**M.I.Division,Simdega.**

**PR 341154 Simdega(24-25).D**


# राज इंटरनेशनल स्कूल में देव संस्कृति विश्व विद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार से आये लोगों का स्वागत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : कोडरमा स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को हरिद्वार से देव संस्कृति विश्वविद्यालय से कुछ लोग छात्रों के बीच कुछ महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा के साथ संस्कार भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें बताया कि हमें अपने बड़ों का, शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए तभी हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। संस्कार ही शिक्षा है, संस्कार का अर्थ जीवन में अच्छी बातों की आदत डालना है इसके साथ उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना मनुष्य वैसे ही अधूरा है, जैसे जल बिन मछली की स्थिति होती है। ऐसे में हर व्यक्ति को शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़कर समाज को एक नई दिशा देनी चाहिए। आज के तनाव वाले माहौल में छात्र खुद को तनाव से कैसे मुक्त रखे इसके लिए महत्तवपूर्ण जानकारी प्रदान की। विश्व विद्यालय के कुछ विद्यार्थीयों ने छात्र को कुछ बेसिक योगा ( ताड़ासन, वृक्षासन आदी) तथा योग के गुण सिखाये। उन्होंने कहा कि योग करने से तनाव कम होता है और मूड बेहतर होता है, एकाग्रता बढ़ता है, योग करने से डिप्रेशन के शिकार लोगों को लाभ मिलता है। योग करने से वजन घटाने में मदद मिलती है। उनलोगो ने मोबाइल एडिक्शन अर्थात मोबाइल की लत से खुद को कैसे बचाएं इसके बारे में बच्चों को महत्तवपूर्ण जानकारी दी। हमें अपने जीवन में योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए उनको बताया की हमारा मन एक लोक की तरह है।

## जरूरतमंदों के बीच अविलम्ब करें कम्बल वितरण : सईद नसीम



**कोडरमा** : बढ़ते ठंड में कंबल वितरण में देरी को लेकर उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुवे सईद नसीम ने ट्वीट कर जिला प्रशासन से मांग किया की सार्वजनिक स्थालों पर अलाव की व्यस्था एवं जिले में गरीब लाभुको के बिच कंबल का वितरण जल्द से जल्द किया जाय, उन्होंने कहा कि ठण्ड से बचने के लिए क्षेत्र के गरीबों व असहायों को बांटे जाने वाले कंबल वितरण में देर होने से बढ़ते ठण्ड में जरूरतमंदों की मुश्किलो का सामना करना पड़ रहा है। जिला कोडरमा में पिछले दिनों से ठंड लगातार बढ़ रही है।असहाय लोगों को गर्म कपड़े की कमी की वजह से ठंड से मुकाबला करने में काफी परेशानी हो रही है। कई लोगों के पास ठंड से बचने के लिए सरकार की और से मिलने वाला कंबल ही सहारा होता है। जरूरतमंद लोग जहां जिला प्रशासन से कंबल मिलने की आशा में टकटकी लगाए बैठे हैं।वहीं जिला प्रशासन गरीबो को कंबल उपलब्ध करा वितरण करने में देरी कर रहा है। सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने के लिए भी अबतक कोई व्यवस्था नहीं हुई है। परिणाम स्वरूप शाम होते ही सार्वजनिक स्थानों पर लोगो को कांपते हुए देखा जा सकता है।

## सतगावां में नीरा यादव का चौक-चौराहों पर हुआ भव्य स्वागत

# आप सभी के मिले स्नेह के कारण मैं इस मुकाम पर : डॉ. नीरा यादव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : डॉ. नीरा यादव के तीसरे बार विधानसभा चुनाव में जीत के खुशी में बुधवार को सतगावां प्रखंड में स्वागत सह आभार सह आशीर्वाद सह विजय यात्रा के दौरान जगह जगह पर चौक चौराहे पर लोगों द्वारा किया गया भव्य स्वागत सह अभिनंदन किया। विधायक नीरा यादव के सतगावां प्रवेश पर सबसे पहले खेरडा मोड़ पर जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी के नेतृत्व में ढोल बाजे और नगाड़े के साथ माला और बुके दे कर सम्मानित किया। फिर करचैता मोड़ पर मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ने स्वागत किया।



उसके बाद सतगावां के खुट्टा में आयोजित जनसभा को विधायक ने संबोधित किया और कहा शुरूआती दौर से ही चुनाव में आपने जो आशीर्वाद दिया उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। फिर खूंटा से कलीडीह बाजार, बासोडीह बाजार होते हुए पोखरडीहा तक विजय जुलूस पहुंचा। जगह जगह काफी संख्या में महिलाएं और पुरुष फुल माला लेकर जोरदार तरीके से विधायक का स्वागत किए। लोगों ने नीरा यादव जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए। विधायक पोखरडीहा कार्यक्रम स्थल में पहुंच कर सभा को संबोधित किया और कहा मैं आपकी बहन बेटी और बहु के रूप जो तीसरी बार मौका दिया उसपर आपकी उम्मीद पर खरा उतरूंगी और अधूरे डिग्री कॉलेज में पठन पाठन की प्रक्रिया को प्रारंभ करने के लिए प्रयासरत रहूंगी। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, विजय यादव, बालमुकुंद सिंह, भाजपा नेता परमेश्वर यादव, मुकेश राम, संजीव यादव, धनंजय यादव, राजकुमार यादव, कुलदीप राम, न्यूनेश्वर यादव, महेंद्र यादव, सुभाष मेहता, विशाल सिंह, सुनील मेहता, विजय यादव, पिंटू सिंह, बिनोद यादव, शिवराज कुमार, अविनाश कुमार, सचिन यादव, चंद्रिका यादव, मनोज भगत, पंकज यादव, ऋतुराज यादव विजय यादव, राहुल यादव अविनाश यादव, रंजीत सिंह, अनिल यादव, रोहित दुबे, विनय शंकर वैद्य, पुरुषोत्तम सिंह, आनंदी यादव, सिकंदर यादव, मनोज यादव, बिनोद यादव, महेंद्र यादव, कौशल सिंह, संजय यादव, परमेश्वर यादव, यदुनंदन प्रसाद, भागीरथ विश्वकर्मा, मनीष मोदी इत्यादि सैकड़ों कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी

**ई. निविदा अन्तर्गत अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

(3rd Call)

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या&MID/KHUNTI/F₂-14/2024-25 दिनांक-02.12.2024

कार्य का नामः-

| क्र० सं० | योजना का नाम | जिला | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | +2 उच्च विद्यालय,कर्रा में पुराना भवन का जीर्णोद्धार कार्य | खूँटी | कर्रा | 24.991 | 0.05 | 120 दिन |

नोट-केवल ई.-निविदा ही स्वीकार होगा।

1. अधिक जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखें।
2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि: 05.12.2024 अपराहन 2:00 बजे
3. ई.-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय 11.12.2024 अपराहन 5:00 बजे तक
4. ई.-निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने अंतिम तिथि एवं समय 11.12.2024 अपराहन 5:00 बजे तक (e-Procurement Portal -jharkhandtenders.gov.in)
5. निविदा खोलने की तिथिः-13.12.2024 को अपराहन 2:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम,पता,दूरभाष सं. एवं ई.-मेल आई डी:-कार्यपालक अभियन्ता,लघु सिंचाई प्रमंडल, खूँटी / 7320969093 / email:- midivkhunti@gmail.com
7. स्वीकृत प्राक्कलन में उक्त वर्णित कार्यो की मात्रा/राशि घट-बढ सकती है। तदनुरूप ही अग्रधन की राशि जमा(ऑन लाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में कोई दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,खूँटी।

PR 341170 Minor Irrigation(24-25)D

## एक झलक

### सड़क हादसा में तीन युवक घायल, एक रिम्स रेफर

**बेड़ो** : नरकोपी थाना क्षेत्र के तुको नरकोपी पथ पर बुधवार की शाम लगभग छह बजे नरकोपी नदी के समीप पुल पर असंतुलित होकर गिरने से एक बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों में इसी थाना क्षेत्र के चान्हों गांव निवासी 24 वर्षीय सचिन उरांव और 24 वर्षीय रघु लोहरा तथा कोटपाली गांव निवासी 24 वर्षीय नीतेश उरांव का नाम शामिल है। घायल युवकों के स्वजनों ने बताया कि वे एक बाइक पर सवार होकर नरकोपी बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान नरकोपी नदी के समीप पुल पर वे असंतुलित होकर गिर पड़े। जिससे वे घायल हो गए। इधर घटना की सूचना मिलने पर नरकोपी पुलिस ने तीनों घायल युवकों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डा सनल सोनू बरवार ने तीनों घायलों का इलाज किया। वहीं गंभीर रूप से घायल युवक नीतेश उरांव को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### सिल्ली के आंगनबाड़ी केन्दों में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



**सिल्ली** : सिल्ली प्रखंड के सभी 155 आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के बीच स्वेटर वितरण पूर्ण कर लिया गया है। इसकी जानकारी देते हुए सिल्ली सीडीपीओ अर्चना एक्का ने सभी बच्चों के अभिभावकों को ठंढ मे स्वेटर पहना कर नियमित आंगनबाड़ी केन्द्र भेजनें की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि ठंड का मौसम देखते हुए झारखंड सरकार की यह एक अच्छी योजना हैं।ठंड के इस मौसम में बच्चों को गर्म कपड़ों की जरूरत होती है सरकार ने बच्चों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए यह सराहनीय पहल की है उन्होंने सरकार के पल की सराहना की और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

### संवाद कार्यक्रम के तहत मुंगेर से खगड़िया पहुंचे तेजस्वी

**पटना** : अपनी संवाद यात्रा पर निकले बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मुंगेर के बाद देर शाम खगड़िया पहु गए हैं। खगड़िया पहुंचने पर तेजस्वी यादव का राजद जिलाध्यक्ष एवं कार्यकताओं ने स्वागत किया। तेजस्वी गुरुवार को संवाद यात्रा के तहत कोशी कॉलेज के मैदान में संवाद कार्यक्रम करेंगे। संवाद कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों के साथ बैठक करेंगे। संवाद कार्यक्रम में संगठन की मजबुती पर चर्चा होगी।

### कटिहार रेलमंडल में 51 प्रतिशत से अधिक मतदान

**कटिहार** : रेलवे में ट्रेड यूनियनों की मान्यता हेतु सीक्रेट बैलेट चुनाव बुधवार 04 दिसंबर को अपने निर्धारित समय पर सुबह 08 बजे से शुरू हो गया। कटिहार रेलमंडल में शांतिपूर्ण मतदान के लिए मुख्य पीठासीन अधिकारी सह एडीआरएम मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कटिहार में 7, न्यू जलपाईगुड़ी में 7, मालदा में 3 सहित दार्जलिंग, कुर्सियांग, तीनधरिया, सिलीगुड़ी, अलुवाबारी, किशनगंज, बुनियादपुर, जलपाईगुड़ी, ठाकुरगंज, बारसोई, कुमेदपुर, समसी, पूर्णिया और फारबिसगंज स्टेशनों में भी वोटिंग हेतु मंडल में कुल 30 बूथ रेल प्रशासन द्वारा बनाए गए हैं। कटिहार में रेल प्रशासन द्वारा बनाएं गए 7 बूथ में से डीआरएम कार्यालय में दो बूथ जिसमे पहले डीआरएम 1 में 501 और डीआरएम 2 में 469 रेलकर्मी वोटर्स है। कटिहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर तैयार दो बूथ में 600 और 584 रेलकर्मी वोट डालेंगे जबकि ईस्ट के दो बूथ में 608 और 602 वोटर्स है और वेस्ट के बूथ में 311 रेलकर्मी सहित कटिहार में कुल 3775 रेलकर्मी वोट डालेंगे। जिनकी सूची रेल प्रशासन द्वारा पूर्व में ही प्रकाशित कर दी गई है। कटिहार रेलमंडल अंतर्गत तैयार 30 बूथ में कुल 13645 रेलकर्मी वोट देंगे। रेलकर्मियों की सहूलियत के लिए उम्मीदवारों द्वारा चुनाव परिसर के बाहर अपने अपने शिविर लगाए गए है।

# बिहार में नीतीश केवल मुखौटा मात्र : तेजस्वी यादव

- मुख्यमंत्री राज्य की जनता से मिलने के लिए 250 करोड़ खर्च कर रहे, उन्हें इसका हिसाब देना चाहिए



एजेंसी

**पटना** : बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज मुंगेर के सर्किट हाउस में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश अपनी ही जनता से मिलने के लिए ढाई सौ करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। उन्हें जनता को इसका हिसाब देना चाहिए। तेजस्वी यादव ने पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री को बिहार जैसे गरीब व पिछड़े राज्य को केंद्र सरकार से विशेष राज्य का दर्जा दिलाना चाहिए। वे एक जिले में बैठकर तीन से चार जिलों की समीक्षा करेंगे। इतने कम समय में वे कितनी समस्या सुन पाएंगे तथा कितने का निदान कर पाएंगे। प्रतियोगिता परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक पर कहा कि सभी लीक के तार एक ही जिले (नालंदा) से क्यों जुड़ रहे हैं। साथ ही कहा कि 70वें बीपीएससी परीक्षा पर आयोग की चुप्पी चिंताजनक है। क्योंकि, परीक्षा में 10 दिन शेष हैं तथा परीक्षा पैटर्न बदल दिया जा रहा है। बिहार में हमने 75 प्रतिशत आरक्षण के तहत ईडब्ल्यूएस को 10 प्रतिशत तथा 65 प्रतिशत एससी-एसटी, ओबीसी को आरक्षण का प्रावधान किया था। तेजस्वी यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार की बहाली में इसे लागू नहीं किया जा रहा, इसके लिए कौन दोषी है। भाजपा के लोग कोर्ट में जाकर आरक्षण के मामले को लटका रहे हैं। बिहार में मुख्यमंत्री केवल मुखौटा मात्र हैं। यहां सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। चंद अधिकारी सरकार चला रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारी सरकार बिहार में बनती है तो उपभोक्ताओं को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देंगे। राजद अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले जनता के साथ साझा किया जाने वाला एक ह्यरोडमैपह्न तैयार कर रही है। राज्य के लोग अत्यधिक बिजली दरों और ह्यस्मार्ट प्रीपेड मीटरह्न से अनियमित बिजली बिल से जूझ रहे हैं। हम बिलों को सही और 200 यूनिट मुफ्त बिजली प्रदान कर लोगों को राहत पहुंचाने का इरादा रखते हैं। हम सत्ता में आने पर ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## सीएम से मिले पुलिस-प्रशासन के आलाधिकारी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आईजी पंकज कंबोज, डीआईजी कोल्हान मनोज रत्न चौथे, एमडी जियाडा प्रेरणा दीक्षित, डायरेक्टर एग्रीकल्चर तारा चंद, रांची ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, एसपी सीआईडी पीयूष पाण्डेय, एसपी सीआईडी निधि द्विवेदी, जैप-2 कमांडेंट सरोजिनी लकड़ा ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों ने सीएम को दीं शुभकामनाएं



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे लोगों ने मुलाकात कर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लोगों ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं को सुना एवं उन्हें भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार जन समस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध है।

### अंजुमन फरोगे उर्दू के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

### उर्दू अकादमी और उर्दू शिक्षकों की बहाली का मिला आश्वासन



**रांची** : अंजुमन फरोगे उर्दू झारखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान उर्दू से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुआ। ज्ञात हो कि अंजुमन फरोगे उर्दू प्रांतीय स्तर पर एक पंजीकृत संगठन है जिसका मुख्य उद्देश्य उर्दू के प्रचार-प्रसार के अलावा बच्चों में उर्दू के प्रति प्रेम विकसित करना है। मैट्रिक और इंटर स्तर के साथ-साथ प्राथमिक स्तर पर भी सम्मान समारोह इस संगठन का मुख्य कार्य है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति से संबंधित भी बात की। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही शिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी और उर्दू अकादमी का गठन किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को कुछ उर्दू किताबें भी भेंट कीं एवं शॉल और मोमेंटो देकर उन्हें बधाई दी। मौका पर दानिश अयाज, सरफराज इमाम, मो वसीम अकरम, सरफराज कादरी, मुकर्रम हयात, शोएब अख्तर आदि मौजुद थे।

## अत्याचार के विरुद्ध रामगढ़ में विशाल हिन्दू जनसभा और आक्रोश रैली का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़** : बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दूओं पर लगातार हो रहे अत्याचार के विरुद्ध राष्ट्रीय सनातन समाज ने बुधवार को रामगढ़ शहर में जागरूकता रैली निकाल कर शहर वासियों को विशाल हिन्दू जनसभा और आक्रोश रैली में भारी संख्या में शामिल होने का आह्वान किया गया। विश्व हिन्दू परिषद सहित समस्त हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता शहर में लोगों से मिलकर कार्यक्रम में शामिल होने को कहा। विश्व हिन्दू परिषद के रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा ने कहा कि जिस प्रकार बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमला किया जा रहा है उसके विरुद्ध सभी सनातनी लोगों से आह्वान करते हैं कि आज 5 दिसम्बर को रामगढ़ के सिद्धू कान्हु मैदान में आयोजित विशाल हिन्दू जनसभा और आक्रोश रैली में भारी संख्या में सनातनी शामिल होकर हिन्दू एकता परिचय दे। रामगढ़ जिला के सभी हिन्दू संगठन के पदाधिकारी, मठ मंदिर के समिति और अखाड़ा के लोग अवश्य शामिल होकर बांग्लादेश के हिन्दूओं का मनोबल बढाए। ज्ञात हो कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दूओं पर हो रहे लगातार अत्याचार, हत्या, हिन्दू महिलाओं के साथ दुष्कर्म और हिन्दू साधुओं कि गिरफ्तारी के विरुद्ध 5 दिसम्बर को रामगढ़ के सिद्धू कान्हु मैदान में आयोजित विशाल हिन्दू जनसभा और आक्रोश रैली का आयोजन किया गया है। प्रभात अग्रवाल ने कहा बांग्लादेश में हिन्दुओं के उपर लागातार हो रहे अत्याचार, हिन्दूओं का नृशंस हत्या, हिन्दू साधुओं की गिरफ्तारी की जा रही है। बंगलादेश के हिन्दूओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध उनकी रक्षा की माँग को लेकर सभी हिन्दू शामिल होकर हिन्दू एकता का परिचय दे। भाजपा युवा नेता राजेश ठाकुर ने कहा कि जिले के तमाम हिन्दू संगठन, सनातन धर्मी, राष्ट्रवादी देश भक्त,साधु संत, पुजारी, अखाड़ा,मठ मंदिर समिति से निवेदन है कि 5 दिसम्बर 2024 को दिन बृहस्पतिवार समय 11:00 बजे ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुँचकर विशाल जनसभा और आक्रोश रैली में पहुँचकर अपनी एकजुटता का परिचय देकर कार्यक्रम को सफल बनाने का काम करें। मौके पर मुख्य रूप बिरजू गोयनका, संतोष सिंह, रवि मिश्रा, रवि चंद्रवंशी, पप्पी बजरंगी, अनामिका श्रीवास्तव, मणि शंकर ठाकुर, अंशु पांडे, आदित्य सिंह, कुणाल दास, आयुष, तरुण, सुमित, आदित्य सिंह सहित आदि शामिल थे।




## हाथी का तांडव, घर में सो रही वृद्ध महिला बाल-बाल बची

एजेंसी

**बेतिया** : पश्चिम चंपारण ज़िला के मानपुर थाना क्षेत्र स्थित पुरैनिया गांव में जंगल हाथी ने बीती रात में जमकर तांडव मचाया। घर में सो रही वृद्ध कुसमी देवी को किसी तरह लोगों ने घर से निकाल लिया। मंगलवार की रात करीब दो बजे लोगों को ज्यादा आवाज में खड़खड़ाहट की आवाज मिली। लोग जबतक जगकर देखते तब तक हाथी ने राजेंद्र राय के घर को हाथी ने तहस-नहस कर दिया। उनकी मां कुसमी देवी उसी घर में सो रही थी। राजेन्द्र राय के बगलगीर शिव महतो ने हो हल्ला करते हुये सूझबूझ का परिचय देते हुये कुसुम देवी को घर से निकाल कर उनकी जान बचायी। उसके बाद ग्रामीणों के हो हल्ला करने और टार्च जलाने पर हाथी भागा लेकिन भागने के क्रम में हाथी ने पुरैनिया के ही रामप्रवेश महतो, दीपनारायण महतो, लाल बिहारी महतो और नरानयण गौरो के घरों को रौदते हुये पुरैनिया गांव से उत्तर गन्ना के खेत होते हुए जंगल की तरफ भाग गया । उसके बाद हाथी भागते हुये मानपुर बजार पहुंच गया। जहां पर दुकानदार राजेन्द्र साह और विंध्याचल पड़ित के दुकान के बगल में रखें नमक के बोरों को इधर उधर कर दिया। हाथी उसके बाद जंगल से सटे जिंगना गांव पहुंच कर केले के फसल सहित रबी फसलों को रौंद डाला। लोगों के हो हल्ला पर हाथी जंगल की ओर भागा।

## एमडीएम में गड़बड़ी की रिपोर्ट के बावजूद नहीं हुआ एनजीओ का लाइसेंस रद्द

एजेंसी

**भागलपुर** : फूड एण्ड सेफ्टी डिपार्टमेंट की जांच रिपोर्ट में हुए एमडीएम में गड़बड़ी की खुलासे के बावजूद बिहार और नई दिल्ली में स्कूली बच्चों को मिड डे मिल सप्लाई करने वाले एनजीओ पूर्वांचल समाज सेवा संघ का लाइसेंस रद्द नहीं किया गया। बल्कि इसके विपरीत 24 अगस्त 2024 को इसके लाइसेंस को फिर से रिन्यूअल कर दिया गया। जबकि 1 अगस्त 2024 को फूड एण्ड सेफ्टी डिपार्मेंट की आयी जांच रिपोर्ट में सम्बंधित एनजीओ पर अभियोजन चलाने की सिफारिश की गयी थी। जांच रिपोर्ट में सम्बंधित विभाग ने जो खुलासा किया है वह चौंकाने वाला है। एनजीओ द्वारा सप्लाई किए जा रहे



भोजन को स्कूली बच्चों के ब्रेन, लिवर और प्रजनन तंत्र के लिए खतरनाक है। साथ ही उस भोजन को खाने से बच्चों को घेघा रोग हो सकता है। ऐक्टू ने इसका कड़ा विरोध किया है। राज्य सह जिला सचिव मुकेश मुक्त ने कहा कि कुछ अमीरों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने जानबूझ कर राज्य के गरीब बच्चों के जीवन को संकट डाल दिया है। बिहार के 29 जिलों के 11000 विद्यालयों में एनजीओ के जरिये गरीब स्कूली बच्चों को एमडीएम की आपूर्ति की जाती है। हाल ही में खगड़िया में एनजीओ द्वारा सप्लाई एमडीएम में मेंढक और कीड़ा मिला था। गरीब घर के बच्चों के स्वास्थ्य की कीमत पर क्या बिहार सरकार चंद धनाढ्यों को लाभ पहुंचाती रहेगी? अपने कमीशन की खातिर यह सरकारी महकमा बच्चों के ब्रेन, लिवर और प्रजनन तंत्र आदि को कब तक डैमेज करता रहेगा। क्या ऐसे ही बच्चों के जीवन से खिलवाड़ होता रहेगा। इस सामाजिक न्याय की सरकार में? ऐक्टू मांग करता है कि राज्य के सभी विद्यालयों के बच्चों को विद्यालय रसोइयों द्वारा पकाया हुआ पौष्टिक भोजन परोसने की गारंटी हो।

## मधनिषेध उत्पाद विभाग ने भ्रष्टाचार में लिप्त चार पदाधिकारियों को किया निलंबित

एजेंसी

**पटना** : बिहार के उत्पाद-सह-निबंधन महानिरीक्षक रजनीश कुमार सिंह ने मद्यनिषेध विभाग के चार अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई रजनीश कुमार सिंह ने उस शिकायत के आधार पर की जिसमें सोनू कुमार पोद्दार (पिताः महेश पोद्दार, निवासीः महेन्द्रपुर, पोस्टः मोगमटगामा, थानाः मुफस्सिल रानीपतरा, जिलाः पूर्णिया) ने एक दिसम्बर की रात को व्हाट्सएप पर एक आवेदन और ऑडियो रिकॉर्डिंग भेजकर आरोप लगाया था। आयुक्त ने मामले की सत्यता की जांच के लिए सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, पूर्णिया को निर्देश दिया, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। शिकायत में निरीक्षक सुमन कांत झा, अवर निरीक्षक चंदन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक दिनेश कुमार दास, और सिपाही प्रदीप कुमार पर गाली-गलौज करने और झूठे मामले में फंसाने के बदले धन की मांग का आरोप लगाया गया। ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच के बाद, चारों अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया। जांच अधिकारी ने ऑडियो में पैसे के लेन-देन से संबंधित बातचीत की पुष्टि की। चारों अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाया गया। जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए, जिसके बाद चारों को निलंबित कर दिया गया।

## प्रत्येक तीन माह पर बिहार के सरकारी विद्यालयों में होगी परीक्षा : सुनील कुमार



एजेंसी

**पटना** : जनता दल यूनाइटेड (जदयू) कार्यालय में पत्रकार वार्ता में प्रदेश के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरकारी स्कूलों में अब 3 महीने पर परीक्षा ली जाएगी। मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि सरकारी स्कूलों में गर्मी की छुट्टी में ना तो किसी प्रकार की कोई क्लास होगा और ना ही दक्ष क्लास लिया जाएगा, जिन शिक्षकों का वेतन कटा है उनको लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि जिनका भी वेतन काटा है वो विभाग को आवेदन दे सकते हैं विभाग जांच के बाद वेतन का भुगतान कर देगी। ट्रांसफर-पोस्टिंग के सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि सक्षमता परीक्षा जब खत्म हो जाएगी उसके बाद शिक्षा विभाग ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर नोटिफिकेशन जारी करेगा। शिक्षा विभाग के द्वारा 1 से 15 दिसम्बर तक ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए लिये जा रहे आवेदन के सवाल पर मंत्री सुनील कुमार ने स्पष्ट किया कि आवेदन उनसे लिया जा रहा है कि जो शिक्षक कैंसर, किडनी, लिवर, हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं या दिव्यांगता हो या फिर जिन शिक्षकों को व्यक्तिगत परेशानी है, या पति पत्नी दोनों सरकारी सेवा में है और अलग अलग जगह हैं उन शिक्षकों से आवेदन लिया जा रहा है। मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि इन शिक्षकों को आवेदन के आधार पर घर से नजदीक विद्यालयों में ट्रांसफर किया जाएगा। वहीं अन्य शिक्षकों के ट्रांसफर पोस्टिंग को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा कि जब सक्षमता परीक्षा के सभी चरणों की परीक्षा खत्म हो जाएगी तब एक बार फिर सरकार सभी शिक्षकों के ट्रांसफर पोस्टिंग के लिए आवेदन जारी करेगी। जिसके बाद सभी शिक्षकों का एक साथ स्थानानंतरण होगा। सक्षमता परीक्षा के अन्य चरणों के एग्जाम को लेकर उन्होंने कहा कि जल्द ही सक्षमता परीक्षा -4 लिया जाएगा।

## बगरई/भैयपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना में जल आपूर्ति कल से होगी पुनः शुरू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**दुलमी (रामगढ़)** : दुलमी प्रखंड के बगरई/ भैयपुर क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित बगरई भैयपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना, जो पिछले एक सप्ताह से बंद पड़ी थी। जिससे दुलमी हरहद इदपारा चामरोम में पानी सप्लाई बंद था। अब पुनः कल से सुचारू कर दी जायेंगी। योजना में तकनीकी खराबी के कारण पानी की आपूर्ति बाधित हो गई थी, जिससे स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक ममता देवी को सूचित किया। विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुलमी प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश को इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। सुधीर मंगलेश ने मिस्त्री और तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम के साथ मौके पर पहुँचकर योजना की खराबी का निरीक्षण किया। तकनीकी जांच के दौरान समस्या का पता चलने के बाद तुरंत मरम्मत कार्य शुरू कराया गया। सुधीर मंगलेश ने बताया कि सभी जरूरी मरम्मत कार्य पूरे कर लिए गए हैं और कल से पानी की आपूर्ति पुनः शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में विधायक ममता देवी का मार्गदर्शन और सहयोग सराहनीय रहा। उनके निर्देश और तत्परता के कारण यह समस्या शीघ्र हल हो सकी।



**ग्रामीणों की प्रतिक्रिया**

**ग्रामीणों** ने पानी आपूर्ति बहाल होने पर खुशी व्यक्त की है और स्थानीय विधायक तथा बीस सूत्री अध्यक्ष का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक पानी की आपूर्ति बंद रहने से कई घरों में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया था, लेकिन अब समस्या का समाधान होने से उनकी परेशानियां खत्म हो गई हैं।

**विधायक ममता देवी की प्रतिक्रिया**

**विधायक** ममता देवी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के लोगों को बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा, ऱ्पानी जैसी बुनियादी जरूरत पर किसी भी तरह की बाधा को तुरंत दूर करना हमारा कर्तव्य है। मैं इस तरह की समस्याओं को प्राथमिकता से हल कराने के लिए प्रतिबद्ध हूं।

**बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश का संदेश**

**उन्होंने** आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी किसी भी समस्या को रोकने के लिए निगरानी और रखरखाव को मजबूत किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजना के संचालन में सहयोग करें और पानी के संरक्षण का ध्यान रखें। मौके पर पप्पू कुमार, प्रेम मुंड़ा, विक्रम सिंह, शिव कुमार, रामप्रसाद महतो, सिकेनद्र नायक आदि मौजूद थे।

## सरकार ने बसंतपुर/कोतरे परियोजना के लिए 2872 एकड़ भूमि का किया जायेगा अधिग्रहण

# झूमरा पहाड़ का अस्तित्व खतरे में, वैकल्पिक ऊर्जा श्रोतों से बचाया जा सकता है पारिस्थितिकी तंत्र को : रवि कुमार महतो

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रामगढ़** : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री सह कोर कमिटी सदस्य रवि कुमार महतो ने कहा कि बसन्तपुर कोतरे परियोजना सीसीएल की अतिमहत्वाकांक्षी परियोजना है जिसमें 1162 हेक्टेयर जमीन/जंगल यानी 2872 एकड़ जमीन/जंगल को उजाड़कर 50 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष कोयला का उत्पादन करना लक्ष्य है। क्या विकास के लिए जंगलों का विनाश जरूरी है ? क्या जंगल के बिना जीवन संभव है? यह परियोजना क्षेत्र वासियों के लिए अभिशाप साबित होगी। 2872 एकड़ जंगल का काटा जाना।सरकार क्यों नहीं वैकल्पिक ऊर्जा की श्रोतों की खोज करती है? उन्होंने कहा कि कोयला आज है कल नहीं सरकार को उर्जा के अक्षय श्रोत की ओर पहल करनी चाहिए न कि जंगल नष्ट करना चाहिए।

**गलत नीति से होनेवाले दुष्प्रभाव**

- झुमरा पहाड़ का अस्तित्व खतरे में
- चूटवा नदी का अस्तित्व खतरे में
- वन्य जीवों का अस्तित्व खतरे में
- जलवायु परिवर्तन का दंश
- जनमानस पलायन को मजबूर होंगे
- आने वाली पीढ़ी को क्या आप बंजर जमीन देंगे?
- वनोत्पादों पर खतरा
- प्रदूषण से संक्रमित रोगों का खतरा
- पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) पर खतरा
- वनोत्पादों पर निर्भर जनजातियों पर खतरा



- जल जंगल जमीन हमारा है उस पर अधिकार हमारा है

झुमरा पहाड़ सहित बसन्तपुर, रहावन, पचमो, केदला, घाटो की भविष्य के बारे में सोचें आने वाले समय में क्या बचेगा वहां बंजर जमीन बचेंगे। कृषि योग्य भूमि व जंगल से खनन कर ली जाएगी। वन को समाप्त कर दिया जाएगा। आप कहां जाएंगे? कुछ साल के बाद आपको पलायन करने को मजबूर होना पड़ेगा। सोचे विचारें तभी अपना जल जंगल जमीन दें। रवि महतो ने कहा जंगल के बदले जंगल की बात होगी। जल के बदले जल की बात होगी। जंगली जानवरों के बदले जंगली जानवरों की बात होगी। वनोत्पादों के बदले वनोत्पादों की बात होगी। नौकरी लेकर नौकर बनना है आपको या जमीन के साथ मालिक बने रहना है। अब जमीन के बदले नौकरी नहीं कृषि योग्य जमीन की बात होगी हिस्सेदारी की बात होगी। क्षणिक लोभ के कारण कुछ सालों में आपका पूरा भविष्य एवं आनेवाली पीढ़ियों का भविष्य अंधकारमय होगी। अपनी पीढ़ी को हमलोग क्या देंगे,बंजर जमीन देंगे। अभी भी समय है साथियों समय रहते हम लोग आंदोलित होते हैं। अपने हक और अधिकार को समझें जानें तभी हमलोगों का अस्तित्व बचेगा। अगर जल जंगल जमीन नहीं है तो अपना वजूद भी नहीं बचेगा। आने वाली पीढ़ी के बारे में सोचें। अभी आप दो एकड़ जमीन देंगे एक नौकरी ले लेंगे आपका भविष्य अच्छा होगा आने वाली पीढ़ी का भविष्य अच्छा हो पाएगा क्या? आप कभी सोचे हैं? उनके पास कृषि योग्य जमीन ही नहीं बचेगी। वो पलायन करने को मजबूर होंगे। अभी 2872 एकड़ जंगल को समाप्त करने की योजना में करोड़ों पेड़ काटे जाएंगे लाखों जानवर नष्ट हो जाएंगे इसका दुष्प्रभाव पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को चुकाना पड़ेगा। पर्यावरणीय क्षति कौन पूरा करेगा? इतना सारा जंगल विकसित होने में वर्षों लगेंगे।

## पूर्णिया के विकास के लिए 26 विषयों को सदन में उठाया : विधायक खेमका

एजेंसी

**पूर्णिया** : पूर्णिया सदर विधायक विजय खेमका ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर बिहार विधान सभा के शीतकालीन सत्र में पूर्णिया के विकास एवं जनता की सुविधा सम्बन्धी 26 विषयों को सदन में उठाने की बात कही। उन्होंने बताया कि पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में अन्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम और खेल अकादमी का निर्माण, केन्द्रीय विद्यालय में भवन निर्माण हेतु रेजिस्ट्रेशन पर स्टाम्प शुल्क की माफी, कृषि क्षेत्र में बांस एवं नारियल की खेती को बढ़ावा, आधुनिक बस टर्मिनल एवं साईंस पार्क सह तारामंडल का शीघ्र निर्माण, पूर्णिया में कैंसर अस्पताल, आई बैंक तथा सदर अस्पताल की स्थापना एवं गुलाबबाग मार्केट यार्ड के निर्माण कार्य का शीघ्र जीर्णोद्धार करने के विषय को सदन में प्रमुखता से रखा है। विधायक ने एयरपोर्ट टर्मिनल बिल्डिंग निर्माण के लिए 45 करोड़ तथा एयरपोर्ट से रोड कनेक्टिविटी के लिए 14.86 करोड़ राशि आवंटित करने के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तथा मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार जी का आभार व्यक्त किया है। पूर्णिया में टेक्नोलोजी एक्सटेंशन सेंटर वन स्टॉप सेंटर खोलने की स्वीकृति के लिए सदर विधायक ने केंद्र की एनडीए सरकार को धन्यवाद दिया। विधायक ने कहा 2005 से पहले के जंगलराज से सब वाकिफ है। बाबा साहेब का अपमान करने वाले आज संविधान की बात कर रहे है। तुष्टिकरण एवं परिवारवादी महागठबंधन के राजकुमार आरक्षण की दुहाई दे रहे है। पशु चारा खाने वाले तथा जमीन लेकर नौकरी देने वाले नेता के दोहरे चाल चरित्र और चेहरा को जनता जान चुकी है। सांसद पप्पू यादव मामले में प्रश्न पूछे जाने पर जवाब में विधायक ने कहा सुशासन न्याय एवं विकास के राज में जनता एवं प्रतिनिधि की सुरक्षा के लिए सरकार गंभीर है।

## एक झलक

### टी-20 में मोहित अहलावत के नाम है तिहरे शतक का रिकार्ड

**नयी दिल्ली** : युवा बल्लेबाज मोहित अहलावत के नाम टी20 क्रिकेट में तिहरे शतक का रिकार्ड है। मोहित ने दिल्ली के स्थानीय टूर्नामेंट फ्रेंड्स प्रीमियर लीग में मावी इलेवन की ओर से फ्रेंड्स इलेवन के खिलाफ 302 रन की नाबाद पारी खेली थी। मोहित ने इस मुकाबले में 39 छक्के लगाये। इससे पहले टी20 की एक पारी में किसी टीम के लिए सबसे ज्यादा छक्के 21 थे। ट्वेंटी20 के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के की बात करें तो रिकॉर्ड 34 छक्कों का था। अहलावत ने सभी को पीछे छोड़ दिया। मोहित की इस पारी से मावी इलेवन ने दो विकेट पर 416 रन बनाये। यह किसी भी ट्वेंटी20 मैच में एक रिकॉर्ड है। मावी इलेवन की ओर से पारी की शुरूआत करने उतरे मोहित अहलावत ने इस मैच में 234 रन बनाये। मोहित के तिहरे शतक की सहायता से मावी इलेवन ने 20 ओवरो में 416 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी फ्रेंड्स इलेवन 216 रन से हार गयी। इससे पहले ट्वेंटी20 में सबसे बड़ा टीम स्कोर 263/5 था जो रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 2013 आईपीएल में सहारा पुणे वॉरियर्स के खिलाफ बनाया था। वहीं एक बल्लेबाज का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर 175 रन जो क्रिस गेल ने बनाया था। मोहित दिल्ली की तरफ से खेलते हैं। उनके पिता पवन अहलावत भी क्रिकेट खेल चुके हैं।

### आईसीसी पर भड़के स्टोक्स

**लंदन** : इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने न्यूजीलैंड के खिलाफ हुए मैच में धीमी ओवर गति के लिए लगाये जुर्माने पर नाराजगी जतायी है। आईसीसी ने इस मैच में धीमी ओवर गति के लिए दोनो ही टीमों पर ये जुमार्ना लगाया। इससे दोनो को ही अंकों का नुकसान हुआ है और इंग्लैंड की टीम टेस्ट मैच जीतने के बाद भी आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल की रैस से बाहर हो गयी है। इस मुकाबले में धीमी ओवर गति के लिए आईसीसी ने दोनो ही टीमों के अंक भी काटे हैं। आईसीसी के इस फैसले से नाराज स्टोक्स ने सोशल मीडिया के जरिये आईसीसी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि खेल 10 घंटे पहले खत्म हो गया, फिर भी धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना लगाया गया है। स्टोक्स ने सोशम मीडिया में अपनी पोस्ट में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के अंक काटे जाने की खबर के साथ लिखा , बहुत अच्छे आईसीसी। खेल खत्म हुआ, अभी 10 घंटे का खेल बाकी था।

### ब्रैडमैन की बैगी ग्रीन कैप पर करोड़ों की लगी बोली

**सिडनी** : ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन की बैगी ग्रीन टेस्ट कैप नीलामी में करोड़ों रुपये में बिकी है। इसी कैप को ब्रैडमैन ने भारत के खिलाफ 1947-48 की सीरीज की लगाया था। इस कैप पर 390,000 डॉलर करीब (2.14 करोड़ रुपए) में की बोली लगी। ये नीलामी शुल्क के बाद बढ़कर 479,700 डॉलर (2.63 करोड़ रुपए) पहुंच गई। यह कैप ब्रैडमैन द्वारा पहनी गई एकमात्र बैगी ग्रीन होने के कारण ऐतिहासिक मानी जाती है। साल 1947-48 की सीरीज में ब्रैडमैन का प्रदर्शन असाधारण रहा था। घरेलू धरती पर अपनी अंतिम टेस्ट सीरीज में ब्रैडमैन ने 178.75 की औसत से सिर्फ छह पारियों में 715 रन बना दिये जिसमें तीन शतक और एक दोहरा शतक शामिल था।

**किंग्स्टन टेस्ट**

# बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को 101 रन से हराया

## 02 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ; तैजुल इस्लाम प्लेयर ऑफ द मैच





**एजेंसी**

**किंग्स्टन** : बांग्लादेश ने किंग्स्टन टेस्ट में वेस्टइंडीज को 101 रन से हरा दिया है। इस जीत से बांग्लादेशी टीम 2 मैचों की सीरीज 1-1 से ड्रॉ कराने में कामयाब हो गई है। टीम को पहले मुकाबले में 201 रन की पराजय झेलनी पड़ी थी। अब दोनों टीमों के बीच 8 दिसंबर से 3 वनडे और 3 टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी जाएगी। मुकाबले के चौथे दिन मंगलवार को बांग्लादेश ने 193/5 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम ने दूसरी पारी में 268 रन बनाते हुए विंडीज को 287 रन का टारगेट दिया। जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 185 रन पर ऑलआउट हो गई। पहली पारी में एक विकेट लेने वाले तैजुल इस्लाम ने दूसरी पारी में 5 विकेट झटके। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, जॉयडन सिल्स प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे।

**जाकेर अली की फिफ्टी, बांग्लादेश 268 पर ऑलआउट**

**29 से** अपनी पारी को आगे बढ़ाने वाले जाकेर अली 91 रन बनाए। उन्होंने मिडिल-लोअर ऑर्डर में तैजुल इस्लाम, हसन महमूद और नाहिद राणा के साथ अहम साझेदारियां करके टीम का स्कोर 268 रन पहुंचा दिया। जाकेर ने तैजुल इस्लाम के साथ 34, हसन महमूद के साथ 32 और नाहिद राणा के साथ 22 रनों की पार्टनरशिप की। तैजुल इस्लाम ने 14 रन बनाए। उनके अलावा, लोअर ऑर्डर का कोई और बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। विंडीज के अल्जारी जोसेफ और केमार रोच ने 3-3 विकेट झटके।

**रन चेज में 185 रन ही बना सकी विंडीज, केवम हॉज की फिफ्टी**

**287 रन** का टारगेट चेज करने उतरी वेस्टइंडीज टीम दूसरी पारी में 185 रन ही बना सकी। होस्ट टीम की ओर से ओपनर क्रेग ब्रेथवेट ने 43 और हॉज ने 55 रनों का योगदान दिया। जस्टिन ग्रेविस ने 20 रन बनाए। शेष बैटर्स खास नहीं कर सके।

**तैजुल प्लेयर ऑफ द मैच रहे**

**बांग्लादेशी** गेंदबाज तैजुल इस्लाम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्स्टन टेस्ट की दूसरी पारी में 5 विकेट झटके। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। तैजुल गूगल में खूब सर्च किए जा रहे हैं।

**नाहिद राणा ने वेस्टइंडीज को बैकफुट पर धकेला**

**तेज गेंदबाज** नाहिद राणा (5 विकेट) की सटीक गेंदबाजी के दम पर बांग्लादेश ने किंग्स्टन में वेस्टइंडीज को बैकफुट पर धकेल दिया है।

# नॉर्वे शतरंज 2025 टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए तैयार अर्जुन एरिगैसी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के बाद क्लासिकल शतरंज रेटिंग में 2800-एलो बाधा पार करने वाले दूसरे भारतीय बने अर्जुन एरिगैसी, नॉर्वे शतरंज 2025 टूर्नामेंट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। 2024 यूरोपीय शतरंज क्लब कप में टीम अल्कलॉइड का प्रतिनिधित्व करने वाले अर्जुन ने पांचवें दौर में सफेद मोहरों से रूस के दिमित्री आंद्रेइकिन को हराकर 2800-एलो मील का पत्थर हासिल किया। दिसंबर 2024 की फीडे रेटिंग सूची में उनकी रेटिंग 2801 है और वर्तमान में वे दुनिया में चौथे स्थान पर हैं। अपनी शैली और विकास पर अर्जुन ने एक बयान में कहा, रमैं अति-महत्वाकांक्षा और वस्तुनिष्ठता की कमी के कारण खेल हार जाता था, लेकिन अब मैं अपनी महत्वाकांक्षा को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाने का प्रयास करता हूं। नॉर्वे शतरंज 2025 टूर्नामेंट 26 मई से 6 जून तक एक विशिष्ट 6-खिलाड़ी डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप के साथ होगा। टूर्नामेंट के लिए उत्सुकता बढ़ने के साथ, अर्जुन ने इस आयोजन के अभिनव प्रारूप के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया।

## एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप

# भावना, मेनिका का शानदार प्रदर्शन, भारत ने हांगकांग को हराया



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : भारतीय महिला हैंडबॉल टीम ने भावना शर्मा और मेनिका के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मंगलवार को हांगकांग के खिलाफ 31-28 से जीत के साथ 20वीं एशियाई महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप (एडब्ल्यूएचसी) 2024 में अपने अभियान की शुरूआत की। 'चक दे इंडिया' और 'भारत माता की जय' के नारों के बीच भारत ने मैच की सकारात्मक शुरूआत की और टूनार्मेंट का अपना पहला गोल प्रियंका ठाकुर के जरिए किया, जिन्होंने 2022 एशियाई महिला जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप में भारत की ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कुछ क्षण बाद, अनुभवी खिलाड़ी मेनिका ने अपना खाता खोला और भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। सैफ खेलों की स्वर्ण पदक विजेता कप्तान दीक्षा कुमारी ने पहले 30 मिनट की अवधि के भीतर तीन विपक्षी पेनल्टी रोककर इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे मध्यांतर तक भारत 16-10 से आगे रहा। हांगकांग ने पुनः आरंभ के बाद अपने खेल को और बेहतर बनाया और अपनी रणनीति में बदलाव किया। हालांकि, भारत ने अपने मजबूत बचाव के साथ विपक्षी टीम के हर प्रयास को असफल किया और अंततः शानदार जीत दर्ज की। भावना ने जूनियर चैंपियनशिप में अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के साथ प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार भी जीता। इससे पहले, कजाकिस्तान ने हैवीवेट चीन को 28-26 से हराया। दूसरे मैच में, जापान ने सेंटरबैक काहो नाकायमा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ईरान को 34-14 से हराया। मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया ने दिन के आखिरी मैच में सिंगापुर 47-5 के स्कोर के साथ हराया।

# स्पेनिश फुटबॉलर जारागोजा मेटाटार्सल हड्डी टूटने के कारण एक महीने तक रहेंगे मैदान से बाहर



**एजेंसी**

**मैड्रिड** : ओसासुना के स्पेनिश फुटबॉलर ब्रायन जारागोजा सोमवार रात को सेविला के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ हुए मैच में अपने पैर की हड्डी टूटने के बाद 2025 की शुरूआत तक फिर से नहीं खेल पाएंगे। नवारे क्षेत्र के क्लब ओसासुना ने जारागोजा की चोट के बारे में एक विज्ञप्ति में बताया कि उनके दाहिने पैर की पाँचवीं मेटाटार्सल हड्डी टूट गई है, मंगलवार को किए गए परीक्षणों से चोट की पुष्टि हुई। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि वह अपनी रिकवरी प्रक्रिया शुरू करने के लिए पैम्प्लोना लौटेंगे, लेकिन उनकी वापसी की कोई सटीक तारीख नहीं बताई गई, हालांकि यह संभावना नहीं है कि वह 2025 की शुरूआत तक खेल पाएंगे और संभवतः जनवरी के अंत तक पूरी तरह से फिट नहीं होंगे। जारागोजा गुरुवार को सेउटा खेलने के लिए ओसासुना की कोपा डेल रे यात्रा और 2024 के अंत से पहले अलावेस, एस्पेनयोल और एथलेटिक क्लब बिलबाओ के खिलाफ ला लीगा खेलों से चूक जाएंगे। बायर्न म्यूनिख से लोन पर आए विंगर ने इस सीजन में एक गोल और पांच असिस्ट के साथ प्रभावित किया है, उनके क्लब के प्रदर्शन ने उन्हें स्पेन की राष्ट्रीय टीम के दल में वापस बुला लिया है।

# हरभजन सिंह, अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल से पहले भारतीय जूनियर हॉकी टीम को दीं शुभकामनाएं



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : भारतीय हॉकी टीम पुरुष जूनियर एशिया कप फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ने के लिए तैयार है। इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले, अनुभवी भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह, बीजिंग ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और ओलंपियन गगन नारंग ने बुधवार को भारतीय टीम को शुभकामनाएं दीं और उन्हें ट्रॉफी घर वापस लाने के लिए प्रोत्साहित किया। हरभजन सिंह ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए एक वीडियो संदेश में कहा, ह्भारतीय हॉकी टीम को बहुत-बहुत बधाई जो आज पाकिस्तान के खिलाफ पुरुष जूनियर एशिया कप का फाइनल खेल रही है। दोस्तों, मैं आपको मैदान पर शुभकामनाएं देना चाहता हूं, भारत के लिए इसे जीतो। मुझे यकीन है कि आप यह कर सकते हैं। आओ भारत! ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने अपने संदेश में मलेशिया के खिलाफ जीत के लिए युवा खिलाड़ियों की सराहना की और उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "सेमीफाइनल में मलेशिया के खिलाफ अविश्वसनीय जीत के लिए हमारी भारतीय जूनियर हॉकी टीम को बहुत-बहुत बधाई। जूनियर एशिया कप फाइनल में जगह बनाना एक अद्भुत उपलब्धि है और आपने पहले ही देश को इतना गौरवान्वित कर दिया है। आज रात जब आप पाकिस्तान के खिलाफ मैदान में उतरें, तो बस याद रखें, इस पल का आनंद लें और अपनी पसंद के अनुसार खेलें।

# ला लीगा : एथलेटिक बिलबाओ का सामना रियल मैड्रिड से



**एजेंसी**

**मैड्रिड** : एथलेटिक क्लब बिलबाओ और रियल मैड्रिड बुधवार रात एथलेटिक के सैन मैम्स स्टेडियम में आमने-सामने होंगे, जिसमें एथलेटिक की नजरें क्लासिफिकेशन में चौथे स्थान को मजबूत करने पर होंगी। ऑरेलियन टचौमेनी चोट के बाद रियल मैड्रिड के लिए वापस आ गए हैं, लेकिन विनीसियस जूनियर को बाहर रखा गया है, साथ ही लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले दानी कार्वाजल, एडर मिलिटाओ और डेविड अलाबा को भी बाहर रखा गया है। किलियन एमबाप्पे ने सप्ताहांत में अपने गोल के सूखे को समाप्त कर दिया, लेकिन गेटाफे के खिलाफ मौके गंवाने के बाद भी वे सुर्खियों में रहेंगे। एथलेटिक ने रेयो वैलेकानो के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज कर मैड्रिड में प्रवेश किया, जिसमें दोनों गोल मिडफील्डर ओइहान सैंसेट ने किए, जिनके पिछले तीन गोलों ने उनकी टीम को छह अंक दिलाए हैं। एथलेटिक खचाखच भरे मैदान में तेज गति बनाए रखने और मैड्रिड पर दबाव बनाने के साथ एमबाप्पे और रोड्रिगो की सर्विस को भी कम करने की कोशिश करेगा। बुधवार को कोपा डेल रे में कई शीर्ष टीमें स्पेनिश खेल के तीसरे और चौथे स्तर के प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ मैदान में उतरेंगी। रेयो वैलेकानो का सबसे कठिन मैच तीसरे स्तर के यूनियनिस्टास डी सलामांका के खिलाफ है, जबकि खराब फॉर्म में चल रही बेटिस कैटलन की टीम सैंट आंद्रेउ के खिलाफ खेलेगी। गिरोना लॉग्रोन्स का दौरा करेगी और विलारियल स्पेन के उत्तर-पश्चिम में पोंटेवेद्रा से भिड़ेगी, जबकि लेगानेस एस्टेपोना से और वालेंसिया एसडी एजिया से भिड़ेगी, जिसने पहले दौर में छठी श्रेणी के एस्कुएला पार्ला को कड़ी टक्कर दी थी।

# सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन में बतौर निदेशक शामिल हुई सारा



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन (एसटीएफ) में निदेशक के रूप में शामिल हो गई हैं। सचिन ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उक्त जानकारी दी। सचिन ने कहा कि उन्हें यह खबर साझा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सचिन ने कहा कि सारा ने खेल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के माध्यम से देश को सशक्त बनाने के लिए यह यात्रा शुरू की है। उन्होंने कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरी बेटी सारा निदेशक के रूप में एसटीएफ इंडिया में शामिल हो गई हैं। उनके पास यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से क्लिनिकल और पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन में मास्टर डिग्री है। वह खेल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के माध्यम से भारत को सशक्त बनाने की यात्रा पर निकल पड़ी हैं। यह एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है कि कैसे वैश्विक शिक्षा पूर्ण चक्र में आ सकती है। अपने शानदार करियर के दौरान, सचिन ने 664 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 48.52 की औसत से 34,357 रन बनाये।

# पर्थ टेस्ट में जीत से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है : केएल राहुल



**एजेंसी**

**एडिलेड** : भारतीय क्रिकेट टीम इस समय पांच मैचों की टेस्ट सीरीज (बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी) के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है। सीरीज का पहला टेस्ट पर्थ में खेला जा चुका है। पहले मैच में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराकर सीरीज में 1-0 से आगे है। अब 06 दिसंबर से एडिलेड में दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट (पिंक बॉल) खेला जाएगा। मैच से पहले भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि पर्थ टेस्ट में जीत से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है। राहुल ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम जिस तरह से खेले उससे वाकई बहुत खुश हैं और जब आप ऑस्ट्रेलिया जाते हैं, पहला मैच जीतते हैं और उसे उस तरह से जीतते हैं जैसा हमने पर्थ में जीता, तो इससे आपको बहुत आत्मविश्वास मिलता है। मेरा मतलब है कि पर्थ के बारे में बहुत कुछ कहा जाता है कि यह ऑस्ट्रेलिया का सबसे तेज विकेट है और यहां आने वाली टीमों को वास्तव में यहां संघर्ष करना पड़ा है। तो हां, हमे इससे काफी आत्मविश्वास मिला है। इस सवाल पर कि आप किस स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे उन्होंने एक अजीब जवाब दिया। राहुल ने कहा कि मुझे तो बताया गया है, लेकिन मुझे यह भी कहा गया है कि यह किसी से साझा न करूं।

# रचित शंकर ने की शानदार बल्लेबाजी रेप्ल ने इंडियन इलेवन को हराया



**एजेंसी**

**लखनऊ** : बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग के ए डिवीजन में रेप्ल क्रसडर्स क्रिकेट क्लब ने इंडियन इलेवन को नौ विकेट से हरा कर बढ़त बना ली। इस मैच में रचित शंकर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 78 रन बनाये। इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरी टीम 204 रन बनाकर निर्धारित 40 ओवर से पहले ही पवेलियन लौट गयीं। सलामी बल्लेबाज रचित शुक्ला मात्र आठ रन बनाकर पवेलियन लौट गये। वहीं शिवम यादव ने अपनी टीम में सर्वाधिक 49 रन बनाये, जबकि अनुज सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 39 गेंदों पर 46 रन बनाये। मो. हसिम ने 32 रन का योगदान दिया। रेप्ल के कप्तान ऋषभ ने मात्र 24 रन देकर तीन विकेट झटके। वहीं अभिषेक जायसवाल ने तीन विकेट झटके। रेप्ल ने बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट खोकर 205 रन बना लिये और मैच को नौ विकेट से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज रचित शंकर ने आठ चौका और एक छक्का की मदद से 78 रन बनाये।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 08 विकेट से हराया

**क्राइस्टचर्च टेस्ट**

## ब्रूक ने 171 रन बनाये, ब्रायडन कार्स प्लेयर ऑफ द मैच; डब्ल्यूटीसी में भारत को फायदा



**एजेंसी**

**क्राइस्टचर्च** : इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हरा दिया है। चौथे दिन इंग्लिश टीम ने 104 रनों के टारगेट को 2 विकेट के नुकसान पर महज 12.4 ओवर में ही बना लिया। इसके साथ ही इंग्लैंड ने सबसे कम ओवरों में टेस्ट क्रिकेट में 100 से ज्यादा रनों के टारगेट चेज करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने इसी ग्राउंड पर 18.4 ओवर में 109 रनों के टारगेट को हासिल किया था। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में इंग्लिश टीम 1-0 से आगे हो गई है। इंग्लैंड की जीत से भारत को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में फायदा हुआ है। इंग्लैंड के जीत के हीरो हैरी ब्रूक और ब्रायडन कार्स रहे इंग्लैंड के जीत के हीरो हैरी ब्रूक और ब्रायडन कार्स रहे। कार्स ने पूरे मैच में कुल 10 विकेट हासिल किए। उन्होंने पहली पारी में 19 ओवर गेंदबाजी की और 64 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 19.1 ओवर गेंदबाजी की और 42 रन देकर 6 विकेट लिए। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। वहीं हैरी ब्रूक ने पहली पारी में 197 गेंदों पर 171 रन की शानदार पारी खेली। चौथे दिन कीवी टीम 99 रन ही बना पाई चौथे दिन कीवी टीम अपनी पारी में 99 रन ही जोड़ पाई। इससे पहले तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक कीवियों ने 6 विकेट खोकर 155 रन बनाए थे। स्टंप्स तक डेरियल मिचेल 31 और नाथन स्मिथ 1 रन बना कर क्रीज पर थे। न्यूजीलैंड ने चौथे दिन 155/6 आगे खेलते हुए अपनी पारी में 35 रन जोड़ कर सातवां विकेट खो दिया। नाथन स्मिथ 190 के स्कोर पर आउट हो गए। आठवां विकेट भी 2 रन के बाद गिर गया। नौवां विकेट 209 और न्यूजीलैंड ने अपना आखिरी विकेट 254 रन पर खो दिया। वहीं इंग्लिश टीम ने पहली पारी में 499 रन बनाए थे, जबकि न्यूजीलैंड ने 348 रन बनाए थे और दूसरी पारी में 254 रन बनाए थे। इस तरह इंग्लैंड को दूसरी पारी में 104 रन का टारगेट मिला। जिसे इंग्लैंड ने 2 विकेट खोकर हासिल कर लिया। जैकब बैथल ने नाबाद 50 और जो रूट 23 रन पर नॉटआउट रहे। इंग्लैंड की इस जीत से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत को फायदा मिला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के फाइनल की रेस फिलहाल 5 टीमों के बीच है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका और न्यूजीलैंड हळ्ळउ फाइनल के सबसे बड़े दावेदार हैं। इंग्लैंड के हाथों मिली हार से न्यूजीलैंड को टेबल में रैंकिंग पर कोई नुकसान नहीं हुआ। कीवी टीम नंबर 4 पर ही बरकरार है, लेकिन उसका परसेंटेज पॉइंट घटकर 5 नंबर पर खड़ी श्रीलंका के बराबरी पर आ गया है।



चीन में खेले जा रहे आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्वकप में खेलते हुए अमेरिका के सिड नरेश।

## एक झलक

### हॉंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया बेचा है नवम्बर 2024 में 4,72,749 यूनिट

**रांची :** हॉंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज नवंबर 2024 महीने के लिए अपनी समग्र बिक्री की घोषणा की। माह के दौरान कंपनी ने 4,72,749 इकाइयों की बिक्री की। इसमें 4,32,888 इकाइयों की घरेलू बिक्री और 39,861 इकाइयों का निर्यात शामिल है। उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई की TD बिक्री (अप्रैल-नवंबर 2024) 42,28,837 इकाई है। इसमें 38,67,427 घरेलू बिक्री और 3,61,410 निर्यात इकाइयाँ शामिल हैं। नवंबर 2024 की मुख्य विशेषताएं : - 1. उत्पाद: हॉंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में ACTIVA e: और QC1 को पेश करके मोबिलिटी के अगले युग की शुरुआत की। D3 के साथ-साथ आइकॉनिक एक्टिवा ब्रांड को बिल्कुल नए इलेक्ट्रिफाइड अवतार में पेश करना भारत में सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इसके लिए बुकिंग 1 जनवरी, 2025 से शुरू होगी और डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। 2. सड़क सुरक्षा: भारत में सड़क सुरक्षा जागरूकता का विस्तार करते हुए, एचएमएसआई ने भारत भर के 09 शहरों - हैदराबाद (तेलंगाना), गुवाहाटी (असम), बीजापुर (कर्नाटक), करीमनगर (तेलंगाना), बरेली (उत्तर प्रदेश), कोल्लम (कर्नाटक) में जागरूकता अभियान चलाया।, अलीबाग (महाराष्ट्र), जालना (महाराष्ट्र), और द्वारका (गुजरात)।

### लाइसेंसिंग व सत्यापन प्रक्रिया सरल बनाने के लिए ईमैप विकसित कर रहा है केन्द्र

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार राज्य विधिक मापविज्ञान विभागों और उनके पोर्टलों को एकीकृत राष्ट्रीय प्रणाली में समायोजित करने के लिए राष्ट्रीय विधिक मापविज्ञान पोर्टल (ईमैप) विकसित कर रही है। इस पहल का उद्देश्य लाइसेंस जारी करने, सत्यापन करने और प्रवर्तन और अनुपालन के प्रबंधन की प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि केंद्र सरकार का उपभोक्ता मामले का विभाग ईमैप विकसित कर रहा है। इसका उद्देश्य लाइसेंस जारी करने, सत्यापन करने और प्रवर्तन एवं अनुपालन के प्रबंधन के लिए प्रक्रियाओं को सरल बनाना है। इसके लागू होने पर व्यवसाय और उद्योग जगत ऑनलाइन आवेदन करके कानूनी माप-पद्धति अनुमोदन, लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त कर सकते हैं। मंत्रालय के मुताबिक एक केंद्रीकृत डेटाबेस होने से ईमैप हितधारकों को कई राज्य पोर्टलों पर पंजीकरण करने की जरूरतें समाप्त हो जाएगी, जिससे व्यापार करने में आसानी होगी और व्यापार नियमों में पारदर्शिता को भी बढ़ावा मिलेगा। पोर्टल के विकास के लिए उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव की अध्यक्षता में एक हाइब्रिड बैठक 28 नवंबर को हुई जिसमें उद्योग और फिक्की, सीआईआई, पीएचडी, एसोचैम जैसे उद्योग संघ, राज्य कानूनी माप विज्ञान विभागों के प्रतिनिधि और एनआईसी की टीम शामिल हुई। बैठक के दौरान प्राप्त सुझावों की समीक्षा की जा रही है और पोर्टल को कुशल और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाने के लिए उन्हें शामिल किया जा रहा है।

# लगातार चौथे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी तेजी के साथ हुई थी। दोपहर 12 बजे के बाद बिकवाली के दबाव के कारण शेयर बाजार कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गिर गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.14 प्रतिशत और निफ्टी 0.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद बैंकिंग, आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और हेल्थकेयर सेक्टर में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर खरीदारी का माहौल बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.83 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 455.59 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 453.52 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 2.07 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ। दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,070 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,386 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,582 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 102 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,490 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,495 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 995 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 22 शेयर हरे निशान में और 28 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 190.47 अंक की तेजी के साथ 81,036.22 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण सूचकांक में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक दोपहर 12 बजे तक 399.64 अंक उछल कर 81,245.39 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, दोपहर 12 बजे के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 600 अंक से ज्यादा टूट कर 215.22 अंक की कमजोरी के साथ 80,630.53 अंक तक गिर गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने दोबारा जोर लगाया, जिसके कारण ये सूचकांक हरे निशान में अपनी जगह बनाने में सफल रहा।

# मिनीरत्न कंपनी मॉयल ने नवम्बर में 1.63 लाख टन मैंगनीज अयस्क का किया उत्पादन

**नई दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की मिनीरत्न कंपनी मॉयल लिमिटेड ने नवंबर, 2024 में 1.63 लाख टन मैंगनीज अयस्क का उत्पादन किया है, जो स्थापना के बाद से नवंबर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। चालू वित्त वर्ष 202425 के पहले आठ महीनों के दौरान कंपनी ने 11.80 लाख टन उत्पादन किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि (सीपीएलवाई) की तुलना में 8.46 फीसदी अधिक है। इस्पात मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि बिक्री के मोर्चे पर भी कंपनी ने नवंबर में 1.33 लाख टन की अब तक की सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 32 फीसदी अधिक है। मंत्रालय के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 के पहले आठ महीनों के दौरान कंपनी ने 9.90 लाख टन की बिक्री की है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि से 4.76 फीसदी अधिक है। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के 8 महीनों के भीतर मॉयल लिमिटेड ने एक हजार करोड़ रुपये का कारोबार के आंकड़ा पार कर लिया है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में एक महीने पहले ही हासिल किया गया है। इसी तरह अन्वेषण पर अत्यधिक जोर देते हुए मॉयल लिमिटेड ने अप्रैल-नवंबर, 2024 के दौरान 63,654 मीटर की अन्वेषणात्मक कोर ड्रिलिंग की है, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 1.28 गुना अधिक है। मॉयल के सीएमडी अजीत कुमार सक्सेना ने कहा कि यह खुशी की बात है कि कंपनी ने उत्पादन और बिक्री दोनों में ही बेहतर प्रदर्शन की गति जारी रखी है।

# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने किया ई-गुरुकुल लॉन्च

**लखनऊ :** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपने नए डिजिटल रोड सेफ्टी लर्निंग प्लेटफॉर्म 'ई-गुरुकुल' को लॉन्च किया है। यह मंच सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने और इसे हमारे समाज में एक स्थायी संस्कृति के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री, नितिन गडकरी की गरिमामयी उपस्थिति ने इसे और भी खास बना दिया। इस मौके पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। इनमें विनय धींगरा (सीनियर डायरेक्टर-एचआर एंड एडमिनिस्ट्रेशन; ट्रस्टी, होंडा इंडिया फाउंडेशन) और कात्सुयुकी ओजावा (डायरेक्टर- एचआर एंड एडमिनिस्ट्रेशन) सहित अन्य प्रमुख अधिकारी शामिल थे। कार्यक्रम में राज्य सरकार के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया, जिससे यह आयोजन और प्रभावशाली बन गया। ई-गुरुकुल प्लेटफॉर्म तीन खास आयु वर्गों के लिये तैयार किए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल्स प्रदान करता है, ताकि सड़क सुरक्षा शिक्षा के प्रति एक व्यापक दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके:

1. 5-8 वर्ष के लिए: 7 मिनट का मॉड्यूल
2. 9-15 वर्ष के लिए : 9 मिनट का मॉड्यूल
3. 16-18 वर्ष के लिये : 7 मिनट का मॉड्यूल

ई-गुरुकुल प्लेटफॉर्म को सभी के लिए सुलभ और उपयोगी बनाने के लिए इसे कन्नड़, मलयालम, हिंदी, तेलुगु, तमिल और अंग्रेजी जैसी कई भाषाओं में उपलब्ध कराया गया है। इससे यह क्षेत्रीय जरूरतों के हिसाब से प्रासंगिक बनता है और इसे सभी उम्र और स्थान के लोग आसानी से समझ सकते हैं। ई-गुरुकुल को ऑनलाइन एक्सेस करने के लिए egurukul.honda.hmsi.in पर जाया जा सकता है। यह प्लेटफॉर्म अलग-अलग शहरों और क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए कई सुविधाएं प्रदान करता है। टियर-1 शहरों के लिए लाइव स्ट्रीमिंग का विकल्प है, जबकि टियर-2 शहरों के लिए डाउनलोड करने योग्य कंटेंट उपलब्ध है। इसके बहुभाषी मॉड्यूल से यह सुनिश्चित किया गया है कि सड़क सुरक्षा से जुड़ी यह पहल हर किसी तक पहुंच सके।

## एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज ने आईपीओ के लिए डीआरएचपी किया दाखिल

**मुंबई/नयी दिल्ली :** एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी की योजना इस आईपीओ के जरिए 37 करोड़ रुपये जुटाने की है। सेबी के पास जमा दस्तावेज के मुताबिक कंपनी इस आईपीओ के जरिए 185 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी करेगी। 1.08 करोड़ शेयरों की बिक्री ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए की जायेगी। इसके साथ ही ओएफएस के हिस्से के रूप में प्रमोटर साकेत चंद्र सिंह प्रताप सिंह ढंडोरिया और संदीप सुधाकर असोलकर सहित मौजूदा शेयरधारक अपने शेयर बेचेंगे।

# स्टारबक्स ने जमशेदपुर में खोला पहला स्टोर: टाटा नगर की समृद्ध विरासत की दिखेगी झलक




**जमशेदपुर :** जमशेदपुर में स्टारबक्स ने अपने पहले स्टोर का उद्घाटन किया है। शहर का यह पहला स्टोर यहां का दिल कहे जाने वाले कदमा इनर सर्किल जीटी हॉस्टल नंबर एक के सामने में खोला गया है। इसके उद्घाटन के अवसर पर टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी, टाटा स्टारबक्स के सीओओ अद्रित मिश्रा, स्टारबक्स कॉफी एम्बेसडर, एपीएसी एंड चाइना विभोर मिश्रा एवं टाटा स्टारबक्स और टाटा स्टील की टीम मौजूद थे। ग्लोबल कॉफी कल्चर की पहचान के साथ ही इस स्टोर को बहुत खूबसूरती के साथ समकालीन डिजाइन में सजाया गया है, जिसमें कुछ ऐसी खूबियों को भी शामिल किया गया है, जिनसे जमशेदपुर की समृद्ध विरासत का अनुभव होता है। टाटा नगर की विरासत को अपने अंदर समेटते हुए यह स्टोर एक ऐसी जगह बनकर सामने आने के लिए तैयार है, जहां कॉफी के एक कप के साथ रिश्ते बुने जाते हैं। लेयर्ड मेटल टेक्सचर, बेहतरीन आर्टवर्क और मेटलिक्स के माध्यम से औद्योगिक शहर के रूप में जमशेदपुर की पहचान को यहां उकेरा गया है। साथ ही ग्रे, बीज और ग्रीन कलर से एक लुभा देने वाला माहौल बनता है। इस स्टोर की डायनामिक वॉल इंस्टॉलेशन के माध्यम से जमशेदपुर की कहानी को सबके सामने रखा गया है, जिससे भारत के स्टील उत्पादन और जमशेदपुर के बीच का रिश्ता सामने आता है। इनोवेटिव सीलिंग डिजाइन से लेकर कस्टम मेटल मर्चेंडाइज रैक तक, इस स्टोर के हर कोने से स्टील सिटी जमशेदपुर की झलक दिखती है। इस स्टोर की लॉन्चिंग के माध्यम से स्टारबक्स ने जमशेदपुर के लोगों को टॉफी नट क्रंच लाटे और जिंजरब्रेड फ्लेवर गुडनेस जैसे सीजनल फेवरेट्स के साथ क्रिसमस को खूबसूरत अंदाज में मनाने का मौका दिया है। इन फेस्टिव डिलाइट्स के साथ-साथ यहां आनेवाले ग्राहक जावा चिप फ्रेपचिनो, मसाला चाय और हाल ही में लॉन्च किये गए क्लासिक्स मेन्यू जैसे स्टारबक्स के कुछ पसंदीदा स्वाद का भी आनंद ले सकेंगे। इसके क्लासिक्स मेन्यू में हाथों से तैयार किए गए सैंडविच के साथ क्लासिक हॉट कॉफी और क्लासिक आइस्ड कॉफी शामिल हैं।

# कोटक म्यूचुअल फंड ने साल 2025 के लिए जारी किया मार्केट आउटलुक




**रांची :** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (KMAMC/कोटक म्यूचुअल फंड) ने साल 2025 के लिए अपनी मार्केट आउटलुक रिपोर्ट जारी की है। कोटक म्यूचुअल फंड ने अपनी इस रिपोर्ट में अगले साल के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था और कैपिटल मार्केट की दिशा पर मैक्रोइकोनॉमिक (व्यापक-आर्थिक) अनुमान साझा करते हुए निवेश की अलग अलग थीम के बारे में बताया है, जिन पर निवेशक नजर रख सकते हैं। रिपोर्ट में 5 प्रमुख थीम पर प्रकाश डाला गया है जो 2025 में बाजारों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

**1. कैपेक्स साइकिल रिवाइवल**

**भारत** पहले से ही एक महत्वपूर्ण मल्टी-ईयर कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) साइकिल में है, जिससे आर्थिक विकास (इकोनॉमिक ग्रोथ) को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अगले साल केंद्र सरकार और लिस्टेड कॉर्पोरेट खर्च बढ़ने का अनुमान है, जबकि राज्य का खर्च पिछड़ सकता है। कई सेक्टर में कॉर्पोरेट ऑर्डर बुक में विस्तार इस साइकिल की व्यापक प्रकृति को उजागर करता है। परियोजनाओं की संख्या पिछली बार 2017 में देखे गए स्तर पर पहुंच गई है। प्राइवेट सेक्टर की अनुमानित लागत दशक के हाई लेवल 55,122 अरब रुपये पर है।

**2. फाइनेंशियल सर्विसेज की बढ़ती पहुंच**

**फाइनेंशियल** सर्विसेज (वित्तीय सेवाएं) एक डाइवर्स सेक्टर है, जिसमें सब-कैटेगरीज में अलग-अलग प्रदर्शन देखने को मिलते हैं। बैंक क्रेडिट ग्रोथ और डिपॉजिट ग्रोथ के बीच अंतर कम हो रहा है, जिससे मार्जिन पर दबाव कम होने की उम्मीद है। बैंकिंग सेक्टर में हेल्दी रिटर्न रेश्यो देखने को मिल रहा है और बैंकों के पास पूंजी की उपलब्धता के स्तर में सुधार हुआ है, जिससे नई पूंजी की आवश्यकता कम हो गई है।

## आदित्य रेडिज राजा कृष्णदेवराय की भूमिका निभायेंगे



**मुंबई :** सोनी सब का बहुप्रतीक्षित शो तेनाली रामा 16 दिसंबर से, इतिहास में प्रसिद्ध राजा कृष्णदेवराय भारतीय इतिहास के सबसे महान शासकों में से एक थे और निडर व न्यायप्रिय सम्राट थे जिन्होंने विजयनगर साम्राज्य की संप्रभुता को सुनिश्चित किया। वह अपनी निष्पक्षता, मजबूत नैतिकता और एक जीवंत दरबार के लिए जाने जाते थे जिसमें प्रसिद्ध अष्टदिग्गज शामिल थे - तेनाली रामा सहित आठ विद्वान सलाहकारों की एक परिषद। न्याय देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और अपने लोगों के प्रति उनका समर्पण अटूट था। राजा कृष्णदेवराय के रूप में आदित्य की भूमिका में तेनाली की बुद्धि और हास्य के लिए राजा की प्रशंसा को दर्शाया जायेगा, जो उन्हें एक विश्वसनीय सलाहकार और एक प्रिय मित्र दोनों के रूप में मानते हैं। उनके बीच हास्य, रणनीति और नाटक का एक आदर्श मिश्रण है। आदित्य रेडिज ने भूमिका के बारे में कहा, राजा कृष्णदेवराय एक बहुत ही प्रिय चरित्र हैं, और मैं उनके किरदार को निभाने जा रहा हूं।

## पेज एक के शेष

**मुख्यमंत्री की पहल पर स्वदेश लौटेंगे झारखण्ड के 50 कामगार...**

श्रम विभाग के निदेशानुसार प्रोटेक्टर ऑफ एमिग्रांत, रांची को मामला पत्र राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा प्रेषित किया गया। श्रम विभाग की पहल पर भारतीय दूतावास, कुआलालंपुर द्वारा कम्पनी एवं कामगारों को दूतावास के कार्यालय बुलाया गया, जहां दोनों पक्षों का सत्यापन किया गया, जिसके फलस्वरूप भारतीय दूतावास ने सभी कामगारों को अपने संरक्षण में रखते हुए कम्पनी को बकाया भुगतान करने एवं श्रमिकों की भारत वापसी सुनिश्चित कराने को कहा।

**राज्य सभा में गूंजा जल संरक्षण और जलवायु परिवर्तन का मुद्दा...**

सरकार को इस पर तत्काल ध्यान देना चाहिए और जल संचयन की व्यवस्था करनी चाहिए ।

भाजपा सदस्य मदन राठौर ने कहा कि राजस्थान में एमडी ड्रग्स खुले आम बेची जा रही है। गंगानगर में 25-45 साल के युवक नशे के गिरफ्त में जा रहे हैं। विशेषकर स्कूलों के बाहर ड्रग्स बेचा जा रहा है। केन्द्र सरकार ने इस समस्या से निपटने के लिए नशा मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की है। आज देश के 372 जिलों में यह अभियान चलाया जा रहा है। सरकारी प्रयास के साथ 8000 स्वंयसेवक लोगों के बीच जागरूकता फैला रहे हैं। इसके साथ ही पुलिस को और मुस्तैद होनी की जरूरत है। मनोनीत सदस्य पीटी उषा ने सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों के लिए आरक्षित पदों पर भर्ती की मांग की।

**बॉयलर (संशोधन) विधेयक, 2024 हुआ पारित...**

गोयल ने चर्चा का जवाब देते हुए सदन को बताया कि 1863 में कोलकाता (तब कलकत्ता) में एक बॉयलर में विस्फोट हुआ, तब बंगाल काउंसिल ने एक कानून बनाया था। उन्होंने कहा कि इसके अलावा 06 दूसरे राज्यों में भी अलग-अलग कानून बने। 1920 में अंग्रेजों ने एक कमेटी बनायी, फिर 1923 में एक कानून बना। इसमें सुरक्षा के नियम बनाये गये थे।

इससे पहले केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने राज्य सभा में बॉयलर (संशोधन) विधेयक, 2024 को विचार एवं पारित करने के लिए पेश किया। यह विधेयक सुरक्षा को भी बढ़ायेगा, क्योंकि बॉयलर के अन्दर काम करने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और बॉयलर की मरम्मत योग्य एवं सक्षम व्यक्तियों द्वारा करवाने के लिए इस विधेयक में विशिष्ट प्रावधान किये गये हैं। यह विधयेक बॉयलर अधिनियम, 1923 की जगह लेगा। नये विधेयक में तीन अपराधों को अपराध से मुक्त करने और श्रमिकों के लिए सुरक्षा उपायों में सुधार करने का लक्ष्य रखा गया है।

**रेलवे (संशोधन) विधेयक लोकसभा में पेश...**

को निरस्त करता है और इन प्रावधानों को रेलवे अधिनियम, 1989 में शामिल करता है।

**भारतीय रेलवे प्रत्येक टिकट पर 46% छूट प्रदान करता है : अश्विनी वैष्णव...**

के दौरान रेल सेवाओं से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि भारत सरकार रेलवे में यात्रियों को किफायती रखने के लिए 56,993 करोड़ रुपये की सब्सिडी दे रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी पैसेंजर सर्विस को ऑपरेट करने की कॉस्ट सौ रुपये है, तो उसमें टिकट का मूल्य मात्र 54 रुपये रखा गया है सभी यात्रियों को 46 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है।

वैष्णव ने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार गरीबों के प्रति समर्पित है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक नागरिक तक बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जनरल कोच की संख्या बढ़ा रही है। वैष्णव ने कहा कि आज फर्स्ट एसी, सेकेंड एसी और थर्ड एसी के कोच बढ़ाने पर फोकस नहीं है, बल्कि जनरल कोच की संख्या बढ़ाने पर प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस साल दिसम्बर के अंत तक एक हजार जनरल कोच बढ़ाये जायेंगे। इसके साथ ही 10 हजार जनरल कोच के स्पेशल प्रोडक्शन का कार्यक्रम हाथ में लिया गया है।

**लोकसभा में नहीं हुआ भोजनावकाश...**

देखते हुए भोजनावकाश नहीं होगा। इससे उस समय की पूर्ति की जायेगी। आज दोपहर में शून्यकाल की समाप्ति के बाद ही अश्विनी वैष्णव ने रेलवे संशोधन विधेयक पेश किया।

**117 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी मामले में छापेमारी...**

जॉब, किसी तरह का काम करने या फिर हाई रिटर्न का वादा कर निवेश कराने के नाम पर ठगी करते थे। जांच में 3295 भारतीय बैंक अकाउंट की पहचान की गयी है। इन अकाउंट्स के जरिये क्रिप्टोकरंसी की भी खरीद की गयी है। सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता की धारा 403 और 420 और भारतीय प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66डी के तहत केस दर्ज किया था। केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आनेवाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र को इस सम्बन्ध में लिखित शिकायतें मिली थीं। 01 जनवरी 2023 से 17 अक्टूबर 2023 तक राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल पर 117 करोड़ के धोखाधड़ी की 3903 शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

**उपायुक्त नैंसी सहाय ने मुखिया व उनके पति के विरुद्ध जांच के दिये निर्देश...**

शाखा हजारीबाग द्वारा आदेश जारी कर बताया गया कि विष्णुगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी के पत्रांक 1422 द्वारा प्राप्त विस्तृत प्रतिवेदन के क्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड की पंचायत अलपिटो की मुखिया सुमिता देवी तथा मुखिया पति धनेश्वर यादव के विरुद्ध मनमाने ढंग से कार्य करने एवं सरकारी दस्तावेजों में गलत तरीके से हस्ताक्षर किये जाने की बात सामने आयी है। यह भी बताया गया है कि मनरेगा योजना के तहत नियम विरुद्ध कुल 19 योजनाओं का निर्माण कराने के क्रम में सम्बन्धित मुखिया, तत्कालीन पंचायत सचिवों एवं अन्य कर्मियों/वेंडरो पर कुल 27,87,811.68 रु/ सरकारी राशि गबन करने का आरोप अधिष्ठापित किया गया है। साथ ही, प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णुगढ़ के पत्रांक संख्या 1484 द्वारा ग्राम पंचायत अलपिटो के पंचायत भवन में अभिलेख, रोकड़ पंजी, योजना पंजी इत्यादि की चोरी हो जाने सम्बन्धी सूचना भी प्राप्त हुई है। उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में सरकार के सचिव, ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज) झारखंड रांची के कार्यालय आदेश संख्या-26 सपठित ज्ञापांक 371 दिनांक 15.02.2019 की कंडिका-''' के आलोक में उक्त संदर्भ में विस्तृत जांच हेतु जांच दल गठित किया गया है। गठित जांच दल में निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्व-नियोजन, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग को अध्यक्ष के रूप में और जिला पंचायती राज पदाधिकारी हजारीबाग, सहायक अभियंता (मनरेगा) विष्णुगढ़ प्रखंड और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा दारू को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उपर्युक्त मामलों को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय ने उक्त गठित जांच समिति को निदेशित किया है कि तीन दिनों के अंदर संयुक्त रूप से जांच करते हुए विस्तृत संयुक्त जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**हेमन्त सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार आज...**

रूप में मोरहाबादी मैदान में 28 नवम्बर को पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को 56 सीटें मिली हैं। इनमें झामुमो को 34, कांग्रेस को 16, राजद को 04 और भाकपा-माले को 02 सीटें मिली हैं। जबकि, विपक्ष में एनडीए को 24 सीटें मिली हैं।

**महाराष्ट्र में नयी सरकार का गठन आज...**

राकांपा एपी के अध्यक्ष अजीत पवार और देवेन्द्र फडणवीस कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मिलने वर्षा शासकीय आवास पर गये। इन तीनों नेताओं के बीच भावी सरकार के गठन को लेकर चर्चा हुई। इसके बाद आज देवेन्द्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजीत पवार के साथ राजभवन गये और राज्यपाल से मिल कर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

देवेन्द्र फडणवीस ने बताया कि आज वह शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे, राकांपा एपी के अध्यक्ष अजीत पवार के साथ राज्यपाल से मिले और उन्हें एनडीए के सहयोगी दलों की ओर सरकार बनाने का दावा पेश किया। राज्यपाल ने पत्र देखने के बाद हमें सरकार गठन की मंजूरी दी है। इसलिए गुरुवार शाम को हमारी सरकार की शपथ विधि होगी। हम तीनों साथ बैठ कर मंत्रियों के नाम तय करनेवाले हैं। देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि हमारी सरकार के समक्ष चुनौतियां बहुत हैं। हमने चुनाव प्रचार के दौरान जो वादे जनता से किये हैं, उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जायेगा।

राकांपा एपी के अध्यक्ष अजीत पवार ने कहा कि उन्होंने देवेन्द्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार बनाने का समर्थन दिया है, इसलिए काम-काज में कोई दिक्कत नहीं आयेगी। शिवसेना शिंदे समूह के अध्यक्ष एकनाथ शिंदे ने कहा कि हमने देवेन्द्र फडणवीस को सरकार बनाने का समर्थन दिया है। इससे पहले हम सभी साथ मिल कर जनता के हित में काम कर रहे थे। शिंदे ने कहा कि पद महत्त्वपूर्ण नहीं है, हमें जनता के विकास कार्यों को प्रमुखता देनी है।

**देवेन्द्र फडणवीस चुने गये भाजपा विधायक दल के नेता**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता और पूर्व मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस को महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। बुधवार को भाजपा के केन्द्रीय पर्यवेक्षक व गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने देवेन्द्र फडणवीस के नाम का विधायक दल के नेता के रूप में घोषित किया है। इस मौके पर भाजपा की केन्द्रीय पर्यवेक्षक और केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन भी मौजूद थीं। देवेन्द्र फडणवीस गुरुवार को तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

**संभल जाने के लिए निकले राहुल गांधी को पुलिस ने गाजीपुर बॉर्डर पर रोका...**

से प्रशासन से अकेले संभल जाने देने का अमुरोध किया गया। पुलिस प्रशासन ने इसकी परमिशन भी नहीं दी।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी ने पुलिस अधिकारियों के साथ बातचीत की। उन्होंने पुलिस को उनकी गाड़ी में ही बैठ कर संभल जाने की बात कही। हालांकि, उनकी मांग पर पुलिस की ओर से स्वीकार नहीं किया गया है।

इस बीच एक घंटे से गाजीपुर बॉर्डर जाम है। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर बड़ी संख्या में लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। गाजीपुर बॉर्डर पर पुलिस की ओर से काफिले को रोकने के लिए बैरिकेडिंग लगायी गयी है। कई बार कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच काफिला को आगे बढ़ने देने के लिए तीखी नोक-झोंक भी हुई। राहुल गांधी के काफिले के सामने पुलिस के जवान बैरिकेडिंग के पीछे कतार लगा कर खड़े रहे। राहुल गांधी के समर्थन में पूर्णियां सांसद पप्पू यादव भी गाजीपुर बॉर्डर पहुंचे।

गाजीपुर बॉर्डर पर पुलिस के जवानों की ओर से काफिला रोकने से कांग्रेस कार्यकर्ता नाराज हो गये। बैरिकेडिंग पर चढ़ कर प्रदर्शन करने लगे। वे पुलिस अधिकारियों से बैरिकेडिंग हटाने और काफिला को आगे बढ़ने देने की मांग कर रहते रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संभल में अगर सबकुछ सही है, तो फिर बॉर्डर पर पुलिस का पहरा क्यों है? हमें क्यों रोका जा रहा है। वहीं राहुल गांधी संभल जाने पर अड़े हुए हैं।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने काइलैक रेंज में आकर्षक कीमतों की घोषणा की; बुकिंग शुरू



**जमशेदपुर :** कार के प्रति विशेष रुझान रखने वालों के लिए खुशखबरी है। स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी नई सब-4 मीटर एसयूवी काइलैक को लॉन्च कर इस सेगमेंट में पहली बार कदम रखा है। काइलैक चार वैरिएंट्स में उपलब्ध होगी- क्लासिक, सिग्नेचर, सिग्नेचर+ और प्रेस्टीज। इसकी शुरूआती कीमत 7.89 लाख रुपए है, जबकि टॉप मॉडल काइलैक प्रेस्टीज एटी की कीमत 14.40 लाख रुपए होगी। ग्राहकों के लिए एक खास ऑफर में, पहले 33,333 ग्राहकों को 3 साल का स्टैंडर्ड मेंटेनेंस पैकेज (एसएमपी) मुफ्त मिलेगा। काइलैक के लिए बुकिंग शुरू हो चुकी है, और डिलीवरी 27 जनवरी, 2025 से शुरू होगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र जेनेबा ने बताया कि नई स्कोडा काइलैक भारत में हमारे लिए एक नई शुरूआत का संकेत है। यह न सिर्फ स्कोडा के लिए, बल्कि पूरे सेगमेंट के लिए एक गेम-चेंजर साबित होगी। यह भारतीय सड़कों पर यूरोप की उन्नत तकनीक को लोकप्रिय बनाएगी और हमारे ग्राहकों के अनुभव को और बेहतर बनाएगी। खास बात यह है कि हम पहले 33,333 ग्राहकों के लिए सेगमेंट में सबसे बेहतर स्वामित्व अनुभव दे रहे हैं। लॉन्च के समय काइलैक दो ट्रांसमिशन, चार वैरिएंट्स और सात रंगों के विकल्प के साथ उपलब्ध होगी। यह हाई परफॉर्मेंस, कुशल और विश्वसनीय 1.0 टीएसआई इंजन द्वारा संचालित है, जो 85 केडब्ल्यू की पॉवर और 178 एनएम का टॉर्क पैदा करता है, जिसमें छह-स्पीड मैनुअल या छह-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक का विकल्प है। क्लासिक वैरिएंट में ग्राहकों को छह एयरबैग और 25 से अधिक एक्टिव और पैसिव फीचर्स मानक के रूप में मिलते हैं। एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, स्टीयरिंग व्हील के लिए टिल्ट और रीच एडजस्टमेंट, सभी पांच सीटों के लिए हेड रेस्ट्रेंट और थ्री-पॉइंट सीट बेल्ट, इलेक्ट्रिक मिरर, रियर पार्क डिस्टेंस कंट्रोल, ड्राइवर का डेड पेडल, ऑटोमैटिक स्पीड सेंसिटिव सेंट्रल लॉकिंग और फुल एलईडी लाइटिंग जैसी सेफ्टी फीचर्स अन्य फीचर्स के साथ मानक फीचर्स के तौर पर मिलते हैं। काइलैक का सिग्नेचर वैरिएंट टायर प्रेशर मॉनिटरिंग, क्रूज कंट्रोल, आर16 अलॉय, वायर्ड एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले, कूल्ड ग्लोवबॉक्स, यूएसबी-सी सॉकेट, 17.7 सेमी (7 इंच) स्कोडा टच इंफोटेनमेंट सिस्टम, मल्टीफंक्शनल स्टीयरिंग व्हील, एडजस्टेबल रियर एसी वेंट और बहुत सारे फीचर्स के साथ आता है। सिग्नेचर+ वैरिएंट में वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले, 25.6 सेमी (10.1-इंच) स्कोडा टच इंफोटेनमेंट सिस्टम और ड्राइवर के लिए 20.32 सेमी (8-इंच) वर्चुअल कॉकपिट शामिल हैं।

## एक झलक

### नामीबिया की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी नेतुम्बो नंदी

**विंडहॉक** : दक्षिणी अफ्रीका के महत्वपूर्ण देश नामीबिया के पांचवें राष्ट्रपति के चुनाव में स्वैपो पार्टी की उपाध्यक्ष नेतुम्बो नंदी-नदैतवा ने इतिहास रच दिया। वह देश की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी।द नामीबियन अखबार के अनुसार, नामीबिया चुनाव आयोग (ईसीएन) के कमिश्नर एल्सी नघिकेमबुआ ने मंगलवार शाम उनके निर्वाचित होने की घोषणा की। उन्होंने 638,560 वोटों के साथ जीत हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी इंडिपेंडेंट पैट्रियट्स फॉर चेंज (आईपीसी) के नेता पांडुलेनी इटुला को 284,186 मत मिले। नघिकेमबुआ ने कहा कि चुनाव में 15 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। उन्होंने घोषणा की कि नंदी-नदैतवा को विधिवत नामीबिया का राष्ट्रपति चुना गया है। विपक्षी नेता जॉब अमुपांडा को छोड़कर विपक्ष के बाकी नेताओं ने चुनाव परिणाम स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

### मार्शल लॉ पर सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं की बगावत

**सियोल** : दक्षिण कोरिया में इस समय राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है। मार्शल लॉ लगाने के ऐलान और फिर फैसले से यूटर्न के बाद से राष्ट्रपति को लोगों के गुस्से का भी सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उनके धुर विरोधी डेमोक्रेटिक पार्टी ने ही नहीं सत्तारूढ़ पार्टी के कई सदस्यों ने बगावत का रुख अपना लिया है। कई इस्तीफा दे चुके हैं। खुद राष्ट्रपति पर भी महाभियोग की तलवार लटक रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति यून सुक योल के चीफ ऑफ स्टाफ सहित कैबिनेट के कई शीर्ष नेताओं ने इस्तीफा दे दिया है। बताया जा रहा है कि कैबिनेट के 12 मंत्री इस्तीफा दे चुके हैं। कई अन्य शीर्ष नेताओं ने भी इस्तीफे की पेशकश की है।

### बंधकों को लेकर ट्रंप ने हमास को चेताया

**वाशिंगटन** : अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने किसी विशेष समूह का नाम न लेते हुए कहा, 20 जनवरी, 2025 - जिस दिन मैं गर्व से संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण करूंगा - यदि उससे पहले बंधकों को रिहा नहीं किया जाता है, तो मध्य पूर्व में इन अत्याचारों को अंजाम देने वालों को बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। हालांकि, हालिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमास ने गाजा पट्टी में 33 इजरायली बंधकों की हत्या का दावा किया है, जबकि कुछ अन्य अभी भी लापता हैं।

### भारत को 'प्रयोगशाला' बताने पर घिरे गेट्स

**वाशिंगटन** : माइक्रोसॉफ्ट के सह संस्थापक बिल गेट्स के बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है। विशेष कर भारतीय टिप्पणीकार उन पर भड़के हुए हैं। हाल ही में इंटरनेट उद्यमी, पूंजीपति और पॉडकास्टर रीड हॉफमैन के पॉडकास्ट में प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गज गेट्स ने यह कहकर चौंका दिया था कि 'भारत कुछ भी आजमाने के लिए प्रयोगशाला' है। अपनी टिप्पणियों से गेट्स का इरादा दरअसल वैश्विक विकास यात्रा में भारत की भूमिका को रेखांकित करना था, लेकिन इन्होंने सोशल मीडिया पर बवंडर खड़ा कर दिया और लोगों ने उन्हें शब्दों के चयन को लेकर आड़े हाथ लिया।

# बीएपीएस कार्यकर स्वर्ण महोत्सव 07 को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में, 30 देशों के एक लाख कार्यकर्ता जुटेंगे

एजेंसी

**अहमदाबाद** : बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण (बीएपीएस) संस्था के प्रमुखस्वामी महाराज की जन्मजयंती के दिन 7 दिसंबर को अहमदाबाद में स्थित नरेन्द्र मोदी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सेवा और समर्पण के रूप में बीएपीएस कार्यकर स्वर्ण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बीएपीएस के आध्यात्मिक प्रमुख और गुरुहरि महंत स्वामी महाराज के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्य के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल मौजूद रहेंगे। इसके अलावा 30 देशों के कार्यकर की मौजूदगी में दो हजार से अधिक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। सेवा व समर्पण के बीएपीएस कार्यकर स्वर्ण महोत्सव की विस्तृत जानकारी देते हुए अक्षरधाम मंदिर स्थित बीएपीएस रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहायक निदेशक साधु ज्ञानानंद स्वामी ने बताया कि अहमदाबाद के विश्व के सबसे बड़े नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में सेवा और समर्पण का विश्व का सबसे बड़ा उत्सव 'बीएपीएस कार्यकर स्वर्ण महोत्सव 7 दिसंबर को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1972 में ब्रह्मस्वरूप प्रमुखस्वामी महाराज के स्थापित इस संस्था का स्वर्ण महोत्सव इसी जनवरी 2024 में सूरत में शुरू हुआ था, अब इसका समापन 7 दिसंबर को अहमदाबाद में होगा। इसमें विभिन्न बीएपीएस केंद्रों के उन कार्यकताओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया है, जिन्होंने युद्धरत यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों को निकालने से लेकर देशभर में विभिन्न जगहों पर भूकंप व सुनामी के दौरान लोगों को बचाकर मानवता की सेवा की है। उन्होंने बताया कि इस स्टेडियम में केवल एक लाख बीएपीएस कार्यकताओं को ही जगह मिलेगी। इसके लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। आगंतुकों के लिए रिवरफ्रंट और स्टेडियम के प्रवेश द्वारों के पास 1,300 बसों और हजारों वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जिसका ट्रैफिक प्रबंधन स्वयंसेवक ही संभालेंगे। उन्होंने बताया कि बीएपीएस के स्वयंसेवकों ने गांधीनगर, दिल्ली और रॉबिंसविल (अमेरिका) में स्वामीनारायण अक्षरधाम और हाल ही में प्रतिष्ठित अबू धाबी मंदिर सहित देश विदेश में 1,800 से अधिक मंदिरों के निर्माण में योगदान दिया। बीएपीएस कार्यकताओं ने कोविड-19 के अतिरिक्त, भूकंप, बाढ़, सुनामी, और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान 25 गांवों को पुनः बसाने और 75 स्कूलों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



- केन्द्रीय गृह मंत्री और मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल होंगे शामिल
- दो हजार से अधिक कलाकार पेश करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

# भारतीय नौसेना ने ऑपरेशनल डेमो में दिखायी समुद्री ताकत

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय नौसेना ने बुधवार को नौसेना दिवस पर ओडिशा में पुरी के ब्लू फ्लैग बीच पर ऑपरेशनल प्रदर्शन (ऑप डेमो) के माध्यम से अपनी ऑपरेशनल शक्ति का प्रदर्शन किया। भारतीय सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के समक्ष हुए ऑपरेशन डेमो के लिए 3500 से अधिक कर्मियों को समुद्र में प्लेटफॉर्म पर तैनात किया गया और 350 कर्मी तट पर समन्वय में शामिल हुए। राष्ट्रपति मुर्मु को पहुंचने पर सबसे पहले गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उन्होंने नौसेना बैंड की मधुर ध्वनि के बीच परेड का निरीक्षण किया, जिसके बाद उन्हें सलामी दी गई।

राष्ट्रपति के मंच पर पहुंचने के बाद हवाक एयरक्राफ्ट से बमबारी का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद चेतक हेलीकॉप्टरों ने आसमान में नौसेना का ध्वज फहराकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की। इसके बाद मार्कोस कमांडो ने एडवांस लाइट हेलीकॉप्टरों से समुद्र में उतरकर तट पर दुश्मनों की चौकी को नष्ट करके बंधक को छुड़ाने का प्रदर्शन करके बंधक को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। मरीन कमांडो ऑपरेशन पूरा करने के बाद रस्सी की सहायता से हेलीकॉप्टरों पर सवार होकर लौट गए। इसके बाद एरियल, मार्कोस, एम्फीबियस, डेमो, सबमरीन सेल पास्ट, एरियल और सरफेस फायरिंग का भी प्रदर्शन किया गया। नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने बताया कि ऑपरेशन डेमो में 90 हजार टन के संयुक्त भार वाली इकाइयां शामिल हुईं, जिनके पास 300 किलोमीटर के दायरे में सतह, उप-सतह या हवा से आने वाले किसी भी खतरे को बेअसर करने की क्षमता वाले हथियार और सेंसर थे। यह दूसरी बार है, जब किसी बड़े नौसैनिक स्टेशन के अलावा किसी अन्य समुद्री तट पर नौसेना दिवस मनाया गया है।

पिछले साल नौसेना दिवस पर भारत के पश्चिमी समुद्र तट पर सिंधुदुर्ग किले में जहाजों और विमानों के जरिये 'ऑपरेशनल प्रदर्शन' करके भारत के परिचालन कौशल और क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया था। नौसेना दिवस समारोह में भारतीय नौसेना की स्वदेशी अत्याधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया गया, जो भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाने का माध्यम था।

इसके अलावा नौसेना ने क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) के दृष्टिकोण से निर्देशित हिंद महासागर क्षेत्र में 'पसंदीदा सुरक्षा साझेदार और प्रथम प्रतिक्रिया' बनने का संकल्प भी लिया। सागर परिक्रमा पर निकलीं आईएनएसवी तारिणी पर सवार लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए ने नौसेना के दक्षिणी प्लेटफॉर्म दक्षिणी महासागर से हर भारतीय को नौसेना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

■ नौसेना बैंड की मधुर ध्वनि के बीच सलामी के बाद राष्ट्रपति ने किया परेड का निरीक्षण



## समुद्री संबंधों के लिए प्रसिद्ध था प्राचीन ओडिशा

**भारतीय** नौसेना पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध के दौरान कराची बंदरगाह पर नौसेना के दुस्साहसिक हमले 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' की याद में 04 दिसंबर को नौसेना दिवस मनाती है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने इस अवसर पर कहा कि नौसेना ओडिशा के साथ ऐतिहासिक और रणनीतिक संबंध साझा करती है। प्राचीन ओडिशा अपने व्यापक समुद्री संबंधों के लिए प्रसिद्ध था, जो इसकी पहचान और समृद्धि के लिए थे। ओडिशा एक प्रमुख समुद्री शक्ति थी, जिसकी बंगाल की खाड़ी में विदेशी व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की समृद्ध परंपरा थी। ओडिशा के व्यापारी और नाविक लंबी यात्राओं पर निकलते थे, जिससे दूर-दूर के देशों के साथ संबंध बनते थे।

# नोएडा आ रहे किसान नेता राकेश टिकैत को पुलिस ने अलीगढ़ के टप्पल में रोका

एजेंसी

**गौतमबुद्ध नगर** : विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत किसानों की मंगलवार को गिरफ्तारी के बाद आंदोलन और तेज होता दिख रहा है। पूर्व घोषित महापंचायत में शामिल होने बुधवार को गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा के लिए निकले भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत को पुलिस ने अलीगढ़ जिले के टप्पल में ही रोक लिया गया। पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया है। किसान आंदोलन के मद्देनजर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं।

राकेश टिकैत ने मीडियाकर्मियों से कहा कि आज शाम तक सरकार ने यदि कोई हल नहीं निकाला तो यह आंदोलन और तेज होगा। किसान आरपार की लड़ाई लड़ेगा। इसी बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें राकेश टिकैत भागते हुए दिख रहे हैं और उनके पीछे-पीछे पुलिस दौड़ती हुई दिख रही है। इस संबंध में पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि टप्पल में हिरासत में लिए जाने के बाद राकेश टिकैत चकमा देकर भाग गए थे, लेकिन उनको फिर हिरासत में ले लिया गया है।

नोएडा ग्रेटर-नोएडा एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण से संबंधित किसानों की मांगों को लेकर पिछले कई दिन से किसान आंदोलन कर रहे हैं। इस बीच कई दौर की वार्ता भी अधिकारियों के साथ किसान संगठनों की हो चुकी है, जो बेनतीजा साबित हुई है। किसानों ने सोमवार को बड़ी संख्या में दिल्ली की ओर बढ़ने का प्रयास किया था लेकिन उन्हें रास्ते में ही रोक लिया गया था। इसके बाद अधिकारियों और किसान संगठनों में वार्ता हुई, जिसमें किसानों ने प्रशासन को 7 दिन का समय दिया था। किसान संगठनों का कहना था कि यदि 7 दिन के अंदर कोई समाधान नहीं निकला तो किसान एक बार फिर दिल्ली कूच करेंगे।



## विदेश मंत्री ने भारत-चीन संबंधों से कराया अवगत

**नयी दिल्ली** : विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने बुधवार को राज्यसभा को भारत-चीन संबंधों में हाल के घटनाक्रम और पृष्ठभूमि से अवगत कराया। कल उन्होंने इसी संबंध में लोकसभा में भी अपना वक्तव्य पढ़ा था। विदेश मंत्री ने बताया कि 2020 में चीन की तरफ से एक तरफ की गई कार्रवाई के कारण पूर्वी लद्दाख के क्षेत्र में शांति और अमन-चैन प्रभावित हुआ था। हमारे लगातार राजनयिक प्रयासों के चलते दोनों देशों के संबंधों में कुछ सुधार हुआ है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिंगपिंग की मुलाकात और उससे जुड़े घटनाक्रम की भी जानकारी दी।

## डीआरआई ने निजी बस में छापा मार कर 16 किलो एमडी ड्रग्स जब्त किया

एजेंसी

**मुंबई** : राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने मुंबई में हैदराबाद से आ रही निजी बस में छापा मारकर 16 किलोग्राम एमडी ड्रग्स और 1.93 करोड़ रुपये कैश जब्त किया है। बरामद ड्रग्स की कीमत 24 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में डीआरआई ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। डीआरआई टीम इस मामले की गहन छानबीन कर रही है।

डीआरआई के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि उनकी टीम को हैदराबाद से मुंबई आ रही निजी बस में ड्रग आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी जानकारी के आधार पर उनकी टीम ने मंगलवार को मुंबई में संदिग्ध बस को रोककर छापा मारा गया। इस बस में सफर कर रहे 3 लोगों के सामान की तलाशी लेने पर तीनों के पास 24 करोड़ का सफेद पाउडर और 1.93 करोड़ रुपये कैश मिले। इस सफेद पाउडर की केमिकल जांच की गई तो इसकी पहचान एमडी ड्रग (मेफेड्रोन) के रुप में की गई।



# एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान की मेजबानी में 63वां वार्षिक सम्मेलन 05-07 दिसम्बर को

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय एयरोस्पेस मेडिसिन सोसायटी (आईएसएएम) बेंगलुरु के एयरोस्पेस मेडिसिन संस्थान (आईएएम) में अपना 63वां वार्षिक सम्मेलन 05 से 07 दिसंबर तक आयोजित कर रही है। सम्मेलन में सौ से अधिक वैज्ञानिक पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इस सम्मेलन का मकसद देश में एयरोस्पेस चिकित्सा अनुसंधान और नीति के भविष्य को आकार देना है। यह संस्थान देश के अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के मानवीय पहलुओं सहित सैन्य और नागरिक एयरोस्पेस चिकित्सा से संबंधित है। भारतीय एयरोस्पेस मेडिसिन सोसायटी को वर्ष 1952 में स्थापित किया गया था, जो भारत में एयरोस्पेस चिकित्सा के ज्ञान और अभ्यास को बढ़ावा देने के लिए पंजीकृत है। अनुसंधान को आगे बढ़ाने और एयरोमेडिकल चुनौतियों का समाधान खोजने के उद्देश्य से यह सोसायटीवर्ष 1954 से वार्षिक वैज्ञानिक सम्मेलन आयोजित कर रही है।

इस सम्मेलन का विषय 'अनुसंधान के लिए सहयोग' है, जो विमानन और अंतरिक्ष चिकित्सा के क्षेत्रों में साझेदारी और नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी दृष्टिकोण पर प्रकाश डालता है। यह सहयोग एयरोस्पेस चिकित्सा के क्षेत्र में सार्थक अनुसंधान और विकास को आगे बढ़ाने के लिए अंतःविषय सहयोग और सामूहिक समस्या समाधान की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर देता है।




■ सम्मेलन में एयरोस्पेस चिकित्सा अनुसंधान से सम्बंधित सौ से अधिक वैज्ञानिक पत्र पेश होंगे

## समरसता महायज्ञ व राम खिचड़ी सहभोज करेगी विहिप

**लखनऊ** : सामाजिक विषमता व छुआछूत मिटाने के लिए विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) दलित बस्तियों में मकर संक्रान्ति के अवसर पर समरसता महायज्ञ व राम खिचड़ी सहभोज का आयोजन करेगी। जनवरी माह में सेवा बस्तियों में संतों की पदयात्राएं व समरसता संगोष्ठी भी होगी। यह जानकारी विश्व हिन्दू परिषद् के केन्द्रीय मंत्री व सामाजिक समरसता अभियान के केन्द्रीय प्रमुख देवजी भाई रावत ने दी। देवजी भाई रावत ने बताया कि 'समरस समाज समर्थ भारत' संदेश को लेकर सामाजिक समरसता अभियान की ओर से समरसता यात्राएं निकाली जा रही हैं। यात्राओं का उद्देश्य समाज में सामाजिक समरसता निर्माण करना है। इसका शुभारम्भ भोपाल से हो चुका है।

# प्रियंका 2025 में बॉलीवुड में वापसी को तैयार

**मुम्बई** : बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा भले ही सात समंदर पार चली गई हों, लेकिन वह हमेशा अपने देश से जुड़ी रहती हैं। प्रियंका पिछले कई दिनों से हॉलीवुड फिल्में और सीरीज कर रही हैं, लेकिन अब प्रियंका का बॉलीवुड में कमबैक को लेकर एक अपडेट आया है। काफी समय से प्रियंका की वापसी की खबरें आ रही थीं, लेकिन अब प्रियंका ने बॉलीवुड में वापसी की पुष्टि कर दी है। पिछले कई दिनों से प्रियंका चोपड़ा किसी भी बॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आई हैं। आखिरी बार वह फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में नजर आई थीं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी। इसके बाद से प्रियंका हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। प्रियंका चोपड़ा मीडिया से बात करते हुए उन्होंने इशारा किया कि वह 2025 में बॉलीवुड में वापसी करेंगी। उन्होंने कहा, 'मैं मजाक नहीं कर रही हूं, मैं यहां कई फिल्म निर्माताओं से मिली, स्क्रिप्ट पढ़ी। मैं हिंदी में कुछ करना चाहती हूं, मैं इसकी तलाश में हूं। यह साल मेरे लिए काफी व्यस्त रहा है।' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके पास फैंस के लिए कुछ खास है। प्रियंका चोपड़ा फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' से कमबैक करने वाली थीं। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ मुख्य भूमिका में थीं। लेकिन, इस फिल्म में देरी हो रही है। जब प्रियंका से 'जी ले जरा' के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'आपको इस बारे में एक्सेल (फरहान अख्तर का प्रोडक्शन हाउस) से बात करनी होगी।' इस बीच, प्रियंका जल्द ही 'हेड्स ऑफ स्टेट' और 'द ब्लफ' में नजर आएंगी।



# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में राज्य में कई स्थानों पर प्रदर्शन

एजेंसी

**भोपाल/इंदौर** : बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बुधवार को इंदौर और भोपाल में जबरदस्त प्रदर्शन हुआ। जुलूस में हिंदूवादी संगठन, धार्मिक व सामाजिक संगठनों के अलावा आमजन और व्यापारी समेत सभी वर्ग के लोग शामिल हो अपना विरोध जताया। इन प्रदर्शनों में साहित्यकार, शिक्षक, सेना के पूर्व कमांडर, सेवानिवृत्त अफसर, डॉक्टर, प्रोफेशनल भी शामिल हुए।

इंदौर में बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही घटनाओं के विरोध में आक्रोश रैली निकाल गई, जिसमें लाखों लोग शामिल हुए। सुबह करीब 10 बजे सभी हिंदू समाज के लोग, संघ के वैचारिक संगठन के लोग, स्वयंसेवक, भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी संगठन के लोग लालबाग परिसर में एकजुट हुए। यहां से शुरू हुई आक्रोश रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची और कलेक्टर आशीष सिंह को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान रैली में संघ की ओर से ढाई लाख से लोगों के शामिल होने का दावा किया गया। शहर के सभी बाजार ने आधे दिन बंद रखने का समर्थन किया है। बड़ी संख्या में साधु-संत रैली में शामिल हुए हैं। ज्ञापन देने के बाद कलक्ट्रेट चौराहे परजनसभा भी हुई।

प्रदर्शन में शामिल पूर्व मंत्री व विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि सनातनी देश भक्त हिंदू समाज ने संदेश दिया है कि जिहादियों अपनी मयार्दा में रहो। वरना ईंट से ईंट बजाना भारत जानता है। रैली में शामिल होने पहुंचे जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे हिदुओं पर अत्याचार हम सहन नहीं करेंगे। इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए अहिल्यानगरी में जनसैलाब सड़कों पर उतरा है। विधायक रमेश मेंदोला ने कहा कि धर्म जीवन का आधार है। इसी आधार पर मानवता टिकी है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर जो अत्याचार हो रहा है, वहां की सरकार के खिलाफ भारत का हिंदू सड़क पर उतरा है।



## नवअधिकार की बात करनेवाले लोग कहां हैं

**कलेक्टर** चौराहे पर जनसभा में मुख्य वक्ता खगेन्द्र भार्गव ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि यहां रैली करने से क्या होगा। यहां रैली करने से बांग्लादेश में सांत्वना उठेगी, अब इंग्लैंड की संसद में भी हिन्दू अत्याचार की मांग उठने लगी है। जहां-जहां हिन्दू है वहां अब आवाज उठेगी, हिन्दू अत्याचार नहीं सहेगा। जैसा तिरंगा और भगवा यहां लहरा रहा है, वैसा ही वहां होगा। भार्गव ने कहा कि कोई अखलाख मरता है, कश्मीर में आतंकवादी मरता है, तो मानव अधिकार आयोग आ जाता है। कसाब और अन्य आतंकवादी पर आंसू बहाने वाले मानव अधिकार के लोग कहां हैं।

भोपाल में भी डिपो चौराहे पर जुटे हजारों लोग

भोपाल में भी बुधवार को सकल हिंदू समाज के आह्वान पर बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही घटनाओं के विरोध में हजारों लोगों ने प्रदर्शन कर डिपो चौराहे पर धरना दिया। दोपहर करीब दो बजे से भारत माता चौराहा पर लोगों के भारी भीड़ एकत्र हो गई। यहां भगवा ध्वज थामे लोग जय जय श्रीराम के जयकारे लगाते दिखे। धरना स्थल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवानदास सबनानी, भाजपा जिलाध्यक्ष समित पचौरी, पूर्व विधायक ध्रुव नारायण सिंह, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, सुरेश पचौरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।धरना प्रदर्शन के दौरान भोपाल के बाजार आधे दिन बंद रहे। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में व्यापारी भी सड़क पर उतरेंगे। कृषि उपज मंडी में व्यापारी अनाज की खरीदी नहीं करेंगे। वहीं, भोपाल का थोक दवा बाजार भी पूरी तरह से बंद कर प्रदर्शन में शामिल हुए।भोपाल में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने भी मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे।